www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

05 मार्च, 2025
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 136

ये सफर आसान नहीं, पर हौसले बुलंद हैं : हेमलाल मुर्मू



माह-ए-रमजान
इफ्तार 5:56 शाम बुधवार
सेहरी 4:53 सुबह गुरूवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## दुखद : धान बेच जमा किये थे 68 हजार रुपये

# साइबर ठगी के शिकार गुमला के किसान मोरहा ने की आत्महत्या

- खून-पसीने की कमाई को उड़ा लिया ठगों ने

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला में एक किसान ने आत्महत्या कर ली। कहा जा रहा है कि किसान साइबर ठगी का शिकार हो गया था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। आत्महत्या करने से पहले उसने एक पर्ची भी लिखा है। पर्ची में उसने अपने भाई और परिजनों से माफी मांगी है। मृतक की पहचान 55 साल के मोरहा उरांव के रूप में हुई है। वह सदर थाना क्षेत्र के अरमई गांव का रहने वाला था। उसने अपने घर के पीछे आम के पेड़ पर फांसी लगा ली।

**धान बेचकर कमाये 68 हजार :** मृतक के परिजनों ने बताया कि मोरहा उरांव की करीब 15 साल पहले कोयनारा में शादी हुई थी। उसे कोई संतान नहीं हुई। तब उसने एक बेटी को गोद लिया था। बच्ची की परवरिश और पढ़ाई की चिंता भी उसे सता रही थी। मोरहा उरांव का पूरा परिवार खेती पर निर्भर था। धान बेच कर जो पैसे उसे मिले थे, वही उसकी जमा-पूंजी थी। पिछले दिनों मोरहा ने टैसेरा राइस मिल में धान बेची थी। इससे उसे 68 हजार रुपये मिले थे। कुछ दिन पहले साइबर अपराधियों ने उससे यह पूरी रकम ठग ली। इस घटना के बाद से वह मानसिक तनाव में था।

**घर में नहीं बतायी थी ठगी की बात :** जानकारी के मुताबिक मोरहा उरांव सात्विक विचार का टाना भगत परिवार में से संबंध रखने वाला था। पड़ोस में उसका भाई परिवार संग रहता था। साइबर ठगी होने की बात का उसने परिवार में कभी किसी से जिक्र नहीं किया था। परिजन जब मंगलवार की सुबह उठे, तो उसे घर में नहीं देखकर खोजबीन की। इसी दौरान उसे घर के पीछे आम के पेड़ के सहारे फांसी पर लटका पाया। इसकी सूचना गुमला पुलिस को दी गयी।



### मोहरा उरांव की जेब में मिली पर्ची

मरने से पहले उसने एक पर्ची लिखी थी, जो उसकी जेब से बरामद हुई। उसमें लिखा है, 'साइबर ठगी का शिकार, भाई जगना, प्यारी झिमी क्षमा करना, मोबाइल में मैसेज देखना, समझ जाना,- मोरहा उरांव'। एएसआइ अरविंद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस हर बिंदु पर बारीकी से छानबीन कर रही है।

# राज्य सरकारें सस्ता इलाज देने में नाकाम: सुप्रीम कोर्ट

- कोर्ट ने केंद्र सरकार को जरूरी गाइडलाइन बनाने का दिया निर्देश
- कहा : राज्य सरकारें प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगायी गयी थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाये। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाये।

जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने इस पर सुनवाई की। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध करायें, ताकि मरीजों का शोषण न हो। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां, जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनाने को कहा, जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें।



## न्यूज रील्स

### नीतीश और तेजस्वी में हुई नोकझोंक

पटना। बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच तीखी बयानबाजी हुई। मुख्यमंत्री ने तेजस्वी की ओर देखते हुए कहा कि ये बच्चा है, इसे कुछ नहीं पता। 2005 के पहले कुछ नहीं था। तुम्हारे पिता (लालू) को भी हमने ही बनाया है। इससे पहले तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार खटारा, सिस्टम नकारा, सीएम थका-हारा, आम आदमी मारा-मारा। तेजस्वी ने अपने पिता लालू के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनायीं। सदन में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और तेजस्वी के बीच भी तीखी बहस हुई।

### महाराष्ट्र के मंत्री मुंडे का इस्तीफा

मुंबई। महाराष्ट्र के बीड में सरपंच हत्या मामले में एनसीपी अजित पवार गुट के विधायक और मंत्री धनंजय मुंडे ने इस्तीफा सौंप दिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री । देवेंद्र फडणवीस ने मुंडे से इस्तीफा मांगा था। उन्होंने इसके लिए एनसीपी प्रमुख अजित पवार और पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल से भी बातचीत की थी। मुंडे महाराष्ट्र सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री थे। आरोप है कि बीड में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में मुंडे के करीबी वाल्मीक कराड का हाथ है। एसआइटी ने कराड को हत्या का मास्टरमाइंड बताया है। हत्या से जुड़ी तस्वीरें अब सामने आयी हैं। इसमें आरोपी लाठी-डंडों से सरपंच को पीटते दिख रहे हैं। उन्होंने सरपंच के कपड़े उतारे, उन पर पेशाब की। आरोपियों ने ये सभी वीडियो फोन से रिकॉर्ड किये थे।

### बुच पर केस दर्ज करने से लगी रोक

नयी दिल्ली। सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच समेत छह अधिकारियों पर एफआइआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश पर बांबे हाइकोर्ट ने मंगलवार को रोक लगा दी। बुच ने स्पेशल कोर्ट के इस आदेश को हाइकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर जस्टिस एसजी डिगे ने सुनवाई की। हाइकोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। सभी पक्षों को सुनने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीश ने विस्तार में गये बिना और आवेदकों को उनकी भूमिका बताये बिना आदेश पारित कर दिया है। इसलिए आदेश पर रोक लगा दी।

# ऑस्ट्रेलिया को हरा कर टीम इंडिया पहुंची चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में

- ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से सेमीफाइनल में हराया
- चेज मास्टर कोहली ने 84 रन बनाये

एजेंसी

**दुबई।** टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बने विराट कोहली। उन्होंने 84 रन की बेहद अहम पारी खेली। दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गये सेमीफाइनल में कोहली ने रन चेज में तीन बड़ी साझेदारियां भी कीं। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ 91, अक्षर पटेल के साथ 44 और केएल राहुल के साथ 47 रन जोड़े। इन्हीं पार्टनरशिप ने रन चेज को आसान बनाया। आखिर में हार्दिक पंड्या ने तेजी से 28 रन बनाये और केएल राहुल ने छक्का मारकर जीत दिलायी। वे 42 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाये। इंडियन बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर दिया। मोहम्मद शमी ने तीन, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये।



विराट कोहली ने करियर की 74वीं फिफ्टी पूरी की है।

### केएल राहुल ने छक्के से जिताया

केएल राहुल ने ग्लेन मैक्सवेल की बॉल पर छक्का मार कर टीम इंडिया को जीत दिलायी। टीम इंडिया ने 48.1 ओवर में 6 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया।

### भारत ने लिया हार का बदला

ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत ने 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। भारतीय टीम टूनार्मेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। यह लगातार तीसरी बार है, जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आइसीसी टूनार्मेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है।

### आज होगा दूसरा सेमीफाइनल

चैंपियंस ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को खेला जायेगा। जानकारी के अनुसार कीवी टीम ने अपने ग्रुप चरण के दो मैच जीतते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया। दोनों में जो भी टीम जीतेगी, वह भारत के साथ फाइनल खेलगी। फाइनल मुकाबला 9 मार्च को होगा।

## गिरिडीह में झामुमो का 52वां स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# कल्पना सोरेन बोलते-बोलते हुईं भावुक

- 2024 में यहीं से सक्रिय राजनीति में रखा था कदम
- कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन भी थे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह में झामुमो के 52वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में कल्पना सोरेन लोगों को संबोधित करते हुए एक बार फिर भावुक हो गयी। झंडा मैदान में हो रहे कार्यक्रम में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन 4 मार्च 2024 को याद करते हुए रोने लगी थीं। पिछले साल इसी मंच पर कल्पना सोरेन ने अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी। उस समय भी कल्पना सोरेन अपने पति हेमंत सोरेन को याद करते हुए भावुक हो गयी थी। स्थापना दिवस कार्यक्रम झंडा मैदान में आयोजित किया गया था। उस समय हेमंत सोरेन जेल में बंद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद थे।

**एक साल पहले की बात को किया याद :** कल्पना सोरेन ने कहा कि ये वही मंच है, जहां एक साल पहले आपने मुझे रोते हुए देखा था। ये वहीं मंच था, जहां हमारे सभी लोग बड़े बुजुर्ग थे, लेकिन एक व्यक्ति नहीं था, वो व्यक्ति था आपका बेटा हेमंत सोरेन। आज आप लोगों के साथ में इस मंच से जिस तरह से आपने मेरा जोश बढ़ाया है, मुझे ताकत दी है आपने आंसू को पोछने का काम किया है, उसके लिए मैं तहेदिल से आपको शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। मैं आपका आभार प्रकट करना चाहती हूं।

**आज ही के दिन मेरा बड़ा परिवार बना था :** कल्पना ने कहा कि ये सिर्फ एक बार की बात नहीं है। घर का अभिभावक अगर घर में न हो, तो परिवार क्या करता है। परिवार एक साथ एकजुट होकर अपने उस नहीं रहने वाले उस सदस्य की कमी को पूरा करता है। पिछले साल आज ही के दिन, आज की तारीख में मेरा बड़ा परिवार बनकर मुझे मजबूत किया था। ये एहसास नहीं होने दिया था कि हेमंत सोरेन यहां मौजूद नहीं थे। उस समय हम लोगों ने नारा दिया था कि जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा। जेल का ताला भी टूट गया और हेमंत सोरेन भी छूट गया। उसके साथ हमारे लाखों कार्यकर्ता जो अपने खून-पसीने से पार्टी को सींचते आ रहे है, उन्होंने कल्पना सोरेन को कभी महसूस नहीं होने दिया कि वो इस परिवार की नयी सदस्य हैं। इस परिवार की बहू को, झारखंड की बहू को, आपने बेटी की तरह नवाजा है, जिसके लिए मैं तहेदिल से आप सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं। कल्पना सोरेन ऋणी है गांडेय, गिरिडीह और झारखंड की जनता का, जिसने इतना प्यार, इतना सम्मान मुझे दिया। ये बातें करते-करते कल्पना भावुक हो गयीं।

**अबुआ सरकार आपके लिए प्रतिबद्ध :** कल्पना सोरेन ने आगे कहा कि आज उस पल को महसूस करके जब आपके दादा आपके नेता आपके साथ नहीं हैं, यही आवाज, यही गूंज, यही ताकत, उस दिन जब आप लोगों ने प्रण लिया था कि अगर झारखंड में किसी कर सरकार बनेगी, तो वो आप लोगों की सरकार रहेगी। ये राज्य आदिवासी, गरीब-गुरबा, मजदूर, अल्पसंख्यक हमारे उन सभी की आवाज बुलंद करने का संकल्प हमारे हेमंत सोरेनजी ने लिया है। इसलिए ये अबुआ सरकार आपके लिए प्रतिबद्ध है। उस हरेक काम के लिए जो हमने चुनाव के समय प्रण लिया था।

**बजट में आपसे किये वादे को पूरा किया गया :** कल्पना सोरेन के कहा कि अभी हाल ही में हमारा बजट भी आया है। उस बजट के लिए मैं हेमंत सोरेन को बहुत धन्यवाद करना चाहूंगी। उन्होंने जो जनता के साथ वादा किया था, उसे पूरा किया है। इस बजट ने आप लोगों को उम्मीद दी है, ताकत दी है। झारखंड को जो पीछे ढकेलने की कोशिश की है, हम लोग स्पीड से आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। जो हम लोगों ने वादा किया है, उसे पूरा करने की कोशिश करेंगे।

**कार्यक्रम में थे मौजूद :** कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद, पार्टी के केंद्रीय सचिव विनोद पांडेय, पूर्व मंत्री बेबी देवी, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, पूर्व विधायक केदार हाजरा, झामुमो नेता प्रणव वर्मा, जिला अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव महालाल सोरेन, झामुमो नेता कृष्ण मुरारी शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से संथाली नृत्य के साथ किया गया। इसके बाद अतिथियों ने महापुरुषों के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की।




### अबुआ सरकार विकास के लिए तत्पर: हेमंत

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को संबोधित करते हउए कहा कि जनता जनार्दन से हमारी सरकार ने जो भी वादा किया था उसे पूरा किया जायेगा। युवा किसान माता बहन सभी को ध्यान में रखते हुए अबुआ सरकार विकास करने के लिए तत्पर है। इस मौके पर मुख्यमंत्री का मुकुट पहना कर स्वागत किया गया। वहीं, कल्पना सोरेन के राजनीतिक जीवन का एक साल पूर्ण करने की खुशी में हेमंत और कल्पना ने केक काटकर खुशियां जाहिर किया।

# 'वनतारा' में पीएम मोदी ने सात घंटे बिताये

- शावक को दूध पिलाया, चिंपैंजी, हाथी, जिराफ और डॉल्फिन के साथ बिताये पल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते एक मार्च से तीन दिन तक गुजरात दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने रविवार को जामनगर में रिलायंस द्वारा संचालित पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया। इसके फोटो-वीडियो मंगलवार को सामने आये हैं। प्रधानमंत्री ने यहां सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक यानी सात घंटे बिताये। वनतारा के उद्घाटन के मौके पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, पत्नी नीता अंबानी, बेटा अनंत अंबानी और बहू राधिका मर्चेंट भी मौजूद रहे। अनंत अंबानी का यह ड्रीम प्रोजेक्ट वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र है। यह 2000 से अधिक प्रजातियों और 1.5 लाख से ज्यादा बचाये गये लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जानवरों का घर है।

मोदी ने वनतारा में वन्यजीव अस्पताल का दौरा किया और पशु-चिकित्सा की सुविधाएं देखीं। इसके अलावा उन्होंने एशियाई शेर और सफेद शेर के शावकों को अपने हाथों से खाना भी खिलाया। उन्होंने वनतारा की सफारी की और इसके बाद कई वन्यजीवों के साथ समय बिताया।



# 'मियां-तियां या पाकिस्तानी' कहना गलत, पर अपराध नहीं: सुप्रीम कोर्ट

- धार्मिक भावनाएं आहत करने जैसा भी नहीं, केस खारिज किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि किसी को 'मियां-तियां' या 'पाकिस्तानी' कहना अपराध नहीं है। यह भले ही गलत हो, लेकिन भारतीय दंड संहिता की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के अपराध के बराबर नहीं है। कोर्ट ने ये टिप्पणी करते हुए 80 साल के बुजुर्ग के खिलाफ दर्ज केस को खारिज कर दिया है। दरअसल, झारखंड के बोकारो जिले के 80 साल के हरि नारायण सिंह पर उर्दू ट्रांसलेटर मो. शमीमुद्दीन ने आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। शमीमुद्दीन का कहना था कि हरि नारायण सिंह ने मुझे 'मियां-तियां' और 'पाकिस्तानी' कहा। उनकी बातों से मेरी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसे लेकर शिकायत करते हुए मामला दर्ज कराया गया था। मामले में जिला कोर्ट से झारखंड हाइकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट तक सुनवाई हुई। साल 2021 से इस केस पर चल रही सुनवाई पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने अपना फैसला सुनाया।






# सियासत के हाशिये पर बसपा, दम तोड़ रहा हाथी छाप

## ■ कभी दलित राजनीति का फलसफा लिखा, आज विदाई गीत लिख रहीं मायावती

## ■ कमजोरियों को छिपाने के लिए ले रहीं अनाप-शनाप फैसले

## ■ चुनावों में हार ही हार और अपनों से तकरार, अब क्या करेंगी बहनजी

**आजाद सिपाही विशेष**

**कभी देश की दलित राजनीति का चेहरा रहीं बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती इन दिनों फिर चर्चा में हैं। दलित राजनीति के रथ पर सवार होकर वह यूपी की सत्ता और पार्टी, दोनों के शीर्ष तक पहुंचीं, लेकिन एक बार सत्ता से बाहर हुईं, तो तेजी से हाशिये पर पहुंच गयीं। सत्ता में थीं, तो मायावती दौलत पसंद बन गयीं। अपनी सारी नीतियों को उन्होंने दौलत बटोरने के ही इर्द-गिर्द केंद्रित कर दिया, जिससे दृढ़ स्वभाव की इस महिला नेत्री ने न केवल अकूत धन बटोरा, बल्कि अपनी पार्टी को भी खूब आगे बढ़ाया। लेकिन समय का चक्र ऐसा घुमा कि आज मायावती राजनीति के मैदान में उस मुकाम पर पहुंच गयी हैं, जहां से वह न तो खुद की वापसी करा सकती हैं और न ही उस बसपा को, जिसे कभी यूपी की सत्ता का मजबूत दावेदार माना जाता था। मायावती की राजनीति ने लोकतंत्र की उस अवधारणा को मजबूत किया है, जिसके अनुसार लोक से हट कर बनाया गया कोई भी तंत्र अंततः पराजित ही होता है। मायावती ने बसपा को उस मुकाम पर पहुंचा दिया है, जहां से अब उसकी कहानी का अंतिम अध्याय ही लिखा जाना बाकी है। क्या है मायावती और बहुजन समाज पार्टी के इस हश्र का कारण और भारतीय राजनीति पर इसका क्या हो सकता है प्रभाव, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

आम तौर पर माना जाता है कि किसी राजनीतिक ताकत का अंत एक या दो पीढ़ी में नहीं होता, लेकिन यदि नीतियां और फैसले उस ताकत के नेतृत्व में गलत होने लगे, तो उसका अंत नजदीक होता है। लोकतंत्र में तो यह और भी सही है। उदाहरण सामने है, बहुजन समाज पार्टी और उसकी सुप्रीमो मायावती के रूप में। बामसेफ नामक जिस संगठन ने देश की दलित राजनीति को एक मजबूत प्रशासनिक आधार दिया, बसपा ने दलित राजनीति का नया फलसफा लिखा, मायावती ने अपनी नीतियों और फैसलों से उनका भी विदाई गीत लिख दिया। बसपा की यह दुर्गति इसलिए हुई, क्योंकि मायावती में परिवार और पार्टी से आगे की सोच-समझ उनमें विकसित ही नहीं हो सकी। दरअसल, बसपा के संस्थापक कांशीराम की मेहनत से फली-फूली धुर ब्राह्मण विरोधी दलित पार्टी बसपा पर मायावती ने उनके जीते-जी ही अपना कब्जा जमा लिया और अपने सगे आनंद की मदद से निरंतर मजबूत होती चली गयीं, लेकिन जब से उन्होंने सत्ता प्राप्ति की गरज से ब्राह्मणों के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर विकसित किया, तब से उन्हें अप्रत्याशित राजनीतिक सफलता तो खूब मिली, लेकिन उनका मूल कैडर इधर-उधर छिटकने लगा।

### कोर समर्थक ही छिटकने लगे

इसके अलावा, जब से समाजवादी पार्टी प्रमुख मुलायम सिंह यादव से उनकी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा भाजपा नेताओं की शह पर तेज हुई, तब से दलित समर्थक ओबीसी भी उनसे छिटकने लगे। वहीं, भाजपा के समर्थन से सत्ता की राजनीति जबसे उन्होंने शुरू की, तब से मुस्लिम वोटर भी बसपा से दूरी बनाने लगे। हालांकि, सत्ता संतुलन के लिए उन्होंने सवर्णों, ओबीसी और अल्पसंख्यक नेताओं को मलाईदार पद दिये, जिससे दलित भी उनसे ईर्ष्या करने लगे। इन सब कारणों से बसपा का जनाधार छीजता चला गया। वहीं, कभी भाजपा, कभी समाजवादी पार्टी, कभी कांग्रेस और कभी अन्य



क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की राजनीति करके उन्होंने खुद को तो मजबूत बनाने की पहल की, लेकिन उनकी अड़ियल और हठी रवैये के चलते उनकी पटरी किसी से नहीं बैठी और अब राजनीतिक मजबूरीवश वह बिल्कुल अकेले बच गयी हैं। सवाल है कि तीन बार भाजपा या सपा के सहयोग से और एक बार अपने दम पर हासिल बहुमत से यूपी की मुख्यमंत्री बनने वाली मायावती, केंद्रीय राजनीति में अपने अच्छे-खासे सांसदों के बल पर दबदबा रखने वाली मायावती आखिर इस सियासी दुर्दिन को कैसे प्राप्त हुईं।

### नीतियां-फैसलों ने किया नुकसान

तो जवाब यही होगा कि एक ओर उनका पारिवारिक प्रेम और दूसरी ओर भावनात्मक रूप से जुड़े नेताओं-कार्यकर्ताओं की मौद्रिक कारणों से उपेक्षा। हालांकि जब तक वह इस बात को समझ पायीं, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आज उनके सांसदों और विधायकों की संख्या न के बराबर है। ऐसे में उनके घर में और पार्टी में जो पारिवारिक कोहराम मचा हुआ है, वह कोई नयी बात नहीं है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में ऐसी घटनाएं घटती रहती हैं। हालांकि यह भी कड़वा सच है कि अपनी जिस जिद्दी स्वभाव के चलते वह सियासत में खूब आगे बढ़ीं, अब उसी जिद्दी स्वभाव के चलते उनकी पार्टी और परिवार दोनों बिखराव के कगार पर है। वहीं, 70 वर्षीय मायावती सूझबूझ से काम लेने के चक्कर में गलतियां पर गलतियां करती जा रही हैं। जिस तरह से वह अपने ही निर्णय को बार-बार पलट देती हैं, उससे उनकी सियासी साख भी चौपट हो रही है। इससे सीएम-पीएम बनने का उनका ख्वाब तो चूर हो ही रहा है, लेकिन जोड़-तोड़ से राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति या राज्यपाल बनने या फिर केंद्रीय मंत्री बनने की बची-खुची संभावनाएं भी समाप्त होती जा रही हैं।

### जाल में फंसती गयीं मायावती

चूंकि देश की दलित राजनीति का यह दुर्भाग्य रहा है कि ओबीसी नेताओं की तरह ही दलित नेता भी एक दूसरे राज्यों के बड़े दलित नेताओं से स्वभाविक समझदारी विकसित नहीं कर पाये और खुद को कमजोर करते चले गये। यूपी में तो मायावती ने दलितों को कद्दावर मुख्यमंत्री दिया, लेकिन बिहार आज तक उससे वंचित है। शायद इसलिए कि भाजपा-कांग्रेस ने अपनी सियासी हितों के लिए इन्हें भी आपस में लड़ाया और अपने इरादे में कामयाब रहे। काश! मायावती भी यह सबकुछ समझ पातीं और तदनुसार निर्णय लेतीं।

### चुनाव दर चुनाव मिली हार

बहुजन समाज पार्टी ने पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में 488 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। उत्तर प्रदेश बसपा का गढ़ रहा है। यूपी में भी पार्टी ने 79 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भी पार्टी का यही प्रदर्शन था। बहरहाल, बसपा का राष्ट्रीय स्तर पर वोट शेयर गिरकर महज 2.04 प्रतिशत रह गया है। उत्तर प्रदेश में भी बसपा का वोट शेयर 9.39 प्रतिशत ही रह गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा को 10 सीटों पर जीत मिली थी, लेकिन तब समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन था। वहीं, 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में तो बसपा को महज एक सीट पर जीत मिली थी। 2017 के विधानसभा चुनाव की तुलना में बसपा का वोट शेयर भी 22.23 प्रतिशत से गिरकर 12.88 प्रतिशत हो गया था। हालांकि, 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में बसपा को 19 सीटों पर जीत मिली थी।

इस तरह अब लगभग यह तय हो गया है कि मायावती ने एक तरह से खुद को सक्रिय राजनीति से बाहर कर लिया है, जिससे उनके समर्थकों को भी यह अहसास हो गया है कि वह अब खुलकर राजनीति नहीं करने वाली हैं। मायावती के पास अब खुद को राजनीति से अलग रखने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है।

---

### राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला

# मूलवासी सदानों को ग्राम प्रधान, अध्यक्ष बनाने की मांग

**ओबीसी फर्जीवाड़ा सर्वेक्षण को रोककर सही जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कराने और परिसीमन कराने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला और तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। मूलवासी सदानों को जल-जंगल जमीन पर अधिकार देने और ग्राम प्रधान, अध्यक्ष बनाने, ओबीसी का फर्जीवाड़ा सर्वेक्षण को तुरंत रोक लगाते हुए सही तरीके से सर्वेक्षण कराने और झारखंड में परिसीमन संवैधानिक प्रक्रिया के तहत कराने की मांग की।

राजेंद्र प्रसाद ने राज्यपाल को बताया कि झारखंड में 74 प्रतिशत गैर आदिवासी हैं, जिसमें 65% प्रतिशत मूलवासी सदान मूलनिवासी हैं। जिनकी भाषा, संस्कृति पूजा पद्धति जनजातियों की तरह एक जैसी है। लेकिन दुर्भाग्यवश राज्य बनने के बाद सदानों की लगातार उपेक्षा हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को साहिबगंज और पाकुड़ जिला के वैसे पंचायतों की सूची भी सौंपी, जिन पंचायतों में जनजातियों की एक भी आबादी नहीं है और इसके बावजूद सदानों को वैसे पंचायतों में भी मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित किया गया। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल का आश्वासन दिया है कि वे मूलवासी सदानों की मांगों को राज्य सरकार और केंद्र सरकार को भेज देंगे। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय, विशाल कुमार, धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, नवदीप महतो, डॉ ए प्रसाद आदि शामिल थे।

## घूस लेने के आरोपी सदर सीओ को हाइकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद तत्कालीन रांची सदर सीओ मुंशी राम को हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाइकोर्ट ने मंगलवार को उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत में मुंशी राम की जमानत पर सुनवाई हुई। इससे पहले 31 जनवरी को रांची एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की विशेष कोर्ट ने मुंशी राम को बेल देने से इनकार कर दिया था। दरअसल 2 जनवरी को एसीबी की टीम ने रांची के टाउन सीओ मुंशी राम को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। मुंशी राम को एसीबी ने उनके ऑफिस में ही घूस लेते पकड़ा था।

# दुमका में महिला का अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र के सुनसान इलाके से एक 32 वर्षीय महिला का अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद किया गया है। महिला कल रविवार को दोपहर में स्नान करने नदी गयी थी पर वापस घर नहीं लौटी। मंगलवार को उसका शव बरामद किया गया है। शव को देख ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया है और उसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी है।

### बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को घेरा



**रांची। दुमका में महिला की रेप के बाद हत्या की आशंका पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस घटना की निंदा करते हुए राज्य सरकार पर सवाल उठाया है।मरांडी ने अपने पोस्ट में लिखा है कि दुमका में घटित इस दिल दहला देने वाली घटना ने एक बार फिर से यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में कानून-व्यवस्था में खामियां हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार बजट पर वाहवाही लूट रही थी, तब काठीकुंड में एक विवाहित महिला के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गयी।**

### क्या है पूरा मामला

पूरा मामला दुमका जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र स्थित एक गांव का है। मृतका 32 वर्षीय महिला जो चार बच्चे ( तीन बेटी और एक बेटा ) की मां भी है, वह मजदूरी का भी काम करती थी। हर रोज काम कर घर लौटने पर दोपहर बाद वह नहाने के लिए नदी गयी थी। देर शाम होने के बाद भी मां के घर नहीं लौटने पर एक बेटी ने नदी जाकर अपनी मां की खोजबीन की। लेकिन वहां पर उसके द्वारा धोये गये कपड़े मिले, जिन्हें लेकर वह घर चली आयी। जब पिता मनोज राय देर शाम घर लौटे तो बच्चों ने सारी बात बतायी। पति ने फौरन गांव वालों को सारी बात बतायी। ग्रामीणों द्वारा रात के बारह बजे तक नदी के आसपास और बगल के कुछ गांव तक उसकी खोजबीन की लेकिन महिला का कुछ पता नहीं चला। बुधवार को फिर परिजन और ग्रामीण दोबारा खोजबीन में जुट गये। इसी क्रम में काठीकुंड थाना क्षेत्र के ही भवरपाथर गांव के अंतिम छोर में नदी किनारे झाड़ियों के बीच अर्धनग्नावस्था में महिला के शव देखा। महिला के शव बरामदगी की सूचना पुलिस को दी गयी। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, प्रभारी थाना प्रभारी विवेक विल्सन पुलिसकर्मियों के साथ घटनास्थल पहुंच कर जांच शुरू कर दी। इधर, काठीकुंड पुलिस द्वारा फोरेंसिक टीम को बुलाते हुए डॉग स्क्वायड की भी मदद ली गयी। ग्रामीण दोषियों के गिरफ्तारी के बाद ही शव उठाने देने की मांग करने लगे। पुलिस ने उन्हें विश्वास दिलाते हुए जल्द कांड का उद्भेदन करने का भरोसा दिलाया।

### फॉरेंसिक की टीम ने की जांच

ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि रात में खोजबीन के दौरान उन्हें घटनास्थल से दूर पहाड़ी के समीप मैदान में चावल का एक पतीला मिला था, जिसे ग्राम प्रधान के घर रख दिया। आशंका है कि हत्यारों ने वहां हड़िया भी पीया था। काठीकुंड पुलिस ने फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड टीम की भी मदद ली। फॉरेंसिक टीम में शामिल एसआइ रविशंकर, एएसआइ सीताराम विश्वकर्मा व गोपीकांदर थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने घटनास्थल व आसपास के इलाके की जांच पड़ताल की। इस दौरान कुछ रुपये व अन्य सामग्री बरामद की। ग्रामीणों ने महिला की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने व हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### क्या कहते हैं एसपी

इस पूरे मामले पर दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लगता है। हत्या से पूर्व महिला के साथ गलत हरकत किये जाने का भी अंदेशा है, जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही की जा सकती है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

# रांची सहित 8 जिलों में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए गृह विभाग ने जारी किया फंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सहित आठ जिलों में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए गृह, कारा और आपदा विभाग ने 2.98 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। यह राशि विभिन्न जिलों में सेमिनार, समारोह और कार्यशालाओं के माध्यम से विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित कार्यों में उपयोग की जायेगी।




### आवंटित राशि का विवरण

1. **रांची:** 1.50 करोड़ रुपये
2. **खूंटी:** 70 लाख रुपये
3. **हजारीबाग:** 25 लाख रुपये
4. **गोड्डा:** 09 लाख रुपये
5. **लातेहार:** 04 लाख रुपये
6. **पलामू:** 10 लाख रुपये
7. **चाइबासा:** 25 लाख रुपये
8. **लोहरदगा:** 04 लाख रुपये

**कुल राशि:** 2.98 करोड़ रुपये

यह राशि संबंधित जिलों में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण कार्यों में उपयोग की जायेगी।

## इडी के जवाब पर निलंबित आइएएस छवि रंजन को अपना प्रतिउत्तर देने का निर्देश

**कोर्ट ने अंतिम बहस के लिए 19 मार्च की तिथि निर्धारित की है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने का हवाला देते हुए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में इडी की जवाब के आलोक में प्रार्थी को प्रतिउत्तर (रिप्लाई ) देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया।

कोर्ट ने अंतिम बहस के लिए 19 मार्च की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक केस चलाने के लिए सीआरपीसी की धारा 197 के तहत अभियोजन स्वीकृति आदेश लेना जरूरी है लेकिन इडी की ओर से इस केस में ऐसा नहीं किया गया है इसलिए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाये। दरअसल, बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इडी टीम ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, उसी समय से वे जेल में हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.8°c | 15.2°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.53 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.08 बजे |

## झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन बजट 2025 पर हुई चर्चा

# ये सफर आसान नहीं, पर हौसले बुलंद हैं : हेमलाल मुर्मू





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन बजट पर चर्चा के दौरान शेरो-शायरी का दौर चला। हेमलाल मुर्मू ने बजट के समर्थन में बोलते हुए कहा कि ऐतिहासिक और समावेशी बजट है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 फीसदी अधिक है। कहा... ये सफर आसान नहीं है, हौसले बुलंद हैं... झारखंड के इस सफर में हम आगे हैं। इस पर सीपी सिंह ने कहा कि सदन के अंदर काफी दिनों के बाद हेमलाल मुर्मू का भाषण सुनने को मिल रहा है।

इस पर हेमलाल मुर्मू ने कहा कि... सफर में धूप तो होगी.. चल सको तो चलो.. सभी हैं भीड़ में तुम निकल सको तो निकलो...। इस पर इरफान अंसारी ने कहा कि



गुलाम थे तो हम सब हिंदुस्तानी थे। आजादी ने हम सबको हिंदू-मुसलमान बना दिया।

वहीं एक सवाल के जवाब में झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा है कि शराब पीकर पति घर आये तो उसे ठोक दो। मुर्मू ने बताया कि उनके क्षेत्र की महिलाएं फोन कर उनसे पूछती हैं कि उनका पति दारू पीकर घर आया है, क्या उसे ठोक दें? वह उन्हें सुझाव देते हैं कि ठोक दो। उन्होंने कहा कि शराब से परिवार बर्बाद हो रहा है।

### राज्य सरकार झारखंड में शराब बेचवा कर क्यों पति को पत्नी से पिटवा रही : डॉ नीरा यादव

इस पर भाजपा विधायक नीरा यादव ने चुटकी भी ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार झारखंड में शराब बेचवा कर क्यों पति को पत्नी से पिटवा रही है। हेमलाल मंगलवार को विधानसभा में आम बजट पर सामान्य परिचर्चा में बोल रहे थे। मुर्मू ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयास से महिलाएं अब सफल हो रही हैं। उनके विधानसभा क्षेत्र में महिलाएं प्रति माह 76 से 78 हजार बोरा का निर्माण कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार की सहायता से महिलाएं आज 20000 से 50000 माह तक रुपये कमा रही हैं।

## सरयू राय ने प्रदूषण का मामला उठाया



**रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन मंगलवार को अल्पसूचित, तारांकिंक प्रश्न काल चला। शून्यकाल की भी सूचनाएं ली गयीं। जदयू विधायक सरयू राय ने बीपीएससीएल फ्लाइ ऐश एवं प्रदूषण का मामला उठाया। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने तीन सदस्यीय कमेटी से जांच कराने की घोषणा की। इससे पहले मंगलवार को 11 बजकर पांच मिनट पर सदन की कार्यवाही शुरू हुई।**

# वित्त मंत्री के बयान पर विपक्ष की आपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बजट भाषण में वित्त मंत्री के द्वारा राज्य के 80% बच्चे सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई करने की बात कही थी। जिसपर बीजेपी विधायक नीरा यादव ने आपत्ति जताते हुए कहा कि निजी विद्यालय में जो इतने बच्चे पढ़ रहे हैं वह कहां से हैं।

### अरूप का पलटवार

विपक्ष द्वारा उठाये जा रहे सवालों का जवाब देते हुए सत्ता पक्ष ने जमकर पलटवार किया है। विधायक अरुप चटर्जी ने धनबाद में मेडिकल कॉलेज और टेक्निकल यूनिवर्सिटी का प्रस्ताव होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बजट में मंईयां योजना के लिए किये गये प्रावधान से स्पष्ट हो गया है कि सरकार का फ्लैगशिप प्रोगाम के रूप में यह है और आगे भी चलता रहेगा।

### शिल्पी नेहा तिर्की ने बजट की सराहना की

बजट की सराहना करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बजट राज्य की जनता के लिए है जनता का काम होगा। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी वर्गों के लिए यह अबुआ बजट लाया गया है। जिसके माध्यम से विकास का काम होगा।

### बजट पर चर्चा के लिए दलों का समय तय

झामुमो- 92 मिनट
बीजेपी-56 मिनट
कांग्रेस-42 मिनट
राजद-12 मिनट
वामदल- छह मिनट
आजसू- 3 मिनट
जदयू- 3 मिनट
लोजपा- 3 मिनट
जेएलकेएम- 3 मिनट

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। नौकरी-व्यापार में उन्नति।

**वृष** रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी,किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा

**मिथुन** परिस्थिति में सुधार होगा,बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण,धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**सिंह** रुका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें दुर्घटना की आशंका।

**कन्या** नौकरी में उन्नति होगी, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग, नौकरी में बदलाव होने की संभावना।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा.

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय, मन प्रसन्न रहेगा।


**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 05 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# बजट सत्र : छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने को सरकार गंभीर

## जरूरत होगी तो प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में भी होगा बदलाव : संजय यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को सदन में विधायक राज सिन्हा ने कहा कि सूक्ष्म और लघु उद्योगों में 34,000 रोजगार की कमी आयी है। प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के तहत राज्य सरकार झारखंड के कुटीर उद्योगों से समानों की खरीद नहीं हो रही है। जबकि नियम छोटे उद्योगों से 25 % माल खरीदने का है। छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार जमीन उपलब्ध नहीं करा रही है। इस पर उद्योग मंत्री संजय यादव ने सदन में कहा, अभी तो सरकार के केवल तीन माह ही हुए हैं, समय दीजिए, राज्य में सूक्ष्म और लघु उद्योगों को हम बढ़ावा देंगे। जरूरत होगी तो प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में भी होगा बदलाव भी करेंगे।

## संथाल परगना में मांझी हड़ाम, ग्राम प्रधानों को मानदेय का लाभ नहीं मिल रहा : प्रदीप यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने संथाल परगना में मांझी हड़ाम, ग्राम प्रधानों और प्रगनैतों के लिए दोगुने किये गये मानदेय का लाभ नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। प्रदीप यादव ने सरकार से जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करने की अपील की। हेमंत सरकार ने हाल ही में इन पारंपरिक पदाधिकारियों के मानदेय को दोगुना करने का निर्णय लिया था, लेकिन संथाल परगना क्षेत्र के मांझी हड़ाम और ग्राम प्रधानों को अभी तक इसका लाभ नहीं मिला है। इस पर प्रदीप यादव ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संथाल परगना से खुद मुख्यमंत्री, चार मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष आते हैं, फिर भी मांझी हड़ाम और ग्राम प्रधानों तक बढ़े हुए मानदेय का लाभ नहीं पहुंचा है। यह एक चिंताजनक स्थिति है और सरकार को तत्काल इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर संथाल परगना के पारंपरिक पदाधिकारी आंदोलन करने के लिए मजबूर हो गये हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि बिना किसी देरी के सभी मांझी हड़ाम और ग्राम प्रधानों को बढ़े हुए मानदेय का लाभ दिया जाये, ताकि उनके साथ न्याय किया जा सके।

## कहिए तो बैठ जायें : उदय शंकर सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** विधायक उदय शंकर सिंह ने सारठ-पालोजोरी और करमा टांड में कॉलेज या मॉडल डिग्री खोलने की मांग की। इसपर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि जामताड़ा में महिला महाविद्यालय की स्थापना की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है। इस पर उदय शंकर सिंह ने कहा कि यह काफी दूर है। मंत्री से जवाब से संतुष्ठ नहीं होने पर उदय शंकर सिंह ने कहा कि कहिए तो बैठ जायें, उत्तर सही नहीं हुआ। डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि पलामू के बसौरा में राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में पठन-पाठन का काम 2025-26 से शुरू हो जायेगा। खलारी में प्रदूषण के मामले पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि सरकार गंभीर है। विभाग को निर्देश दिया जायेगा। इस पर आवश्यक पहल की जायेगी।

# अर्थ नीति राजनीति को प्रभावित करती है : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने स्वीकारा कि बजट में राजनीति होती है। हर सरकार बजट में अपनी राजनीति साधती ही है। अर्थ नीति राजनीति को प्रभावित करती है। हम भी बजट के माध्यम से राजनीति कर रहे हैं, कोई अप्रत्याशित नहीं है। हम जहां भी जाते हैं लोग कहते ही हैं कि मंईयां सम्मान योजना को लेकर आप राजनीति कर रहे हैं। हम उन्हें कहते भी हैं, राजनीति में हैं तो राजनीति ही तो करेंगे। उन्होंने उदाहरण दिया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के पहले केंद्र सरकार ने 12 लाख तक सालाना आय वाले लोगों को इनकम टैक्स के दायरे से अलग कर दिया। क्योंकि दिल्ली में अधिकतर लोग मध्यम आय वर्ग के हैं। डॉ उरांव मंगलवार को विधानसभा में बजट पर चल रही चर्चा में भाग ले रहे थे। डॉ उरांव ने कहा कि मंईयां योजना से हमने गरीबों का पेट भी भरा और पॉकेट भी। जिस किसी परिवार में दो बेटी और एक बहू है, औसतन उनके घर में 7-8 हजार रुपये आ रहे हैं। जबकि इस तरह के गरीब परिवार 100-200 रुपये भी नहीं देखते थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने पहली बार राज्य के गरीबों के लिए रोटी, कपड़ा और मकान पर ध्यान दिया। पूर्णता के साथ हेमंत सोरेन की पिछली सरकार ने गरीबों के इस गंभीर विषय पर ध्यान दिया। पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव झारखंड आंदोलन पर किताब लिख रहे हैं। इसकी जानकारी उन्होंने मंगलवार को विधानसभा में चर्चा के दौरान दी।

# राज्य सरकार में पैसा खर्च करने का कोई विजन और इच्छाशक्ति ही नहीं : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मंगलवार को बजट पर वाद-विवाद हुआ। इसमें भाग लेते हुए भाजपा के विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार जनता को दिग्भ्रमित नहीं करे। उन्होंने कहा कि सरकार के पास पैसा खर्च करने का कोई विजन और इच्छाशक्ति ही नहीं है, जबकि सरकार केंद्र पर राशि नहीं देने का आरोप लगाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सार्वजनिक उपक्रमों पर सरकार का बकाया है, लेकिन इसके लिए सरकार को प्रॉपर चैनल से प्रयास करना होगा। बाबूलाल ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार ने राज्य की ओर से मांगे गये पैसे की तुलना में वित्त वर्ष 21-22 में 125.78 प्रतिशत अधिक पैसा दिया। वहीं 22-23 में 116.28 और वित्त वर्ष 23-24 में 110.58 प्रतिशत राशि मांग की तुलना में अधिक दी गयी। उन्होंने कहा कि सरकार काम नहीं कर रही है तो केंद्र सरकार पर आरोप लगाकर पल्ला नहीं झाड़े। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में झारखंड को 14 हजार 373 करोड़ रुपये दिया गया।

### पैसे का स्रोत नहीं बताया

बाबूलाल ने कहा कि बजट में सरकार ने गिनाया है कि वह किस-किस मद में कितना पैसे खर्च करेगी, लेकिन यह नहीं बताया गया है कि सरकार पैसे कहां से लायेगी। उन्होंने बताया कि सरकार इस वित्त वर्ष में केवल 58.82 प्रतिशत राशि ही जुटा पायी है। उन्होंने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय को कम रखा गया है, जबकि योजना मद में अधिक खर्च दिखाया गया है जो वित्तीय प्रबंधन के हिसाब से ठीक नहीं है। बाबूलाल ने कहा कि विकास योजनाओं को लेकर टेंडर निकाले जा रहे हैं लेकिन पैसे की कमी बता कर काम शुरू नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पिछले बजट की राशि खर्च नहीं कर पायी है। उन्होंने बताया कि सरकार कृषि और पशुपालन पर बजट का 54 प्रतिशत, पेयजलापूर्ति पर 18.6, खाद्यान्न योजनाओं पर महज 38 प्रतिशत, पंचायती राज पर 36 और सूचना प्रौद्योगिकी पर केवल 7.45 प्रतिशत राशि ही खर्च कर पायी है। उन्होंने कहा कि कहीं से नहीं लगता है कि यह बजट गरीबी उन्मूलन के लिए है। उन्होंने कहा कि राज्य की 41 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है। हाल के दिनों में राज्य में भूख से कोई मौत नहीं हुई, क्योंकि मोदी सरकार ने कोविड काल से राज्य के हरेक व्यक्ति को पांच किलो अनाज मुहैया करा रही है।

**जवाबदेही से भाग नहीं सकती गठबंधन सरकार :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की गठबंधन की सरकार अपनी जिम्मेवारियों से भाग नहीं सकती है, क्योंकि राष्ट्रपति शासन को मिलाकर उसके शासन के भी 11 वर्ष हो गये हैं। राज्य में स्वास्थ्य की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों में खुले मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों की पर्याप्त संख्या नहीं है। यही वजह है जिलों से मरीजों की भीड़ रिम्स आ रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी जिले के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के कारण ऑपरेशन नहीं होता है।

**वाजपेयी को नजरअंदाज करने की नहीं थी उम्मीद :** सदन में वित्त मंत्री की ओर से बजट भाषण में झारखंड का गठन कराने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम नहीं लेने पर बाबूलाल मरांडी ने खेद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उन्हें वित्त मंत्री से उम्मीद नहीं थी कि वे पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को नजरअंदाज करेंगे।

## झारखंड में चालकों के लिए कल्याण योजना की मांग

# दीपक बिरूआ बोले- पड़ोसी राज्यों की पढ़ेंगे नीतियां

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधायक अरूप चटर्जी ने मंगलवार को सदन ने चालकों के लिए कल्याण योजना लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिहार में चालक कल्याण योजना लागू की गयी है। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि पड़ोसी राज्य की नीतियों का विस्तृत अध्ययन कर इस पर निर्णय लिया जायेगा। इस पर कम से कम छह महीने लगेंगे। वहीं अनंत प्रताप देव ने वंशीधर नगर को तीर्थस्थल कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की मांग की।

# राज्य की महिलाओं, युवाओं, मजदूरों के लिए निराशाजनक बजट है : अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट राज्य की महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगों, मजदूरों के लिए निराशाजनक बजट है। हालांकि सरकार ने इस बजट को अबुआ बजट का नाम दिया है जबकि हमारे लिए यह बजट निकृष्ट बजट है। उक्त बातें अमर कुमार बाउरी ने मंगलवार को चंदनकियारी स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भले ही हेमंत सोरेन सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले बजट में 1.45 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है जबकि सरकार अपने आंतरिक संसाधनों और राजस्व की वसूली मात्र बजट का 42 प्रतिशत ही कर पायेगी। हेमंत सोरेन ने अपने चुनावी भाषण में जो लोक लुभावने योजनाओं का सब्जबाग जनता को दिखाया वह इस बजट में धरातल पर उतरता नजर नहीं आ रहा है। सरकार ने 200 यूनिट बिजली मुफ्त में देने का वादा किया था लेकिन आज हर घर में मीटर रीडिंग और बिजली बिल देने का काम बंद है। इस सरकार ने मात्र 13 प्रतिशत बजट को कर्ज के रूप में दिखाया है। वहीं बाकी का बजट केंद्र सरकार के खाते में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि मंईयां योजना के कारण ही सरकार दोबारा सत्ता में आयी है और अपने चुनावी भाषणों में और अखबारों में विज्ञापन के माध्यम से सरकार ने बताया था कि पिछली सरकार में ही राज्य की 60 लाख से अधिक महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। यदि इस आंकड़े को देखा जाये तो 60 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ देने के लिए सरकार को 18000 करोड़ रुपये की जरूरत पड़ेगी जबकि इस बार के बजट में मात्र 13000 करोड़ रुपये ही मंईयां सम्मान योजना के लिए दिया गया है।

# आदिवासी, मूलवासी, किसान और ग्रामीण विरोधी है अबुआ बजट : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अबुआ सरकार आदिवासी, मूलवासी, ग्रामीण और किसान विरोधी सोच वाली सरकार है। 2024-25 के बजट की तुलना में वर्तमान बजट में बड़ी कटौतियां की गयीं। वर्ष 2025-26 के बजट में किसानों से जुड़े कृषि विभाग के बजट में 700 करोड़ रुपयों की बड़ी कटौती की गयी। इसके अतिरिक्त मत्स्य, डेयरी विभागों में भी कटौतियां की गयीं। गरीबों को अन्न पहुंचने वाले खाद्य आपूर्ति विभाग में और स्वास्थ्य विभाग में की गयी कटौती समझ से परे है। ऐसा लगता है शिक्षा भी सरकार के फोकस में नहीं है। तभी तकनीकी, उच्च, सेकेंडरी और प्राथमिक शिक्षा के भी बजट को घटा दिया गया है। सरकार का फोकस उद्योगों पर भी नहीं है। इसलिए उद्योग विभाग के बजट में भी कटौती की गयी है।

प्रतुल ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण का ढोंग करने वाली सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण के बजट को भी घटा दिया। पहले से हर घर में नल से जल योजना में पीछे चल रही राज्य सरकार ने पेयजल स्वच्छता विभाग के बजट में 800 करोड़ की बड़ी कटौती कर दी। मूलभूत संरचना का विकास सरकार के फोकस में नहीं है। पथ निर्माण के विभाग के बजट में 200 करोड रुपये की कटौती की गयी। ग्रामीण विकास के बजट में 2395 करोड़ की बड़ी कटौती दिखाता है कि सरकार गांव के आधारभूत संरचनाओं के विकास पर फोकस नहीं कर रही। इन विभागों से ही रोजगार मिलता है और जीएसडीपी बढ़ता है। गांव की बात छोड़िए नगर विकास के बजट में भी 1356 करोड़ की कटौती कर सरकार ने दिखा दिया कि वह गांव और शहर सबकी अनदेखी कर रही है।

# अंजुमन ने आरयू को सौंपी जांच रिपोर्ट, शासी निकाय भंग करने की अनुशंसा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया ने मंगलवार को मौलाना आजाद कॉलेज के मौजूदा शासी निकाय की जांच कर उसकी रिपोर्ट रांची यूनिवर्सिटी को सौंप दी है। सौंपी गयी रिपोर्ट में अंजुमन ने रांची विश्वविद्यालय से मौलाना आजाद कॉलेज शासी निकाय को भंग कर नये सिरे से गठन करने का आग्रह किया है। इसके लिए हायर मुस्लिम एजुकेशनल सोसाइटी का गठन कर शासी निकाय बनाने की जिम्मेवारी अंजुमन इस्लामिया को देने का आग्रह किया है। इसकी जानकारी अंजुमन के महासचिव डॉ तारीक ने दी। गौरतलब हो कि 13 फरवरी 2025 को रांची विश्वविद्यालय ने अंजुमन इस्लामिया को कॉलेज के शासी निकाय के गठन की जांच की जिम्मेवारी सौंपी थी। इसी आधार पर अंजुमन इस्लामिया के कार्यकारणी समिति की 16 फरवरी को हुई बैठक में छह सदस्यीय कमेटी का गठन किया। गठित कमेटी में डॉ तारीक हुसैन, नूर आलम, शाहीन अहमद, अयूब राजा खान, शाहीद अख्तर और मो नकीब को शामिल किया गया था। गठित कमेटी ने जांच कर 20 फरवरी को अपनी रिपोर्ट अंजुमन इस्लामिया को सौंप दी थी। रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद अंजुमन ने उसे रांची विश्वविद्यालय को मंगलवार को सौंप दी।

### जांच रिपोर्ट में कॉलेज के शासी निकाय को अवैध ठहराया

अंजुमन की ओर से गठित छह सदस्यीय जांच समिति ने मौलाना आजाद कॉलेज के मौजूदा शासी निकाय को नियम विरूद्ध बताया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कॉलेज के बॉयलाज के मुताबिक एचएमइएस का गठन के बाद ही शासी निकाय बनाया जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2022 से 2025 के बीच मौलाना आजाद कॉलेज के संचालन के लिए एचएमइएस का गठन नहीं किया गया। जबकि मौलाना आजाद कॉलेज के संचालन के लिए बने बॉयलाज के मुताबिक पहले एचएमइएस का गठन करना है। जिसमें अंजुमन इस्लामिया के सारे कार्यकारणी समिति को उसका सदस्य बनाया जाना है। लेकिन मौजूद कॉलेज प्रबंधन ने नियम का उल्लंघन करते हुए सीधे शासी निकाय का गठन किया।

**शासी निकाय बनाने की जिम्मेवारी अंजुमन इस्लामिया को देने का आग्रह**

## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने की नियमित नियुक्ति की मांग



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में कार्यरत कर्मियों के लिए नियमित नियुक्ति की मांग की। उन्होंने नियुक्ति नियमावली बनाये जाने वाले कमेटी के अध्यक्ष सौरभ कुमार लाल से मुलाकात की और उन्हें 2014 में हुए मानव दिवस कर्मियों के सर्वे के संबंध में जानकारी दी। अजय राय ने कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में कार्यरत कर्मियों को नियमित नियुक्ति का अधिकार है। उन्होंने कहा कि कर्मियों को उनकी सेवाओं के लिए न्यायपूर्ण वेतन और सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने झारखंड सरकार और झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अधिकारियों से अपील की कि वे कर्मियों की मांगों पर ध्यान दें और उन्हें नियमित नियुक्ति प्रदान करें।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर निबंध लेखन, स्लोगन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** डोरंडा कॉलेज की एनएसएस इकाई ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर निबंध लेखन, स्लोगन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन प्रो कंचन मुंडा और डॉ एमलिन केरकेट्टा की देखरेख में किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलायी गयी। इस कार्यक्रम के अलावा, डोरंडा कॉलेज एनएसएस इकाई द्वारा 8 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिनमें भाषण और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता शामिल हैं।

### झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय की चौथी शैक्षणिक परिषद की बैठक संपन्न



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय की चौथी शैक्षणिक परिषद की बैठक मंगलवार को विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टीएन साहू, रजिस्ट्रार डॉ. घनश्याम सिंह, डॉ. मिथिलेश सिंह और जीरेन टोपनो मौजूद थे। बैठक के दौरान, यूजीसी दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, दिल्ली में प्रस्तुत करने के लिए सात स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की स्वीकृति प्राप्त करने पर चर्चा की गयी। इसके अलावा, सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि बढ़ाने, पीजी डिप्लोमा कोर्स की अवधि घटाने और बैचलर वोकेशनल (लॉजिस्टिक्स) का नाम बदलने पर भी चर्चा की गयी। परिषद ने सभी प्रस्तावों पर सहमति दी और विश्वविद्यालय के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया।

### प्रगतिशील बजट है, सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है : टीएमसी



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश तृणमूल कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो और दयानंद सिंह ने हेमंत सरकार के पेश किये गये अबुआ बजट को लोक कल्याणकारी, गरीब हितकारी, बहुआयामी, लोक उपयोगी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता पर किसी प्रकार का कोई बोझ नहीं दिया है जो यह दर्शाता है कि सरकार ने बजट तैयार करने में काफी परिश्रम किया है। उन्होंने कहा बजट का आकार बढ़ा है और सभी विभागों में राशि आवंटित किये गये हैं और यह कहा जा सकता है कि आज का बजट प्रगतिशील बजट है। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रबंधन की कुशलता का ही यह परिणाम है कि आज झारखंड हिंदुस्तान के दूसरे प्रदेशों की तुलना में आगे बढ़ता हुआ चौथे पायदान पर खड़ा है और यह पिछले कई वर्षों की मेहनत का परिणाम है। वर्तमान सरकार ने मूलभूत संरचनाओं के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी बजट में प्रावधान सुनिश्चित किया है जो अच्छी बात है। बजट में मंईयां सम्मान योजना के लिए राशि का प्रावधान कर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कितनी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता पर कोई अतिरिक्त कर नहीं लगाना कुशल वित्तीय प्रबंधन का हिस्सा है। यह अबुआ बजट कल्याणकारी और लोगों के जीवन में बदलाव लाने वाला होगा।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने रांची में एमएसएमइ मेगा आउटरीच कैंप का आयोजन किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय, रांची ने मंगलवार को जेके सेलिब्रेशन में एमएसएमइ मेगा आउटरीच कैंप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्यमियों, महिला स्वयंसेवी समूह के सदस्य ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंद्रजीत यादव, संयुक्त निदेशक, एमएसएमइ-डीएफओ, रांची और विशिष्ट अतिथि अनिल कुरील, मुख्य महाप्रबंधक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एमएसएमइ में 77.76 करोड़ रुपये और कृषि में 10 करोड़ रुपये की अनुमोदित ऋण पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों ने अपनी सफलता की कहानी भी साझा की। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ग्राहकों की आशाओं पर खरा उतरेगा और रांची शहर के विकास में सतत सहयोग प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इसबार बजट में एमएसएमइ को बढ़ावा देने की घोषणा की है। इसी उद्देश्य से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया देशभर में एमएसएमइ मेगा आउटरीच कैंप का आयोजन कर रही है। झारखंड का पहला आउटरीच कैंप है इसके बाद अन्य प्रमुख जिला में भी आयोजित किया जायेगा।






# मुकेश तनेजा बने रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के वर्ष 2027-28 के गवर्नर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 (झारखंड एवं बिहार) के 111 क्लबों के लिए वर्ष 2027-28 के गवर्नर पद का चुनाव रविवार को पटना के चाणक्य होटल में संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 107 क्लबों के अध्यक्षों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों ने मतदान किया। इस प्रतिष्ठित पद के लिए कुल छह उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की, जिनमें से दो झारखंड से और चार बिहार से थे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद रोटरी क्लब ऑफ रांची के पूर्व अध्यक्ष मुकेश तनेजा ने सबसे अधिक वोट प्राप्त कर विजयी होने का गौरव हासिल किया। उनके चयन के बाद पूरे झारखंड और बिहार में रोटरी क्लब ऑफ रांची की प्रतिष्ठा और प्रभाव का डंका बज उठा और उन्हें देशभर से बधाइयां मिलने लगीं। चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बिपिन चाचन, चुनाव पदाधिकारी गोपाल खेमका, राजीव मोदी, संजीव ठाकुर, राजन गंडोत्रा, दीपक डोकानिया आदि की अहम भूमिका रही, जबकि राजकुमार राजगढ़िया चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

निर्वाचित गवर्नर मुकेश तनेजा ने जीत के बाद रोटरी क्लब ऑफ रांची के सभी सदस्यों के साथ-साथ पूरे डिस्ट्रिक्ट के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बिपिन चाचन ने भी उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने तनेजा को पूर्ण समर्थन देने और उनके कार्यकाल को यादगार बनाने का संकल्प लिया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 को अब एक सशक्त नेतृत्व की ओर अग्रसर देखने की उम्मीद है और मुकेश तनेजा के नेतृत्व में संगठन नयी ऊंचाइयों को छुयेगा।

# रूफटॉप पर चल रहे बार का लाइसेंस रद्द करने की मांग

## रोहित सिन्हा ने उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद को ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने राज्य के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मिलकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें हाइकोर्ट के निर्देश के बाद रूफटॉप में चल रहे सभी बार का लाइसेंस रद्द करने की मांग की है। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि रांची शहर में 33 बार अवैध रूप से रूफटॉप में चल रहे हैं। इन अवैध बारों पर कार्रवाई करते हुए बंद करने का निर्देश हाइकोर्ट ने रांची नगर निगम और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को दिया है। हाइकोर्ट के निर्देश के बावजूद रांची नगर निगम और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग अवैध बारों को भी वैध करने के प्रयास में लगे हुए हैं। पूरा नगर निगम और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग अवैध रूप से बार का संचालन कर शराब बेचने वाले को लाभ पहुंचाने में लगे हुए हैं।

ज्ञापन में उत्पाद मंत्री से मांग की गयी कि हाइकोर्ट के निर्देश के आलोक में राजधानी के 33 अवैध बार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सभी का लाइसेंस रद्द कर दिया जाये। ज्ञापन में कहा गया कि उत्पाद विभाग और नगर निगम द्वारा रूफटॉप में ही बार चलाने की अनुमति के लिए हर संभव प्रयास क्यों किया जा रहा है। बार संचालक रूफटॉप के बजाय बहुमंजिला इमारत के किसी भी तल्ला में बार चला सकते हैं। ज्ञापन में मंत्री से कहा गया है कि रूफटॉप में निर्माण, व्यवसाय और बार चलाने की अनुमति देने से राज्य के हजारों अपार्टमेंट के रूफटॉप में व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो जायेंगी। जिससे अपार्टमेंट में रहने वाले लाखों लोग रूफटॉप में कॉमन पैलेस की सुविधा से वंचित हो जायेंगे। मंत्री से मांग की गयी है कि रूफटॉप में चल रहे सभी बार का लाइसेंस रद्द कर दिया जाये।

# जेएसडब्ल्यूबीपीएसएल ने उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता






**भुवनेश्वर।** जेएसडब्ल्यूबीपीएसएल संबलपुर वर्क्स ने 4 मार्च, 2025 को 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया, जो 'शून्य हानि' प्राप्त करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस वर्ष, बीपीएसएल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 'सुरक्षा और कल्याण विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण' की थीम पर मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक अनिल कुमार सिंह ने संयंत्र के प्रदर्शन पर प्रकाश डाला, हमने कैसे प्रगति की, और 5 मिलियन घंटों के लिए शून्य एलटीआई जैसे प्रदर्शनों पर उपलब्धि के विभिन्न समारोहों के बारे में बात की और सीओओ, वरिष्ठ नेतृत्व और संयंत्र के कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सुरक्षा पर हमारे प्रदर्शन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने संगठन में सुरक्षित व्यवहार और सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नेतृत्व टीम के सभी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। श्री सिंह ने मात्र तीन वर्षों में लॉस्ट टाइम इंजरी फ्रिक्वेंसी रेट (एलटीआईएफआर) में भारी कमी की उल्लेखनीय उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और इस सफलता का श्रेय सभी विभागों की लगन और कड़ी मेहनत को दिया। मुख्य परिचालन अधिकारी उमेश राय और फैक्ट्रीज एंड बॉयलर्स के सहायक निदेशक उमाकांत सामंत्रे ने भी सुरक्षा पर चर्चा में अपना योगदान दिया। समारोह में 29 विक्रेताओं के सुरक्षा उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी और सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षा प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयीं। विजेताओं को मुख्य अतिथि और वरिष्ठ नेताओं द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। सुरक्षा और अग्निशमन सेवाओं के महाप्रबंधक अशोक बिस्वाल ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापन किया, जिससे जेएसडब्ल्यूबीपीएसएल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का सफल आयोजन हुआ।

# राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनएस राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तरी क्षेत्र), ने लखनऊ में एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय के कर्मचारियों को 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर सुरक्षा शपथ दिलायी। इस वर्ष के राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस/सप्ताह की थीम 'सुरक्षा और कल्याण - विकसित भारत के लिए आवश्यक' है, जो एनटीपीसी की सुरक्षा को एक मुख्य मूल्य के रूप में प्रतिबिंबित करती है।

श्री राव ने औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण (एसएचइ) के महत्व पर जोर दिया, जिसमें कर्मचारियों के कल्याण, संविदा श्रमिकों की सुरक्षा, सहयोगियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर भी बल दिया और संयंत्र संचालन कर्मचारियों से मोबाइल फोन का जिम्मेदारी से उपयोग करने का आग्रह किया ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

अमरीक सिंह भोघल, जीएम (ओएस), ने सभी को जीवन और आर्थिक क्षति को रोकने के लिए सुरक्षा मानकों को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। समीरन सिन्हा राय, जीएम (एचआर), ने दोहराया कि सुरक्षा जीवन के हर पहलू में आवश्यक है, और अनुज निगम, वरिष्ठ प्रबंधक (ओएस), ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के महत्व को साझा किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। एनटीपीसी के उत्तरी क्षेत्र के सभी स्टेशनों और परियोजनाओं में 4 मार्च से राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें कार्यस्थल पर सुरक्षा को बढ़ावा देने और हितधारकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने लाइनमैन दिवस और 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुर्ला।** लाइनमैनों के समर्पण और अथक प्रयासों की सराहना करते हुए, टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) ने लाइनमैन दिवस और 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन दिवस मनाया। मंगलवार को कंपनी के बुर्ला स्थित मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य लाइनमैनों के महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देना था, जो पश्चिमी ओड़िशा के लाखों उपभोक्ताओं को पूरे वर्ष चुनौतीपूर्ण और खतरनाक परिस्थितियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम में परिचालन और सेवा प्रमुख आशीष कुमार पटजोशी, वाणिज्यिक प्रमुख पीपी तेंदुलकर और सुरक्षा प्रमुख गोपबंधु सत्पथी, वित्त प्रमुख सतीश कुमार और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। टाटा समूह की कंपनियों के एक भाग के रूप में, टीपीडब्लूओडीएल का उद्देश्य अपने कर्मचारियों को सुरक्षा और संरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों से सशक्त बनाना है। इस विषय पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किये। इसी तरह, पश्चिमी ओडिशा के 9 जिलों में टीपीडब्लूओडीएल के सभी सर्किल और डिवीजन कार्यालयों में 'लाइनमैन दिवस' मनाया गया।

# 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली द्वारा घोषित 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान के तहत मंगलवार को सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूमरे, पटना में डॉ सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में जन-जागरूकता के तहत ओपीडी परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में टीबी बीमारी के इलाज एवं बचाव के संबंध में जारूक रहने एवं अन्य जानकारियां उपस्थित सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को दी गयी। इस अवसर पर डॉ सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक द्वारा स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे टीबी से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं उन्मूलन कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। इस पांचवें संस्करण में डॉ अरविंद कुमार ओझा, डॉ संध्या किरण, डॉ संजय कुमार गुप्ता एवं डॉ कौशल कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक, सीएसएसएच, पटना के द्वारा विस्तृत रूप से टीबी के बारे में बताया गया। इस सेमिनार में बहुत बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन, पारामेडिकल कर्मचारी एवं इस अस्पातल के अन्य चिकित्सक भी शामिल हुए। मरीजों द्वारा टीबी बीमारी के बचाव एवं इलाज से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का जबाव उपस्थित चिकित्सकों द्वारा सेमिनार में दिया गया।

# समाजसेवी गोपाल कृष्ण झा पंचतत्व में हुए विलीन


## समाजसेवियों, पत्रकारों और शुभचिंतकों ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता


गोपाल कृष्ण झा की फाइल फोटो।

**रांची।** बिरसा चौक स्थित सेंट पीटर्स कॉलोनी निवासी जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल कृष्ण झा का निधन सोमवार को देर रात्रि एचइसी परिसर स्थित पारस अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। वह प्रोस्ट्रेट कैंसर से पीड़ित थे। मुंबई स्थित एक कैंसर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सक की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। हाल में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। विगत लगभग एक सप्ताह से वह पारस एचइसी अस्पताल में इलाजरत थे। स्व. गोपाल कृष्ण झा मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। उनकी अंत्येष्टि सीठियो घाट (धुर्वा) पर की गयी। उनके पुत्र गौरव झा (गोलू) ने मुखाग्नि दी। स्व. झा एक पुत्र व एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन पर वरिष्ठ पत्रकार सुमन कुमार, ललन कुमार मिश्र, नवल किशोर सिंह, समाजसेवी जयंत झा (जप्पू), दीपक प्रसाद, रामाशंकर प्रसाद, विजय शर्मा, अजय सिन्हा, पप्पू चक्रवर्ती, बोस दा, जयंत झा सहित काफी संख्या में शुभचिंतकों एवं अन्य परिजनों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# रिम्स के पीजी रेजिडेंट में स्नेहा कांता ने यूनिवर्सिटी में मारी बाजी



रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स के विभिन्न विभागों के लिए पीजी रेजिडेंट का सोमवार को रिजल्ट प्रकाशित हुआ। इसमें फार्माकोलोजी की छात्रा डॉ स्नेहा कांता ने सबसे ज्यादा अंक लाकर पूरे यूनिवर्सिटी में टॉप किया है। डॉ स्नेहा कांता को 73.25 प्रतिशत अंक मिले हैं। डॉ स्नेहा कांता अपने विभाग में तो अव्वल रही ही हैं, पूरे यूनिवर्सिटी में भी बाजी मारी है। इस उपलब्धि के लिए डॉ कांता को दो-दो गोल्ड मेडल मिलेंगे। आपको बता दें कि डॉ कांता रांची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ हरे राम सिंह की पुत्री हैं। डॉ हरेराम सिंह झारखंड में अपनी सेवा अवधि के दौरान राज्य के कई अस्पतालों में काम किया। अस्वस्थता के कारण डॉ सिंह ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। परिवार में विषम परिस्थितियों के बावजूद डॉ स्नेहा कांता ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डॉ कांता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता डॉ हरेराम सिंह को देती हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता की यह इच्छा थी कि वह भी चिकित्सा के क्षेत्र में आये। बचपन से ही उनके पिता ने उन्हें चिकित्सा सेवा में आने के लिए प्रोत्साहित किया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनकी ओर से, निम्नलिखित के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्रम संख्या:** 1; **ई-निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-कोच -10-25, **तिथि:** 28.02.2025; **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम:** रांची स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1, 2, 3, 4 एवं 5 पर कोच चार्जिंग सुविधा प्रदान करने हेतु विद्युत कार्य; **निविदा लागत (रु. में):** 22,58,261.28; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा (रु. में):** 45,200.00; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 24.03.2025 को 16:00 बजे; **वेबसाइट विवरण:** https://www.ireps.gov.in ;निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है तथा उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा में भाग लेने के समय, सभी आवश्यक कागजात निविदा दस्तावेज के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
(PR-1199)



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 164 date 17.02.2025, I, MAHENDRA MAHTO S/o Late Manki Mahto, resident of Village Nawadih, P.O.-Bargaon, P.S.-Mandu, District-Ramgarh, Jharkhand-829134, UID- 4068 3481 4889, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am an Indian national and resident of above mentioned address.
2. That APPU KUMAR is the correct name of my son which is mentioned in his educational certificates, birth certificate etc.
3. That his name is wrongly mentioned as DIPU KUMAR in his Aadhar Card bearing No. 3832 5906 4827
4. That I am swearing this affidavit to correct my son's name as APPU KUMAR in place of DIPU KUMAR in his aforesaid Aadhar Card.
5. That the above statements are true and correct to the best of my knowledge and belief. If found wrong I shall be liable for the same


# सरहुल में खोड़हा दल अपने-अपने तरीके से विरोध जतायेंगे: सोनू खलखो

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के सिरमटोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल के सामने फ्लाईओवर निर्माण कार्य पर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने आपत्ति जताया है। इसी क्रम में सिरमटोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल में विभिन्न खोड़हा दलों की प्रतिनिधियों ने बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनायी। इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सोनू खलखो ने बताया कि इस जगह राज्य के प्रसिद्ध सरना पर्व शोभा यात्रा निकाली जाती है। विभिन्न संगठनों ने फ्लाइओवर के लैंडस्लाइड को हटाने की मांग कर रहे है । सरकार की ओर से आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने निरीक्षण भी किया है। इसके बाद मुख्यमंत्री से एक प्रतिनिधि की मुलाकात के बाद नियम सम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। सरहुल पर्व आने वाला है इसके बावजूद कोई पहल नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्य आदिवासी समाज की आस्था और पूजा पद्धति को खत्म करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि हमलोगों की मांग पर विपक्ष भी मौन है, यह और दुखद है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस मामले में कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो वे आंदोलन को और तेज करने को मजबूर होंगे।

## वित्त मंत्री से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, अबुआ बजट के लिए दी बधाई

# बजट की जितनी तारीफ की जाये कम है : केशव महेता कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, अभिलाष साहू, केदार पासवान, कामेश्वर गिरी, राजू राम, मेंहुल दुबे, वशिष्ठ लाल पासवान, अमित कुमार ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात कर बड़े आकार के अबुआ बजट के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। अशोक नगर स्थित वित्त मंत्री के आवास पर मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। कहा कि यह झारखंड के विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष जोर दिया गया है। किसानों के लिए कर्ज माफी योजना, सब्सिडी पर उर्वरक और न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी का प्रस्ताव किया गया है, जिसे कांग्रेस नेताओं ने कृषि क्षेत्र को मजबूती देने वाला फैसला बताया। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए मुफ्त लैपटॉप, स्कॉलरशिप बढ़ाने और प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए आर्थिक सहायता जैसी योजनाओं का प्रावधान किया गया है। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आयुष्मान भारत योजना का विस्तार, गरीबों को मुफ्त दवा और इलाज जैसी योजनाएं शामिल हैं।

केशव महतो कमलेश ने ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल की तर्ज पर अनुसूचित जाति के लिए परामर्शदात्री समिति की स्थापना के प्रस्ताव को ऐतिहासिक और सराहनीय कदम बताया। इसके अलावा, बजट में महिलाओं के लिए विशेष रोजगार योजनाएं और स्वरोजगार हेतु वित्तीय सहयोग का प्रावधान भी किया गया है, जिसे कांग्रेस ने सकारात्मक पहल करार दिया। अनुसूचित जाति और जनजाति समुदायों के लिए नये उद्यमिता कार्यक्रम और छात्रवृत्ति में वृद्धि का प्रस्ताव भी सामाजिक न्याय की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

उन्होंने कहा बजट में झारखंड की जनता की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है, लेकिन इसकी सफलता नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। उन्होंने राज्य सरकार से योजनाओं को तेजी से और पारदर्शिता के साथ लागू करने की अपील की, ताकि इसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच सके। इस बजट की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए भी स्पष्ट और विशेष प्रावधान किया है।

बजट में मंईयां सम्मान योजना के लिए स्पष्ट रूप से धन राशि का प्रावधान कर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कितनी प्रतिबद्ध है।


**इंडियन बैंक Indian Bank**
इलाहाबाद ALLAHABAD

**इचाक शाखा**
इचाक बाजार, जिला हजारीबाग, पिन - 825402, झारखण्ड

अनुलग्नक - IV
परिशिष्ट-IV-ए [नियम 8(6) के उपबंध देखें]

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 संपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-8(6) के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय का ई-निलामी विक्रय सूचना**

एतद्द्वारा जन साधारण को सामान्यतः एवं निम्नवर्णित ऋणी(यों), बंधककर्ता(ों) तथा जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचित किया जाता है की **इंडियन बैंक, इचाक शाखा** प्रतिभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित बंधक/ प्रभारित अचल सम्पत्ति प्रतिभूत ऋणदाता के भौतिक/ रचनात्मक **(सांकेतिक)** कब्जे है, जिसका **"जहाँ है, जैसी है, जो कुछ भी है"** के आधार पर **दिनांक 25.03.2025** को इंडियन बैंक, इचाक शाखा में ऋणी **श्री बिजय कुमार दास,** पिता नागी रविदास, ग्राम पोस्ट- देवकुली, थाना- इचाक, हज़ारीबाग़ द्वारा बकाया **रू. 15,39,826.00 (रूपये पंद्रह लाख उनतालीस हजार आठ सौ छब्बीस मात्र, दिनांक 20.01.2024 तक)** के वसूली के लिए विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।
ई-ऑक्शन विधि द्वारा बिक्री हेतु प्रस्तावित अचल सम्पत्तियों का विवरण निम्नवर्णित है :

| | |
|---|---|
| सम्पत्ति का विस्तृत विवरण | गिरवी रखी गई सम्पत्ति जिसका बिक्री विलेख संख्या 2298 दिनांक 15.02.2008 है, सम्पत्ति के सभी भाग जिसमें शामिल है - बिक्री विलेख संख्या 2298 दिनांक 15/02/2008 जो श्री बिजय कुमार दास पिता नागी रविदास के नाम में मौजा- देवकुली, खाता संख्या 57, प्लॉट संख्या 192, ग्राम- हदारी, पोस्ट - देवकुली, थाना - इचाक, सब जिला हजारीबाग, क्षेत्रफल- 12.33 डिसमिल। चौहद्दी : उत्तर- अहरा, दक्षिण- बेनी माहरा, पूर्व- परती कदीम, पश्चिम:- थानी माहरा |
| सम्पत्ति पर अदिभार | बैंक को ज्ञात नहीं |
| आरक्षित मूल्य | रू. 18.70 लाख (रूपये अठारह लाख सत्तर हजार मात्र) |
| ईएमडी राशि | रू. 1.87 लाख (रूपये एक लाख सतासी हजार मात्र) |
| बोली वृद्धिशील राशि | आरक्षित मूल्य का न्यूनतम 1% |
| ई-नीलामी की तिथि एवं समय | 25.03.2025; समय: पूर्वाह्न 10.00 से अपराह्न 04.00 बजे तक |
| सम्पत्ति आईडी | IDIB21760324274 |

अनुलग्नक - IX
बोलीदाता को सलाह दी जाती कि ऑनलाइन बीड में हिस्सा लेने के लिये हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता PSB Alliance Pvt. Ltd. के वेबसाईट (https://baanknet.com) विजीट करें। तकनीकी सहायता के लिये कृपया मोबाईल सं. 8291220220 में कॉल करें। रजिस्ट्रेशन तथा अग्रधन जमा राशि की स्थिति के लिये ईमेल support.baanknet@psballiance.com से संपर्क करें।
सम्पत्ति के विवरण एवं फोटो तथा नियम व शर्तो के लिए वेबसाईट https://baanknet.com विजीट करें और पोर्टल संबंधित स्पष्टीकरण के लिये, कृपया PSB Alliance Pvt. Ltd. के मोबाईल सं. 8291220220 में संपर्क करें।
**बोलीदाता को सलाह दी जाती है** कि वेबसाईट https://baanknet.com में सम्पत्ति खोजने के लिये, उपर्युक्त वर्णित **सम्पत्ति आईडी सं.** का इस्तेमाल करें।
**नोट- यह सम्पत्ति CNT अधिनियम के अंतर्गत आती है। संभावित बोलीदाता को बोली लगाने से पहले इस संपत्ति को खरीदने के लिए सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक अनुमति लेनी होगी।**

**दिनांक : 28.02.2025**
**स्थान : इचाक**
**सम्पर्क व्यक्ति: प्राधिकृत अधिकारी - अजीत कुमार - 7004025431**
**शाखा प्रबंधक - पंकज कुमार सिन्हा - 7209857472**

क्यू आर कोड
बैंक वेबसाईट www.indianbank.in | ई-नीलामी वेबसाईट | दस्तावेज (विक्रय सूचना) | सम्पत्ति का विडियो | सम्पत्ति के फोटो | सम्पत्ति का स्थान

विवाद/ त्रुटि के स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

# आम लड़कियों की सोचिए

महाराष्ट्र के जलगांव से आयी एक केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता की नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की खबर न केवल हैरान करती है, बल्कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल भी खड़े करती है। राज्य में ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों से भी ऐसी घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। लेकिन महाराष्ट्र वाले मामले में कई ऐसे पहलू हैं, जो व्यवस्था में निहित गंभीर खामियों की ओर संकेत करते हैं।

**मंत्री थाने में :** ध्यान देने की बात है कि बेटी के साथ कथित छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने केंद्रीय मंत्री खुद थाने पहुंचीं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह थाने में मंत्री या सांसद की हैसियत से नहीं, बल्कि एक मां के रूप में आयी हैं। लेकिन उन्होंने यह सवाल भी किया कि जब एक केंद्रीय मंत्री और सांसद की बेटी के साथ ऐसा हो सकता है, तो आम घरों की लड़कियों की क्या दशा होगी।

**इकलौती घटना नहीं :** पुलिस-प्रशासन हालांकि केंद्रीय मंत्री द्वारा शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद तत्परता से कार्रवाई करते हुए दिख रहा है, लेकिन ध्यान रहे यह इकलौती घटना नहीं है। दो-तीन दिन पहले भी उस बच्ची के साथ उन्हीं आरोपियों द्वारा छेड़छाड़ किये जाने की बात सामने आयी है। आखिर ये कैसे आरोपी हैं, जो केंद्रीय मंत्री की बेटी के साथ पुलिस सुरक्षा के बावजूद छेड़छाड़ करते हैं। सवाल है कि पहली घटना के बाद प्रशासन ने सख्त कदम क्यों नहीं उठाया।

> देश के कोने-कोने से ऐसी छेड़छाड़ की खबरें आती रहती हैं और उससे कहीं ज्यादा के बारे में तो पता भी नहीं चलता। ऐसे मामलों को रोकने के लिए कानूनी सख्ती के साथ घर के अंदर भी पहल करनी होगी।

**राजनीतिक जुड़ाव :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के मुताबिक ये आरोपी किसी राजनीतिक दल से जुड़े हैं। हालांकि प्रशासन ने तत्काल इस बात की पुष्टि नहीं की है। लेकिन अगर ऐसा हो भी तो यह कोई 'excuse' कैसे हो सकता है? आरोपी चाहे जो भी हों, उनके खिलाफ समय पर कानून के अनुरूप कड़ी कार्रवाई की राह में क्या बाधा हो सकती है?

**समाज की संवेदनशीलता :** कड़ी कानूनी कार्रवाई अनिवार्य है, लेकिन मामला सिर्फ कानून व्यवस्था का नहीं है। प्रशासन की साख का भी है। समाज की संवेदनशीलता का भी है। परिवार में लड़कों के पालन-पोषण के तौर-तरीकों का भी है। देश के कोने-कोने से ऐसी छेड़छाड़ की खबरें आती रहती हैं और उससे कहीं ज्यादा के बारे में तो पता भी नहीं चलता। ऐसे मामलों को रोकने के लिए कानूनी सख्ती के साथ घर के अंदर भी पहल करनी होगी। लड़कों को कम उम्र से ही बताना होगा कि लड़कियों-स्त्रियों के साथ किस तरह से पेश आना चाहिए।

अभिमत आजाद सिपाही

**फिल्म की बात हो या फिर एनीमेटेड फिल्म की, टीवी सीरियल की बात हो या फिर वेब सीरीज की, खेल के मैदान की बात हो या फिर ऑनलाइन गेमिंग की, ये सभी एंटरटेनमेंट यानी मनोरंजन के ही अलग-अलग रूप हैं। भारत में मनोरंजन का बाजार दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यह एक ऐसा बाजार है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करने में मददगार साबित होगी।**

# वेव्स: एक नयी छलांग लगाने का अवसर



प्रशांत झा



अभिनेत्री विद्या बालन की एक चर्चित फिल्म थी, डर्टी पिक्चर। इसका एक डायलॉग काफी चर्चित हुआ था- फिल्में केवल तीन चीजों से चलती हैं, एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट और एंटरटेनमेंट। अगर गहराई से इस पर सोचें, तो यह हकीकत भी है, लोग मनोरंजन के लिए ही तीन घंटे फिल्म देखने जाते हैं। फिल्म की बात हो या फिर एनीमेटेड फिल्म की, टीवी सीरियल की बात हो या फिर वेब सीरीज की, खेल के मैदान की बात हो या फिर ऑनलाइन गेमिंग की, ये सभी एंटरटेनमेंट यानी मनोरंजन के ही अलग-अलग रूप हैं। भारत में मनोरंजन का बाजार दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यह एक ऐसा बाजार है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करने में मददगार साबित होगी। ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस बात से अनभिज्ञ है। उसे भी पता है कि ऑडियो, वीडियो और एंटरटेनमेंट का बाजार इतना बड़ा है कि इसमें बहुत कुछ किये जाने की संभावना है। इसलिए सरकार के स्तर पर इसके लिए प्रयास भी किये जा रहे हैं। केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगातार इस दिशा में कदम उठाया जा रहा है। मंत्रालय द्वारा आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट, यानी विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जहां दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गज जुटेंगे। विचारों का आदान-प्रदान होगा। यह आयोजन एंटरटेनमेंट की बहुरंगी दुनिया में एक नयी छलांग लगाने का अवसर होगा। मीडिया और मनोरंजन (एमएंडइ) क्षेत्र के लिए वेब्स एक मील का पत्थर सबित होगा, चाहे आप एक उद्योग पेशेवर, निवेशक, निर्माता या नवप्रवर्तक हों, क्योंकि सम्मेलन एमएंडइ परिदृश्य से जुड़ने, सहयोग करने, नवाचार करने और योगदान करने के लिए अंतिम वैश्विक मंच प्रदान करेगा। वेव्स भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए तैयार है, जो कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को बढ़ायेगा।

> भारत में ऑनलाइन गेमिंग की बात की जाये, तो यह विश्व का सबसे बड़ा बाजार बन गया है।

प्रसारण, प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, फिल्म, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, ध्वनि और संगीत, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनरेटिव एआइ, ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) आदि को बढ़ावा मिलेगा।

वाणिज्य मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने पिछले दिनों कहा था कि मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र के निर्यात में अगले पांच वर्ष में दस अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावनाएं हैं। भारत सरकार द्वारा समर्थित प्रमुख क्षेत्रों में से एक भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग में वृद्धि की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। हमें यह देखना होगा कि हम अपने दृश्य एवं श्रव्य क्षेत्र से निर्यात कारोबार को अगले कुछ सालों के दौरान किस प्रकार मौजूदा एक अरब डालर से 10 अरब डालर तक पहुंचा सकते हैं। इस क्षेत्र के निर्यात में वर्तमान में भारत का चौथा स्थान है। इसके लिए ठोस योजना बनाने की जरूरत है, जो सम्मेलन के जरिये विचारों के आदान-प्रदान से इस दिशा में एक सार्थक पहल होगी।

एक स्लोगन कर लो दुनिया मुट्ठी में शायद ही किसी ने भूला हो। यह स्लोगन 23 साल पहले आया था। रिलायंस ग्रुप ने 2002 में अपना मोबाइल फोन लांच करने समय यह स्लोगन दिया था। आज सचमुच पूरी दुनिया हमारे-आपके मुट्ठी में है।

भारतीय टेलीकॉम बाजार दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार बन गया है। लोकसभा के वर्तमान बजट सत्र के दौरान सरकार ने एक प्रश्न के जवाब में देश में मोबाइल उपयोक्ताओं और इंटरनेट कनेक्टिविटी के बारे में जानकारी दी थी। इसके अनुसार इस समय भारत में मोबाइल उपभोक्ताओं की संख्या 117 करोड़ हो गयी है, जो आज से 10 साल पहले 90 करोड़ थी। इनमें से ज्यादातर उपयोक्ता स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्मार्टफोन के आने की वजह से इंटरनेट उपयोक्ताओं की संख्यां में भी इजाफा हुआ है। वहीं, देश के कोने-कोने में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचायी जा रही है।

इंटरनेट उपयोक्ताओं की संख्या भी छह करोड़ से बढ़कर 95 करोड़ तक पहुंच गयी है। भारत के कुल 6,40,131 गांवों में से 6,23,622 गांव मोबाइल कवरेज के दायरे में आ चुके हैं। जिन गांवों तक अभी मोबाइल कवरेज नहीं पहुंचा है, वहां पर भी जल्द ही पहुंचाने की योजना पर काम चल रहा है। इस वक्त देश की आबादी लगभग 140 करोड़ की है और आधी से अधिक आबादी के हाथों तक मोबाइल पहुंच चुका है।

पिछले दिनों लक्षद्वीप जाने का मौका मिला। यहां न बिजली है और पानी। जेनरेटर से पूरे द्वीप पर बिजली आपूर्ति होती है और समंदर के खारे पानी को फिल्टर कर पीने लायक बनाने की व्यवस्था है। सिनेमा हॉल, मॉल आदि का तो नामो-निशान नहीं है। यहां तक कि टीवी भी कम ही लोगों के पास दिखा। हर व्यक्ति के हाथ में मोबइल फोन जरूर दिखा, जिसमें इंटरनेट कनेक्शन भी था। यह मोबाइल ही उनके मनोरंजन का साधन है। लक्षद्वीप की चर्चा इसलिए कर रहा है क भारत का यह हिस्सा आज भी अलग-थलग है। यहां के सभी द्वीपों को मला कर आबादी केवल 86 हजारप के लगभग है। यहां शहरों की तरह न तड़क-भड़क है और न गांव की तरह खेती बाड़ी।

जह लक्षद्वीप की यह स्थिति है, तो देश के अन्य हिस्सों का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। सभी जगह मोबाइल लोगों के लिए मनोरंजन का जरिया बन गया है।

मनोरंजन से जुड़ी हर चीज एक क्लिक के साथ लोगों के हाथों में मौजूद है। पूरा ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म इस पर मौजूद है, जिस पर ऑडियो और वीडियो से संबंधित मनोरंजन की हर सामग्री मौजूद है। साथ ही क्रिकेट, लूडो, ताश, फुटबॉल जैसे खेल के संसाधन भी मोबाइल पर सिमट गये हैं। यही वजह है कि देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म तेजी से बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि महामारी के बाद भारत में ओटीटी प्लेटफॉर्म की तरफ लोगों के बढ़ते रुझान ने वीडियो बाजार में क्रांति ला दी है।

घर बैठे मनचाहे कंटेंट मिलने से भारत का ओटीटी स्ट्रीमिंग उद्योग अप्रत्याशित रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत के ओटीटी वीडियो बाजार का राजस्व 2025 के अंत तक 4.49 बिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है। देश में ओटीटी वीडियो के राजस्व में 7.18 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर 2025-2029) की उम्मीद जतायी जा रही है, जिसके चलते 2029 तक इसका अनुमानित बाजार 5.92 बिलियन डॉलर पर पहुंच सकता है। भारत में ओटीटी का सबसे बड़ा बाजार वीडियो स्ट्रीमिंग (एसवीओडी) का है, जिसके 2025 में 2.30 बिलियन डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, देश में इस समय कुल ओटीटी उपयोक्ताओं की संख्या 547 मिलियन से अधिक है। वर्ष 2029 तक देश के ओटीटी वीडियो बाजार में उपयोक्ताओं की संख्या 634.3 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। जहां 2025 में देश के 35.8 प्रतिशत लोगों तक ओटीटी वीडियो की पहुंच रहेगी, वहीं 2029 तक इस आंकड़े के 42.2 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है।

भारत में ऑनलाइन गेमिंग की बात की जाये, तो यह विश्व का सबसे बड़ा बाजार बन गया है। साल 2023 में भारत में कुल 9.5 अरब बार गेमिंग ऐप डाउनलोड किये गये थे। वैश्विक स्तर पर कुल डाउनलोड में भारत का योगदान 20 फीसदी रहा था। भारत में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार साल-दर-साल 20 फीसदी बढ़ रहा है। यहां गेमिंग उद्योग ने पिछले पांच सालों में घरेलू और वैश्विक निवेशकों से 2.8 अरब डॉलर का निवेश हासिल किया है। इस वर्ष के अंत तक गेमिंग उद्योग में 50 करोड़ उपयोक्ता होने का अनुमान है। भारतीय में ऑडियो-वीडियो और इंटरटेनमेंट का बाजार कितना बड़ा है, इसका अंदाजा मोबाइल, इंटरनेट, ओटीटी, ऑनलाइन गेम आदि के उपयोक्ताओं की संख्या से लगाया जा सकता है। भारत के इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की असीम संभानाएं हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में भी ऑडियो विजुअल एंड एटरटेमेंट समिट (वेव्स) की चर्चा की थी। उन्होंने बताया भी कि यह वेब्स समिट किस तरह से पूरे परिदृश्य को बदलेगा।

मुंबई होने वाला वेव्स समिट ग्लोबल ई-मार्केट प्लेस होगा, जो भारत की विशाल रचनात्मक प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने में मदद करेगा। यह प्लेटफॉर्म उपयोक्ताओं को अपने कंटेंट प्रदर्शित करने, प्रोजेक्ट पेश करने और भौगोलिक सीमाओं से परे सार्थक संबंध बनाने में सक्षम बनायेगा।

वेव्स बाजार एक परिवर्तनकारी प्लेटफॉर्म है जो फिल्म, टीवी, संगीत, स्पोर्ट्स, एनिमेशन, वजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक्स जैसे विभिन्न मनोरंजन क्षेत्रों के रचनाकारों, खरीदारों और सहयोगियों को एक मंच पर लायेगा। यह भौगोलिक अंतर को समाप्त करेगा, जिससे रचनाकारों को अपनी रचना प्रदर्शित करने और सार्थक बी2बी संवाद में शामिल होने की सुविधा मिलेगी। यह ऐतिहासिक आयोजन भारत की न केवल एक कंटेंट पावरहाउस बनने की क्षमता को रेखांकित करेगा, बल्कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में एक वैश्विक विचार अगुआ भी बनेगा।

**(लेखक : 'आजाद सिपाही' अखबार में राजनीतिक संपादक हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# विधायक समीर मोहंती ने विधानसभा में जलापूर्ति योजना की समस्या उठायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बहरागोड़ा।** विधायक समीर मोहंती ने विधानसभा के बजट सत्र में बहरागोड़ा प्रखंड के चौरंगी स्थित ग्रामीण जलापूर्ति योजना की गंभीर समस्या को सदन में उठाया। विधायक ने कहा पूर्वी सिंहभूम जिले के इस क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से स्थापित यह योजना विभागीय उदासीनता के कारण बीते एक वर्ष से अधिक समय से बंद पड़ी है। जिससे 29 गांवों के लगभग 3000 परिवार पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। विधायक मोहंती ने सदन में जानकारी दी जुलाई 2023 से



बनाबूढ़ा स्थित सुवर्णरेखा नदी का पंप खराब होने के कारण जलापूर्ति बाधित है। इसके बावजूद संबंधित विभाग ने अब तक मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। गर्मी के मौसम की आहट से पानी की किल्लत और भी बढ़ने की आशंका है। जिससे स्थानीय निवासियों का जीवन कठिन हो गया है। इससे पूर्व भी चौरंगी में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के पंप खराब होने से 17 गांवों के लगभग 1800 परिवारों को जल संकट का सामना करना पड़ा था। विभागीय अधिकारियों ने मरम्मत के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने की बात कही थी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। विधायक समीर मोहंती ने सरकार से इस महत्वपूर्ण योजना को अविलंब चालू करने और प्रभावित गांवों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। ताकि ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना न पड़े और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

# ईचागढ़ में 17,500 सीएफटी बालू जब्त

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में खनन विभाग ने अवैध बालू खनन व भंडारण के खिलाफ महत्वपूर्ण कार्रवाई की। मंगलवार को खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के नेतृत्व में विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस की सहयोग से वीरडीह नदी के पास औचक छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान 17,500 सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया गया। फिलहाल इस मामले में कार्रवाई जारी है। इससे दो दिनों पूर्व भी खनन विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से चौका और ईचागढ़ थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त किये हैं।

# अवध डेंटल कॉलेज की लापरवाही के खिलाफ धरना प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** एमजीएम थाना क्षेत्र के भिलाई पहाड़ी गांव निवासी बुद्धेश्वर माहली को न्याय दिलाने की मांग को लेकर पूर्व जिला पार्षद पिंटू दत्ता के नेतृत्व में अवध डेंटल कॉलेज में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। मंगलवार को धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा दांत निकलवाने के दौरान हुई चिकित्सकीय लापरवाही के कारण बुद्धेश्वर माहली गंभीर बीमारी से पीड़ित हो गये हैं।



**कॉलेज प्रशासन का अड़ियल रुख :** धरना प्रदर्शन के दौरान कॉलेज के डायरेक्टर से वार्ता की गयी। तो उन्होंने गरीब आदिवासी मरीज बुद्धेश्वर माहली की कोई भी आर्थिक मदद करने से इनकार कर दिया। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

**जनप्रतिनिधियों की पहल :** धरना के दौरान गंभीर मामले की जानकारी विधायक मंगल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू एवं सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल को दी गयी। विधायक मंगल कालिंदी ने आश्वासन दिया वे इस मुद्दे को जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के समक्ष रखेंगे।

विधायक संजीव सरदार और जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू ने कहा अवध डेंटल कॉलेज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में हरसंभव मदद की जायेगी। वही सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने भी मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया।

**धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए शामिल :**

धरना प्रदर्शन के दौरान जिला पार्षद प्रतिनिधि पिंटू दत्ता, देवघर पंचायत मुखिया शशि सिंह सरदार, उप मुखिया श्रीमंत गौड़, बहादुर किस्कू, अर्जुन सोरेन, हरिपद सिंह, मंटू गौड़, सोनू महतो सहित कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय महिलाएं सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

**पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की आवश्यकता :** वर्तमान में पूर्व जिला पार्षद पिंटू दत्ता अपने स्तर पर बुद्धेश्वर माहली का इलाज करवा रहे हैं। लेकिन डॉक्टरों के अनुसार उन्हें पूरी तरह स्वस्थ होने में लाखों रुपये का खर्च आयेगा।

# अखिल भारतीय लाइनमैन दिवस इवेंट में झारखंड का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के निर्देश पर नयी दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में अखिल भारतीय लाइनमैन दिवस इवेंट का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड से चार सदस्यीय टीम ने भाग लिया। टीम में आरएमसीएच रांची में पदस्थापित लाइनमैन आलोक कुमार सिन्हा, धनबाद एमआरटी में पदस्थापित रंजीत महतो एमपीएमसीएच धनबाद में पदस्थापित थॉमस चंपिया शामिल थे। जिसका प्रतिनिधित्व एसडीओ संजय कुमार महतो ने की। टीम के द्वारा शानदार प्रदर्शन करने पर झारखंड के एसडीओ संजय कुमार महतो मैडल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।उनके टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया।



एसडीओ संजय कुमार महतो ने बताया राष्ट्रीय आयोजन में देशभर से 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें झारखंड राज्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अव्वल स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि झारखंड राज्य के ऊर्जा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इससे राज्य की तकनीकी दक्षता और कार्यकुशलता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। यह सफलता राज्य के सभी बिजली कर्मचारियों और तकनीकी विशेषज्ञों के कठिन परिश्रम का परिणाम है।

# सीएसआइआर-एनएमएल जमशेदपुर पहुंचा विज्ञान रथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सीएसआइआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर ने विज्ञान रथ को हरी झंडी दिखाई, जिसे भारत के लोगों के बीच वन वीक वन थीम अनुसंधान गतिविधियों को लोकप्रिय बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।




डॉ. एन कलैसेल्वी, सचिव, डीएसआइआर, भारत सरकार और महानिदेशक सीएसआइआर ने 14 फरवरी 2025 को सीएसआइआर-आइएमएमटी भुवनेश्वर से विज्ञान आधारित शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने वाली पहल, विज्ञान रथ का उद्घाटन किया। यह अभिनव परियोजना ओडिशा, जमशेदपुर, झारखंड और पड़ोसी राज्यों के स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जायेगी। तीन सप्ताह तक यह वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार करेगी और नागरिकों को भारत के विकास में योगदान देने हेतु प्रेरित करेगी। विज्ञान रथ का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप विज्ञान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह प्रयास व्यक्तियों को सशक्त बनाने और विशेष रूप से सीएसआईआर के माध्यम से भारत के भविष्य को आकार देने का वादा करती है।

विज्ञान रथ को अनुसंधान एवं विकास, खनन, खनिज, धातु और सामग्री (4एम) विषय के अनुसार डिजाइन किया गया है। देश भर में लगभग 25 सीएसआइआर प्रयोगशालाएं देश के खनिज और धातु संसाधनों के सतत उपयोग की दिशा में अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास के लिए इस थीम के तहत काम कर रही हैं।

सीएसआइआर-एनएमएल जमशेदपुर में विज्ञान रथ के दौरे पर, सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने राष्ट्र निर्माण में सीएसआइआर की गतिविधि के वैज्ञानिक ज्ञान और प्रचार के प्रसार में इस तरह की गतिविधि के महत्व पर प्रकाश डाला। विज्ञान रथ के साथ सीएसआइआर-एनएमएल और सीएसआइआर-आईएमएमटी के वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों की एक टीम भी थी।

विज्ञान रथ ने सेंट पीटर्स इंग्लिश स्कूल, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, टाटानगर, जमशेदपुर महिला कॉलेज और को-ऑपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर का दौरा किया और छात्रों से बातचीत की। रथ का भ्रमण करके तथा वैज्ञानिकों से बातचीत करके विद्यार्थी अत्यधिक संतुष्ट हुए।

# राहुल कुमार ने ग्रेट इंडियन सिंगिंग फेस्टिवल सीजन 3 का खिताब जीता

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के टेल्को स्थित चिन्मया विद्यालय के छात्र राहुल सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अद्भुत संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ग्रेट इंडियन सिंगिंग फेस्टिवल सीजन 3 का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के बेहतरीन गायक शामिल थे। लेकिन राहुल ने अपने माता पिता के आशिर्वाद से अपनी अनूठी शैली और सुरीली आवाज से निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया।



राहुल सरकार बचपन से ही संगीत के प्रति गहरी रुचि रखता था। वे न केवल एक उत्कृष्ट तबला वादक बल्कि गायन में भी अपनी अलग पहचान बना चुके है। उनके इस सफलता के पीछे परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके पिता विजय सरकार, जो टाटा मोटर्स में कार्यरत थे। स्वयं एक कुशल गायक हैं, जबकि उनकी माता काकुली सरकार भी एक प्रसिद्ध गजल गायिका हैं। परिवार का संगीतमय वातावरण राहुल के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहा है।

राहुल सरकार ने अपने स्कूल जीवन से ही सारेगामापा लिटिल चैंप्स (जी बांग्ला) सहित कई प्रतिष्ठित संगीत प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने नाम कई पुरस्कार किये।

## कांडी : दो मामलों में अभियुक्त गिरफ्तार

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने मंगलवार को दो मामले के अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जहां पहली घटना में थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला के साथ बलात्कार करने का मामला प्रकाश में आया। घटना के संबंध में कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि कांड की पीड़िता के प्राथमिकी के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुरूआ से ओमप्रकाश राम पिता मुखन राम तथा द्वितीय अभियुक्त नागेंद्र मेहता पिता विष्णु देव मेहता दोनों ग्राम गोरवा थाना कांडी जिला गढ़वा के विरुद्ध कांड दर्ज कर दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता को ओम प्रकाश राम और पीड़िता को एक साथ देखने पर परिजन तथा गांव में हल्ला करने की धमकी देते हुए जबरन वादिनी के साथ बलात्कार करने के आरोप पीड़िता ने लगाया है। वहीं दूसरी घटना में आर्म्स एक्ट 17 सीएल ए के प्राथमिक अभियुक्त दिलीप पासवान को गिरफ्तार कर हिरासत में भेजा गया।

# लग्जरी कार से 5 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**हरियाणा से झारखंड के रास्ते बिहार तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था अवैध महंगी शराब : एसडीपीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल (गढ़वा)।** मेराल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक होंडा कार से बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो युवकों को पकड़ा है। पकड़े गये युवकों में बिहार के अरवल थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 के जैकी कुमार 28 वर्ष पिता रामजी पासवान तथा कुंदन कुमार 25 वर्ष पिता अरुण पासवान शामिल है। जपती सूची बनाने के बाद पकड़े गए दोनों युवक को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ नीरज कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया मंगलवार की प्रातः 4:00 बजे एसपी को गुप्त सूचना मिली कि एक कार में महंगी शराब तस्कर के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना पर एक छापामारी दल का गठन कर थाना गेट के सामने एनएच 75 पर लगाया गया। कुछ ही देर में एक काले रंग का होंडा कार थाना के सामने से तेजी से भागने लगी जिसे छापेमारी दल द्वारा पीछा कर पकड़ लिया। जब कर को चेक किया गया तब कार में रेड लेबल लिखा हुआ 750 एमएल का शीशा का सील बंद 156 बोतल, ब्लेंडर प्राइड लिखा हुआ 750 एमएल का दो दर्जन बोतल, मैजिक मोमेंट ट्रिपल डिस्टिल्ड लिखा हुआ 750 एमएल का तीन दर्जन बोतल, मैजिक मोमेंट फ्लेवर्ड वोडका ग्रीन एप्पल लिखा हुआ 750 एमएल का दो दर्जन बोतल, बावर्डी लेमन लिखा हुआ 750 एमएल का तीन दर्जन अंग्रेजी शराब का बोतल तथा काला रंग का एक कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 एएन 4142 तथा कार के बीच वाले सीट के पावदान के पास दो अन्य नंबर प्लेट जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डीएल 4 सीएएन 3514 तथा बीआर 01बीई 6854 अंकित दो-दो पीस पाया गया। एसडीपीओ ने बताया कि महंगी अंग्रेजी शराब की तस्करी के लिए गाड़ी में रखे गए नंबर प्लेट को दूसरे प्रदेश बिहार और दिल्ली में लगाया जाता था।

**छापेमारी दल में रहे शामिल :** एसडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद, थाना प्रभारी विष्णुकांत, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह, दीपक पासवान, रवि कुमार, प्रेम प्रकाश पांडे के साथ सहायक अवर निरीक्षक तुलेश्वर गंझू, आरक्षी 722 छोटू माझी, हवलदार गिरजा मोची तथा चौकीदार अनिल राम शामिल थे।

# सेंट्रल बैंक सगमा में चोरी का प्रयास विफल

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय सगमा में धुरकी मुख्यपथ तथा सगमा बीरबल मुख्यपथ के तिराहे के पास सगमा सेंट्रल बैंक शाखा कार्यालय अवस्थित है। बैंक शाखा के बगल में कई दुकान संचालित होता है। दुकान का मालिक सुबह अपनी दुकान खोलने के लिए आये, तो देखा की बीरबल रोड की तरफ लगा रोशन दान टूटा हुआ है। इसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से बैंक कर्मियों को दिया गया। इसकी सूचना पर पहुंचे शाखा प्रबंधक रविशंकर कुमार ने देखा की बैंक का रोशनदान टूटा हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना धुरकी थाना के साथ पुलिस उपाधीक्षक को भी दिया। सूचना का संज्ञान लेते हुए गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय अपने दल बाल के साथ सगमा पहुंचकर निरीक्षण किया। बैंक में लगे सीसी टीवी कैमरा को खंगालने पर देखा गया की एक चोर रोशन दानी से बैंक के अंदर प्रवेश किया है, मगर बैंक के अंदर लगे अन्य ताला को चोर खोलने में नाकामयाब रहे। मगर चोर के द्वारा जाते-जाते बगल के पान गुमटी का ताला तोड़कर एक हजार रुपया निकलकर लेते गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि सीसी कैमरा से मिले फुटेज के आधार पर चोरों का पता लगाया जा रहा है। बहुत जल्द चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इस मौके पर पहुंचे श्री बंसीधर नगर के डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह गढ़वा डीएसपी नीरज कुमार धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के साथ बैंक कर्मी भी उपस्थित थे।

## सायरन बजते ही बैंक से उल्टे पांव भागे चोर



चोरों ने बैंक के पीछे का दीवाल में सेंध मारा।

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना मुख्यालय के हाई स्कूल चौक के समीप सोमवार की रात्रि एक निजी बैंक में सेंधमारी करने की घटना प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार उत्कर्ष इस्माइल फाइनेंस बैंक में चोरों ने बैंक के पीछे का दीवाल में सेंध मार कर अंदर घुसने का प्रयास किया, तभी बैंक में लगा सायरन बज गया। सायरन बजने पर आसपास के लोग जग गये तथा बैंक के पास पहुंचकर थाना पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलने ही थाना प्रभारी विष्णु कांत दलबल के साथ पहुंच कर घटना की जानकारी ली। बाद में बैंक के शाखा प्रबंधक श्याम सुंदर से ब्रांच का ताला खुलवाकर तहकीकात किया। पुलिस गंभीरता से घटना की पड़ताल में जुट गयी है। बता दें कि उक्त बैंक गोंदा निवासी रामजबित प्रजापति के घर में भाड़े पर संचालित होता है।

## शिवलिंग की स्थापना दिवस भंडारा का आयोजन



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह नगर ऊंटारी में शिवलिंग एवं चरण पादुका स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर पूज्य गुरुपद बाबा संभव रामजी ने समाधि स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना कर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं के द्वारा 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया गया, जिसमें भक्तों ने अघोरा ना परो मंत्र नास्ति तत्वं गुरु परम का जाप करते झूमते गाते रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर समूह सदस्यों के द्वारा दोपहर में सामूहिक भंडारा का आयोजन किया गया। शिवलिंग एवं चरण पादुका स्थापना दिवस के अवसर पर समूह के द्वारा निःशुल्क साड़ी वितरण किया गया। उक्त अवसर पर, शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव, आनंद जायसवाल, प्रशांत सहाय, नागेंद्र प्रसाद, मनोज देव, नवीन कांत सिंहा, राजेंद्र यादव, रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर जिप सदस्य ने सीओ के साथ बैठक की



बिशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और अन्य विकास योजनाओं को लेकर जिला परिषद सदस्य शंभु राम चंद्रवंशी ने अंचलाधिकारी सह बीडीओ राजेश कुमार एवं सभी कर्मियों के साथ प्रखंड के सभागार में बैठक किया। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य विकास योजनाओं की जानकारी ली। बैठक में जिप सदस्य शंभु राम चंद्रवंशी ने कहा कि बिशुनपुरा सहित अन्य प्रखंडों से जिले के बाहर के किसानों का फर्जी तरीके से निबंधन की शिकायत विभाग से की गयी थी। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जिसकी जांच चल रही है। जिसके कारण जिले के किसानों का अभी तक राशि प्राप्त नही हुवा है। कहा कि जल्द ही योग्य किसानों के खाते में सम्मान निधि की राशि चली जायेगी, जबकि बिचौलियों द्वारा अफवाह फैलाया जा रहा कि मैंने किसानों का नाम कटवा दिया है। जो सरासर गलत है। वहीं अंचलाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि अंचल स्तर से किसी भी लाभुक का पेमेंट स्टॉप नही किया गया है। बैठक में इसके अलावे अबुवा आवास, पेंशन, मनरेगा सहित अन्य विकास योजनाओं पर चर्चा की गयी। बैठक में सभी अंचल एवं प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## अनुमंडल पदाधिकारी और रंका अंचल पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया



रंका (आजाद सिपाही)। सामुदायिक वन प्रबंधन संघ, गढ़वा के तत्वावधान में सरकारों के वन अधिकार कानून के प्रति नकारात्मक रवैया के खिलाफ आहुत (26 फरवरी-से-5 मार्च 2025 तक) 8 दिवसीय पद यात्रा के कड़ी में मंगलवार को पदयात्रा रंका अनुमंडल और प्रखंड अंचल कार्यालय पहुंचा, जहां अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप और रंका अंचल पदाधिकारी शिव पूजन तिवारी को 13 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा।

# सत्येंद्र तिवारी ने चिनियां प्रखंड में सड़क निर्माण और जिला उद्योग केंद्रों पर बहाली की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं झारखंड विधानसभा की सामान्य प्रयोजन समिति के सभापति सत्येंद्र नाथ तिवारी ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधानसभा में सरकार से चिनियां प्रखंड के चार सड़कों का अविलंब निर्माण करने की मांग करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति/जनजाति बहुल सुदूरवर्ती चिनिया में सड़कों की स्थिति अत्यंत से जर्जर है, जिससे हजारों लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खराब सड़क होने की वजह से आये दिन आमजन दुर्घटना के शिकार भी हो रहे हैं।

गढ़वा विधायक ने चिनियां प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिगसिगा कला मेन रोड से गंगा यादव के घर होते हुए मध्य विद्यालय तक, ग्राम तहले में राम प्रसाद साह के घर से प्रशांत कोरबा के घर होते हुए अनराज नदी तक, ग्राम हेताड़खुर्द टोला केल्हाझरिया में मेन रोड़ से इमली तक एवं ग्राम नकसीली से परशुखाड़ तक अविलंब सड़क निर्माण की मांग करते हुए कहा कि उक्त सड़क का निर्माण जनहित में अति आवश्यक है ताकि हजारों हजार लोगों को आवागमन में सुविधा हो।

सत्येंद्र नाथ तिवारी ने उद्योग विभाग अंतर्गत जिला उद्योग केंद्रों में स्वीकृत सभी पदों पर अविलंब बहाली की मांग करते हुए कहा कि झारखंड राज्य में पिछले 24 वर्षों से उद्योग विभाग के अंतर्गत जिला उद्योग केंद्रों में स्वीकृत परियोजना प्रबंधक/कार्यकारी प्रबंधक और महाप्रबंधक के लगभग सभी पद रिक्त हैं, जिसके कारण राज्य में औद्योगिक विकास हेतु सलाह देने व परियोजना निर्माण का कार्य लगभग ठप है।

श्री तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार बिना देरी किये उद्योग विभाग अंतर्गत जिला उद्योग केंद्रों में स्वीकृत सभी पदों पर अविलंब बहाली करे, ताकि राज्य में नये उद्योगों का निर्माण हो सके, जिससे झारखंड वासियों को रोजगार मिले और पलायन पर रोक लग सके।

## भवनाथपुर के कोण मंडरा में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कोण मंडरा में जिला परिषद से 55 लाख की लागत से निमार्णाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र में घटिया सामग्री के उपयोग का मामला सामने आया है। इस निर्माण कार्य का निरीक्षण जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने किया, जहां उन्होंने भवन निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री पाये जाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि संवेदक द्वारा मिट्टी युक्त बालू और घटिया ईंट इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ईंटें बेहद कमजोर और टूटी-फूटी हैं, जिससे भवन की मजबूती पर असर पड़ेगा। सीमेंट का अनुपात सही नहीं है, जिससे निर्माण कमजोर होगा। निरीक्षण के बाद रंजनी शर्मा ने संवेदक को चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया, तो वह गढ़वा उपायुक्त से शिकायत करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह भवन कुछ वर्षों में ही जर्जर हो जायेगा और जनता के पैसे की बबार्दी होगी।

## डायन बिसाही मामले में वृद्ध की हत्या

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र के शारदा गांव के पीपर डंडी टोला में डायन बिसाही को लेकर उत्पन्न विवाद में टांगी से काट कर वृद्ध की हत्या का उदभेदन धुरकी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर करते हुए मुख्य आरोपी राजेश्वर बैठा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले रविवार को पुतूर गांव निवासी 70 वर्षीय राम धनी बैठा की हत्या भुत बिसाही को लेकर भतिजा राजेश्वर बैठा ने टांगी से मार कर कर दिया था।

## लवाहीकलां गांव में चार अप्रैल से महायज्ञ शुरू

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के लवाहीकलां पंचायत भवन के समीप 4 अप्रैल 2025 को श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ किया जायेगा। जिसकी जानकारी यज्ञ कमेटी के लोगों ने मंगलवार को दिया है। जानकारी देते हुए यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद सचिव बैजनाथ प्रसाद कोषाध्यक्ष लाल बिहारी पासवान ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ लवाहीकलां पंचायत भवन के बगल में आयोजित की जा रही है। यज्ञ चार अप्रैल से प्रारंभ हो जायेगा और 9 अप्रैल को पूणार्हुति होगी। पांच दिवसीय यज्ञ का कलश यात्रा 4 अप्रैल को निकाला जायेगा। यज्ञ शुरू होते ही विद्वान कथावाचकों के द्वारा प्रवचन का कार्यक्रम चलेगा। जिसमें मुख्य रूप से श्री श्री 1008 श्री स्वामी शत्रुध्यानाचार्य जी महाराज होंगे।

# एकलव्य विद्यालय में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा नौ मार्च को

**उपायुक्त की अध्यक्षता में कल्याण आवासीय विद्यालय में नामांकन संबंधी बैठक संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, आश्रम विद्यालय एवं अन्य आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए वर्ग 06,07 और 08 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा संबंधित समीक्षा बैठक की गयी।

उक्त बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय/ आश्रम विद्यालय और अन्य आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6,7 एवं 8 में नामांकन हेतु 09 मार्च 2025 को राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा निर्धारित है। गढ़वा जिला अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 06,07 एवं 08 में नामांकन हेतु एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय/ आश्रम आवासीय विद्यालय/ आवासीय विद्यालय में कुल रिक्तिया 299 है। इसके लिए जिला स्तर पर कक्षा 06 के लिए 457, कक्षा 07 के लिए 397 एवं कक्षा 08 के लिए 396 अर्थात कुल 1250 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।

उक्त के आलोक में उपायुक्त श्री जमुआर के निर्देश पर कक्षा 06 के लिए राजकीय कृत गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय, गढ़वा, कक्षा 07 के लिए राजकीय कृत बालिका उच्च विद्यालय,गढ़वा एवं कक्षा 08 के लिए राजकीय कृत राम साहू उच्च विद्यालय गढ़वा में परीक्षा केंद्र स्थापित किये जायेंगे। साथ ही उपायुक्त ने प्रवेश परीक्षा, ओएमआर शीट की जांच/ मूल्यांकन और मेधा सूची उप निदेशक, पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर को भेजने हेतु निर्देश दिए। 09 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:30 तक आयोजित किए जायेंगे। उक्त बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय,गढ़वा के प्राचार्य, बालिका उच्च विद्यालय, गढ़वा के प्रधानाध्यापक तथा रामसाहू उच्च विद्यालय, गढ़वा के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

## ट्रकों के मार्ग को खुलवाने और मजदूरों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। नीलामी प्रक्रिया के बाद प्लांट की कटिंग कार्य के दौरान सड़क जाम कर ट्रक को रोकते हुए चालक को धमकाने एवं डराने के मामले को लेकर कटिंग कार्य के कंपनी के मालिक ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर मार्ग खुलवाने के साथ ही सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। थाना में दिये आवेदन में आनंद जायसवाल ने जिक्र किया है, कि हमारी कंपनी मेसर्स एनडी अलायस द्वारा सेल भवनाथपुर के क्रशिंग प्लांट का ई ऑक्शन में स्क्रैप की खरीदी की गयी है। कहा कि विगत 25 फरवरी से कुछ लोगों के द्वारा आने जाने वाली मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया और कटिंग तथा लोडिंग कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट तथा मजदूरों के राशन को जबरन छीनने का अंजाम दिए हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले की गंभीरता से लेते हुए माल ढुलाई के कार्य में लगे ट्रकों की मार्ग खुलवाने के साथ कंपनी के मजदूरों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

# बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने विकास विरोधी बताया

आजाद सिपाही संवाददाता




राजेश मेहता




जितेंद्र ठाकुर



श्रवण चंद्रवंशी



पंकज विश्वकर्मा



प्राण यादव

**डंडई।** झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। जिसे लेकर डंडई प्रखंड क्षेत्र में भी किसी ने सरकार को सराहा तो किसी ने एक सिरे नकार दिया है। वहीं अन्य लोगों में भी सरकार की तारीफ की है। बजट का समर्थन करने वाले लोग बजट को सभी क्षेत्रों में विकास को गति देने वाला बताया। जबकि बजट में विरोध करने वाले लोगों ने इसे नकारते हुए जनता को उम्मीदों को कुचलने वाला बताया है।

झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं पर सरकार का फोकस रहा। इस बजट में राज्य के प्रगति को बढ़ावा मिलेगा स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान देना सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को मासिक 100 यूनिट बिजली मुफ़्त देने की घोषणा भी अच्छी है।

वहीं झामुमो नेता जितेंद्र ठाकुर ने पेश किये गये बजट को विकासोन्मुख बजट और मील का पत्थर साबित होने वाला बताया है। कहा कि कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता देकर सरकार ने सबों को एक साथ लेकर चलने का काम किया है और मंईयां योजना को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया गया है जो संतोष जनक है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रवण चंद्रवंशी ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि इस बजट में किसी भी तरह जनता के हित नहीं है। अबुआ बजट के नाम पर जनता को लालीपॉप मिला है। बजट में युवा महिला किसान व्यापारियों अनुबंधकर्मी सबको धोखा मिला है।

भाजपा मंडल प्रभारी पंकज विश्वकर्मा ने बजट को झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता की उम्मीदों को कुचलने वाला बताया। आम जनता के लिए बजट निराशाजनक है।

युवा समाजसेवी आकाशदीप भारती ने कहां की बजट में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए 3384 करोड़ 45 लाख 97 हजार रुपये का बजट में प्रावधान किया गया है। यह सराहनीय है। इससे दबे कुचले लोगों का उत्थान संभव होगा।

सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्राण यादव ने कहा कि यह बजट शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहलों पर केंद्रित है, जो शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। स्कूली शिक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार ने बजट में स्कूली शिक्षा के संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया है, जिसमें बालिका शिक्षा, उच्च शिक्षा, और खेलों के विकास पर जोर दिया गया है।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**इचाक शाखा**
इचाक बाजार, जिला हजारीबाग,
पिन - 825402, झारखण्ड

**अनुलग्नक - IV**
**परिशिष्ट-IV-ए [नियम 8(6) के उपबंध देखें]**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 संपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-8(6) के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय का ई-निलामी विक्रय सूचना**

एतद्द्वारा जन साधारण को सामान्यतः एवं निम्नवर्णित ऋणी(यों), बंधककर्ता(ों ) तथा जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचित किया जाता है की **इंडियन बैंक, इचाक शाखा** प्रतिभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित बंधक/ प्रभारित अचल सम्पत्ति प्रतिभूत ऋणदाता के भौतिक/ रचनात्मक **(सांकेतिक)** कब्जे है, जिसका **"जहाँ है, जैसी है, जो कुछ भी है"** के आधार पर **दिनांक 25.03.2025** को इंडियन बैंक, इचाक शाखा में ऋणी **श्री रामचन्द्र मेहता,** पिता शंभु महतो, हदारी, थाना- इचाक, हज़ारीबाग़; **श्रीमती जुगेश्वरी देवी,** पति श्री रामचन्द्र प्रसाद मेहता, ग्राम- हदारी, पोस्ट एवं थाना- इचाक, जिला - हज़ारीबाग एवं **श्रीमती दुलारी देवी,** पति श्री प्रबिल प्रसाद मेहता, ग्राम- कनौदी, पोस्ट एवं थाना- इचाक, जिला - हजारीबाग, तोरपा रोड,पोस्ट एवं थाना खूंटी द्वारा बकाया **रू. 54,98,197.13 (रूपये चौवन लाख अंठानवे हजार एक सौ संतानवे एवं तेरह पैसे मात्र, दिनांक 20.01.2024 तक)** के वसूली के लिए विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।
ई-ऑक्शन विधि द्वारा बिक्री हेतु प्रस्तावित अचल सम्पत्तियों का विवरण निम्नवर्णित है :

| | |
|---|---|
| सम्पत्ति का विस्तृत विवरण | गिरवी रखी गई सम्पत्ति जिसका विक्रय विलेख संख्या 11792 दिनांक 01.06.1995, सम्पत्ति के सभी भाग - विक्रय विलेख संख्या 11792 दिनांक 01/06/1995 जो श्रीमती जुगेश्वरी देवी पतिश्री रामचन्द्र प्रसाद मेहता के नाम पर ग्राम-गुंजा इचाक एवं श्रीमती दुलारी देवी, पति श्री प्रबिल प्रसाद मेहता, ग्राम कनौदी इचाक। मौजा- हदरी, खाता संख्या 97, प्लॉट संख्या 1446, ग्राम- हदरी, पोस्ट - इचाक, थाना- इचाक, सब जिला- हजारीबाग, क्षेत्रफल- 7.00 डिसमिल। **चौहद्दी :** उत्तर - भीखलाल महतो का प्लॉट, दक्षिण - सड़क, पूर्व - बाबुन महतो का प्लॉट, पश्चिम - बैजनाथ महतो का प्लॉट |
| सम्पत्ति पर अदिभार | बैंक को ज्ञात नहीं |
| आरक्षित मूल्य | रू. 15.75 लाख (रूपये पंद्रह लाख पचहत्तर हजार मात्र) |
| ईएमडी राशि | रू. 1.58 लाख (रूपये एक लाख अंठावन हजार मात्र) |
| बोली वृद्धिशील राशि | आरक्षित मूल्य का न्यूनतम 1% |
| ई-नीलामी की तिथि एवं समय | 25.03.2025; समय: पूर्वाह्न 10.00 से अपराह्न 04.00 बजे तक |
| सम्पत्ति आईडी | IDIB50107331452 |

अनुलग्नक - IX

बोलीदाता को सलाह दी जाती कि ऑनलाइन बीड में हिस्सा लेने के लिये हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता PSB Alliance Pvt. Ltd. के वेबसाईट (https://baanknet.com) विजीट करें। तकनीकी सहायता के लिये कृपया मोबाईल सं. 8291220220 में कॉल करें। रजिस्ट्रेशन तथा अग्रधन जमा राशि की स्थिति के लिये ईमेल support.baanknet@psballiance.com से संपर्क करें।
सम्पत्ति के विवरण एवं फोटो तथा नियम व शर्तो के लिए वेबसाईट https://baanknet.com विजीट करें और पोर्टल संबंधित स्पष्टीकरण के लिये, कृपया PSB Alliance Pvt. Ltd. के मोबाईल सं. 8291220220 में संपर्क करें।
**बोलीदाता को सलाह दी जाती है** कि वेबसाईट https://baanknet.com में सम्पत्ति खोजने के लिये, उपर्युक्त वर्णित **सम्पत्ति आईडी सं.** का इस्तेमाल करें।

**दिनांक : 28.02.2025**
**स्थान : इचाक**

**सम्पर्क व्यक्ति: प्राधिकृत अधिकारी - अजीत कुमार - 7004025431**
**शाखा प्रबंधक - पंकज कुमार सिन्हा - 7209857472**

**क्यू आर कोड**

बैंक वेबसाईट www.indianbank.in | ई-नीलामी वेबसाईट | दस्तावेज (विक्रय सूचना) | सम्पत्ति का विडियो | सम्पत्ति के फोटो | सम्पत्ति का स्थान

विवाद/ त्रुटि के स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

## नवाडीह में रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक नवाडीह मोना टोला में मंगलवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के एरिया प्रवक्ता रामलखन गंझू एव एरिया उपाध्यक्ष अमृत भोगता उपस्थित थे। बैठक में मोर्चा के प्रवक्ता रामलखन गंझु ने कहा कि ग्रामीण अपने हक अधिकार के प्रति जागरूक रहे और अपनी एकजुटता बनाये रखे। ताकि आपको अपना हक अधिकार मिल सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जल्द ही दस मिलियन की रोहिणी करकट्टा ओसीपी खुलने वाला है, इसलिए सभी ग्रमीण जागरूक एवं सचेत रहे ताकि कोई भी बाहरी आपके हक अधिकार को छीन नही सके। कहा गया कि रोहिणी करकट्टा ओसीपी जो खुलने वाला है, उसमें स्थानीय रैयत ग्रामीणो को ही प्राथमिकता देने की मांग प्रबंधन एवं अंचल से की गयी। इसके अलावा बाहरी लोगों के द्वारा जो वन भूमि पट्टा बनवाने एवं गैरमजरूआ जमीन की बंदोबस्ती कराये जाने पर कड़ा विरोध जताया गया। बैठक में भरत महतो, कुलदीप प्रसाद, राधा देवी, तारा देवी, बंधनी देवी, सोहरी देवी, रिझनी देवी,सूरज मुंडा, संजय मुंडा, अजित लोहरा, विजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## रमेश चौहान बने पेजयल स्वच्छता विभाग के विधायक प्रतिनिधि



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मोहननगर निवासी रमेश चौहान एवं चुरी होयर निवासी बिरेंद्र यादव को खलारी प्रखंड के कई विभागों का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। रमेश चौहान को पेयजल, स्वच्छता, असंगठित मजदूर विभाग, बिरेंद्र यादव को खलारी प्रखंड ग्रामीण विकास विभाग और असैनिक विभाग एनके एरिया का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। कांके विधायक सुरेश बैठा ने रांची में रमेश चौहान एवं बिरेंद्र यादव को विधायक प्रतिनिधि का नियुक्ति पत्र दिया गया।र मेश चौहान के विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर बधाई देने वालों में विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, राजन सिंह राजा, राजेश सिंह मिंटू, इंदिरा देवी, रोशन लाल, गांगुली उरांव आदि शामिल है।

## दाखिल खारिज और सर्टिफिकेट से जुड़े मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें: उपायुक्त



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को अंचल कार्यालय कर्रा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति, उनके कार्यों की प्रगति, भूमि जमाबंदी, दाखिल खारिज, सर्टिफिकेट से जुड़े मामलों के निष्पादन और अंचल से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि वे कार्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें और अंचल में लंबित मामलों का त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवा प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उपायुक्त ने हल्कावार समीक्षा करते हुए लंबित दाखिल खारिज के मामले, जाति, आवासीय और आय सर्टिफिकेट से संबंधित मामलों का निष्पादन निर्धारित समय पर करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी दाखिल खारिज या सर्टिफिकेट से सम्बंधित आवेदन को बिना किसी कारण लंबित न रखें। प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय पर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। यदि आवेदकों के पर्याप्त दस्तावेज नही है, तो आवश्यक रूप से रिमार्क्स (कारण) लिखते हुए निर्णय लें। किसी भी परिस्थिति में बिना कारण बताए मामलों को रिजेक्ट न करें।

## चार मई को खूंटी के दो केंद्रों में होगी नीट की परीक्षा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिले में पहली बार एनइइटी(नीट) परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। परीक्षा की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जानकारी दी कि खूंटी जिले में लगभग 140 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन चार मई को किया जायेगा, जिसके लिए उसुर्लाइन कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल और केंद्रीय विद्यालय, खूंटी को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। बैठक में परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने एवं परीक्षा को कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त ने महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने एवं समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, डीआइओ समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बड़कोलमा में भागवत कथा का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के बड़कोलमा गांव मेंचंद्र भूषण पाठक के द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। मौके पर कड़िया सिंह मुंडा, दुर्लभ महतो, सरजू सिंह, महिद्र मुंडा, सच्चिदानंद यादव, सोमा मुंडा आदि ने भागवत कथा का आनंद लिया।

## कार्मिक नियमावली 2015 के अनुरूप जल्द निर्णय लेंगे : शिक्षा सचिव

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के द्वारा उच्च न्यायालय झारखंड में दायर याचिका संख्या डब्लूपीएस - 4571 / 2024 के विरुद्ध न्यायालय के न्यायादेश के आलोक में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के सचिव उमाशंकर सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में मोर्चा के प्रतिनिधि को अपना पक्ष रखने हेतु 3 मार्च 2025 को आमंत्रित किया। जिसके तहत झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, जिला संयोजक सोमेश कुमार मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास एवं संयोजक आशुतोष कुमार के साथ उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सहदेव चौधरी कार्यालय कक्ष में उपस्थित हुए। विभाग की ओर से विभागीय सचिव उमा शंकर सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेंदु तिग्गा शामिल रहे। शिक्षा सचिव ने मोर्चा के प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत तथ्यों एवं उपस्थापित नियमावली के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर न्यायादेश के अनुरूप अंतिम निर्णय लेने की बात कही।

# खनन विभाग ने औचक जांच की, 17500 सीएफटी बालू जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ईचागढ़।** जिला खनन विभाग सरायकेला-खरसावां का अवैध बालू के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कारवाई किया जा रहा है। अवैध बालू उत्खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ लगातार कारवाई किये जाने से बालू व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं मंगलवार को ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बीरडीह के सुवर्ण रेखा नदी घाट के पास जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपती के नेतृत्व में खनन विभाग द्वारा औचक निरीक्षण कर 17500 सीएफटी अवैध बालू को जब्त किया। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपती ने बताया कि कांड्रा चौका मार्ग पर अवैध बालू, गिट्टी आदि के खिलाफ औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान आयरन, गिट्टी और बालू लदे वाहनों के परिवहन कागजातों की जांच की गयी। इस दौरान किसी तरह के अवैध परिवहन का मामला नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा तड़के सुबह 3:30 बजे ईचागढ़ थाना अंतर्गत बीरडीह नदी घाट पर छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान 17500 सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में अग्रेत्तर करवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार कारवाई किया जा रहा है।

# सुदीप गुड़िया ने सदन में उठाया बानो प्रखंड में बैंकों की कमी का मामला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने मंगलवार को विधानसभा में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के बानो प्रखंड में बैंकों की कमी का मामला उठाते हुए कहा कि बानो प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 50 किमी के दायरे के लगभग एक लाख पचास हजार से अधिक खाताधारक सैलरी, पेंशन, छात्रवृत्ति आदि सुविधा कें लिए निर्भर हैं। बैंक शाखा एक छोटे भवन के उपर तल्ले पर अवस्थित है। लोगों को विशेषकर बुर्जुगों और दिव्यांगों को संकीर्ण सीढ़ी से उतरने-चढ़ने में दिक्कत होती है। कार्यक्षमता से अधिक भीड़ होने के कारण लोगों को भारी समस्या हो रही है। पूर्व में अत्यधिक भीड़ से चोटिल होकर एक महिला की अंगुली भी कट चुकी है। सुबह छह बजे से लाइन लगने के बाद भी कई लोग काउंटर तक नहीं पहुंच पाते हैं। विधायक ने कहा, सदन के माध्यम से मैं मांग करता हूं कि बैंक शाखा अन्यत्र उचित स्थान में स्थानांतरित किया जाय। साथ ही क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप बानो प्रखण्ड की जमतई पंचायत के हुरदा में भी एक बैंक शाखा खोली जाये।

## राज्यहित में क्रांति लायेगा बजट : विजय शंकर नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने झारखंड के बजट 2025-2026 पर कहा कि बजट की राशि का आकार बढ़ाना अच्छी बात है, लेकिन संपूर्ण बजटीय राशि का खर्च योजनामद में करना ही विकास का पैमाना है। विजय शंकर नायक ने कहा कि वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा पेश किया गया बजट राज्यहित में ऐतिहासिक क्रांति लायेगा, लेकिन इसके लिए संपूर्ण बजटीय राशि का खर्च करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बजट में सामान्य क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र, आर्थिक क्षेत्र, मंईयां सम्मान योजना, पर विशेष फोकस किया गया है।

## भंडरा थाना में शांति समिति की बैठक आज

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** होली पर्व में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 5 मार्च को दोपहर 3:00 बजे भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता सीओ दुर्गा कुमार करेंगे, जिसमें पुलिस और प्रखंड प्रशासन, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। बैठक में पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों को लेकर चर्चा की जायेगी, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

# बजरंग दल संयोजक ने की नये थाना प्रभारी से मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** रांची जिला ग्रामीण बजरंगदल संयोजक बिनोद विश्वकर्मा एवं दुगार्वाहिनी खलारी प्रखंड संयोजिका सुनीता महतो ने मंगलवार को खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो से औपचारिक मुलाकात कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। मौके पर थाना प्रभारी को बिनोद विश्वकर्मा ने भगवा वस्त्र पहना कर और सुनीता महतो ने राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात के क्रम में थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए कानून व्यवस्था को बनाय रखने मे सहयोग की बात कही और सामाजिक कार्य के लिए जो उचित होगा सहयोग करने की बात कही। वंही संयोजिका सुनीता महतो ने क्षेत्र में लड़कियों और महिलाओं के सुरक्षा के विषय पर अपनी बात रखी। मौके पर जीते चौहान, संतोष राणा, चुरी पश्चिमी संयोजिका नीरा देवी, दीपशिखा पांडे, अनीता सिंह, सुनीता सिंह, अनीता लोहरा, सीता देवी उपस्थित थे।

# बाइक चोरी से परेशान छात्रों का पुलिस के सामने हल्लाबोल, कार्रवाई की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित साझा सेंट्रल लाइब्रेरी में छात्र बाइक चोरी की समस्या से दो चार हो रहे हैं। छात्रों का आरोप है कि लाइब्रेरी के बाहर से उनकी बाइक चोरी कर ली जा रही है। जिसके बाद बाइक चोरी की घटनाओं से परेशान छात्रों ने परिसर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने मीडिया से चर्चा में कहा कि साझा सेंट्रल लाइब्रेरी के बाहर से 2 महीनों के बीच 8 से ज्यादा दोपहिया वाहनों की चोरी हुई है। ताजा घटना मंगलवार की है यहां एक छात्र की बाइक चोरी हो गयी। जिसके बाद छात्र आक्रोशित हो गये। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने लाइब्रेरी प्रबंधक के ऑफिस के सामने जमकर हंगामा किया। हंगामा और प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मांग है कि लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने के लिए आने वाले छात्रों की बाइक और स्कूटी गायब हो रही है। ऐसे में सभी छात्रों को लाइब्रेरी के अंदर बाइक रखने की स्थायी व्यवस्था की जाये।

### नहीं थम रहा चोरी का सिलसिला

छात्रों का आरोप है कि चोरी की वारदात में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। जबकि लालपुर थाना पुलिस इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है। इस हंगामे की सूचना पर लालपुर थाना की पुलिस ने छात्रों को समझाया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी बाइक के लिए उचित जगह का चयन करके के बाद स्थान मुहैया करा दी जायेगी। वहीं आक्रोशित छात्रों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग रखी है।

### साइकिल की सीट तक हो रही चोरी

मंगलवार को जिस राजकिशोर नामक छात्र की बाइक चोरी हुई थी। उसने मीडिया को बताया कि लाइब्रेरी के बाहर सुरक्षा को लेकर लालपुर थाना पुलिस का रवैया लापरवाह वाला रहा है। 2 महीने के भीतर कई बाइक और स्कूटी चोरी हो चुकी है। जबकि कुछ छात्रों ने यह भी बताया कि चोरों का दुस्साहस इतना है कि वह साइकिल की सीट तक खोलकर ले जाते हैं।

### आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है पुलिस

वहीं मामले को लेकर लालपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि अब तक 11 बाइक चोरी करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। छात्रों को भी इसकी जानकारी दी गयी है। वहीं छात्रों की मांग है कि उन्हें बाइक और स्कूटी पार्किंग के लिए लाइब्रेरी के अंदर जगह दी जाये। इस मामले को लेकर लाइब्रेरी प्रबंधन और छात्रों के बीच वार्ता रखी गयी है। वहीं लाइब्रेरी के बाहर पुलिस गश्त बढ़ाने पर सहमत हो चुकी है।

# भाजपाइयों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया धरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार और टंडवा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में चतरा जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ टंडवा प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता टंडवा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय और पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन रंजीत गुप्ता ने किया। धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले के उपाध्यक्ष सह इस कार्यक्रम के प्रभारी बिंदेश्वरी यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। धरना में सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

अपने विचार रखते हुए पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि पूरे चतरा जिला आज भ्रष्टाचार में लिप्त है। इस जिले के पदाधिकारी पूरी तरह से भ्रष्टाचार में संलिप्त हो चुके हैं, जिसका ताजा उदाहरण बीते 10 दिनों में कई ऐसे उदाहरण मिले हैं। कहीं मुखिया पर हाथ चला देना जबकि वह एक जनप्रतिनिधि है। कहीं पंचायत सेवक को प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सेवा मुक्त करना। ऐसे कई उदाहरण है। इससे जिला प्रशासन सचेत हो जाये नहीं तो भारतीय जनता पार्टी इस धरना के माध्यम से अंजाम तक ले जाकर तालाबंदी भी करेगी। इसके उपरांत एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया। इस कार्यक्रम में पिपरवार मंडल से मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा के अलावा टंनू सिंह, अरुण सिंह, सुखी गंझु, धनराज भोगता, दिलीप अम्बष्ट, रामदास प्रसाद, गिरिजा प्रसाद, महेश विश्वकर्मा, करण कुमार महतो, संजय भोक्ता, इंद्रदेव शर्मा, राघवेंद्र कुमार, परमेश्वर गंझू, दिलेश्वर महतो, भरत सिंह भोक्ता, आर्यन कुमार, आदित्य कुमार, दिनेश महतो सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## रनिया में पत्थर से कूच कर वृद्ध की हत्या

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रनिया थाना क्षेत्र के बेल टोली उसराम गांव में एक 70 वर्षीय वृद्ध की हत्या पत्थर से कूच कर दी गयी। मृतक पहचान बेल टोली निवासी 70 वर्षीय रंथु सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात को रंथु घर में सो रहा था। उसी रात बिरसा प्रधान उसके घर जाकर शराब पिलाने के बहाने घर से दूर कोंगा डिपा चट्टान के पास ले जाकर एक बड़े पत्थर से कूच कर हत्या कर दी और गांव से फरार हो गया। इस मामले को लेकर गांव के ग्रामीणों का भी कहना है कि इससे पहले भी कई बार बिरसा और रंथु के बीच झड़प हो चुकी थी, जिसे लेकर पिछले महीने दोनों के बीच समझौता भी हुआ है। मंगलवार को घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करा कर स्वजनों को सौंप दिया।

## उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने की मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना की समीक्षा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत सब्सिडी पर ट्रैक्टर समेत खेती के अन्य उपकरण मुहैया कराने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति द्वारा उक्त योजना के लिए प्राप्त लाभुकों की सूची पर चर्चा कर सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। योजना के लिए खूंटी जिले को विभाग की ओर से 30 लाभुकों का लक्ष्य प्राप्त था, जिसके आलोक में जिले में शत प्रतिशत लाभुकों का चयन कर अनुमोदित किया गया है, जिन्हें सब्सिडी दर पर ट्रैक्टर समेत खेती के अन्य उपकरण मुहैया कराये जायेंगे। उपायुक्त ने बैंको को चयनित लाभुकों को ऋृण देने में सहयोग करने को कहा, ताकि किसान योजना का लाभ ले सके। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सरना समिति महावीर नगर कमाती धौड़ा की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरना समिति महावीर नगर कमाती धौड़ा के तत्वाधान में मंगलवार को सरहुल पूजा मनाने को को लेकर महावीर नगर कमाती धौड़ा सरना स्थल पर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजकुमार उरांव ने किया। बैठक में गत वर्ष के आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही बैठक में उपस्थित समिति के लोगों ने सरहुल पूजा के आयोजन को लेकर अपने अपने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से 07 मार्च को पुनः बैठक कर सरहुल पूजा के सफल संचालन के लिए सरहुल समिति का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया तेजी किस्पोट्टा, सुभाष उरांव, देवपाल मुंडा, शशि मुंडा, रंथु उरांव, रंजीत लकड़ा, बिनोद मुंडा, साहिल मुंडा, बजरंग उरांव, विजय पहान, किसुन मुंडा, राजेश कुमार उरांव, राहुल गंझू, विजय मुंडा, सुदामा उरांव, सोनी कुमारी, गौरी उरांव, रतनी उरांव, किरण किस्पोट्टा, रीता देवी, निभा एक्का, सुरजमनी उरांव, रामपतिया देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## मजदूर नेता अब्दुल्ला ने तीन परिवारों की मदद की



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने तीन परिवारों को आर्थिक मदद और खाद्य सामग्री दिया। मंगलवार को खलारी प्रखंड के ग्राम अम्बा टोंगरी निवासी स्वर्गीय सीव चरण मुंडा एवं प्यारी मुंडा और ग्राम बमने के संजीत महतो के घर जाकर बारी-बारी तीनों परिवारों से मिले। उन्हें संवेदना व्यक्त करते हुए खाद्य सामग्री दिया और आर्थिक मदद किया। अंसारी ने आगे भी सभी परिवार वालों को हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया है।

## सड़क की लाइट नहीं जलने से राहगीर परेशान

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू में इन दिनों मुख्य सड़क अंधकार में डूबा हुआ है। नगर पंचायत बुंडू के धुर्वा मोड से लेकर महावीर मंदिर बुंडू और सुभाष चौक से वन विभाग बुंडू तक लगे स्ट्रीट लाइट लगभग एक सप्ताह से नहीं जल रही है। इस रास्ते से नगर पंचायत के कर्मचारी और पदाधिकारी हमेशा आना-जाना करते हैं, लेकिन लाइट पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, लाइट नहीं जलने से राहगीरों को चलने में काफी परेशानी हो रही है। खासकर सुबह में मॉर्निंग वॉक करने वाले महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## आदर्श उच्च विद्यालय में इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न




**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** आदर्श उच्च विद्यालय, शांतिनगर, खलारी परीक्षा केंद्र में झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की अंतिम परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न हुआ। मंगलवार को इंटरमीडिएट की परीक्षा का समापन हो गया। इस केंद्र में संकाय विज्ञान में 16 एवं वाणिज्य में 07 परीक्षार्थी सभी उपस्थित रहे। ये परीक्षार्थी जनता उच्च विद्यालय+2 खलारी से थे। इन दोनों संकायों का विषय कोर लोंग्वेंज अंग्रेजी था। ऑस्कर टोप्पो ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अच्छे अंक से पास होने का आशीर्वाद दिया। साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को इस सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया। केंद्रधीक्षक मुकेश कुमार ने पूरे विद्यालय परिवार एवं प्रबंधक को धन्यवाद दिया। प्रशासनिक व्यवस्था के लिए जोनल मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, स्टैटिक मजिस्ट्रेट कंहैया भगत एवं खलारी थाना से आये सभी पुलिस प्रशासन को विद्यालय परिवार और प्रबंधक ने शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया। इस परीक्षा केंद्र में दूसरे विद्यालय से आए परीक्षार्थी यहां की व्यवस्था से खुश एवं सतुंष्ट नजर आये। रद्द माध्यमिक परीक्षा सात एवं आठ मार्च को इस केंद्र में पुर्नपरीक्षा होगा।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने किया पीसीसी पथ और सामुदायिक भवन का शिलान्यास

# विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होना जरूरी : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के तुपुदाना वार्ड 53 में पीसीसी पथ और महिलौंग पंचायत के सरई टोली में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने किया। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार जरूरी है।


विकास योजनाओं का शिलान्यास करते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ।

पीसीसी पथ बनने से लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी, जबकि सामुदायिक भवन स्थानीय निवासियों के लिए विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र बनेगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, राजेंद्र महतो, वीणा देवी, प्रमोद सिंह, संजय सिंह, उमाकांत राय, अमित मिश्रा, राजेश वर्मा, राजेश यादव, जितेंद्र सिंह, मिक्की महतो, तुलसी गोप आदि उपस्थित थे।

# एमएचए शॉपिंग गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जल कर राख





आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम-पुरुलिया रोड के जोरार बस्ती में स्थित एमएचए शॉपिंग प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में मंगलवार को भीषण आग लग गई। जिससे गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। एमएचए शॉपिंग के निदेशक सन्नी गोप ने बताया कि घटना अपराह्न तीन बजे की है। वे उस समय गोदाम के कार्यालय में मौजूद थे, जब अचानक बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग तेजी से पूरे गोदाम में फैल गई, जिससे वहां रखा टीवी, गद्दा, टेबल, सोफा, मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटॉप समेत कीमती सामान जलकर खाक हो गया। अनुमान के मुताबिक इस हादसे में करीब 15 से 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

**अग्निशमन विभाग की लापरवाही पर गुस्सा**

आग लगते ही सन्नी गोप ने तुरंत अग्निशमन विभाग को 101 नंबर पर फोन किया, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। ऐसे में स्थानीय लोगों ने ही आग बुझाने की कोशिश की और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन दल की इस लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। इधर, घटना से क्षेत्र के अन्य व्यवसायियों में भी चिंता का माहौल है।

# अधिवक्ता सरफराज अहमद बने बुढ़मू के ग्रामीण विकास विभाग के विधायक प्रतिनिधि

**विधायक सुरेश बैठा ने किया नियुक्त, मिली बधाइयां**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुढ़मू।** कांके विधायक सुरेश बैठा ने रांची जिला ग्रामीण लीगल सेल के अध्यक्ष अधिवक्ता सरफराज अहमद को बुढ़मू प्रखंड के ग्रामीण विकाश विभाग के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि अधिवक्ता सरफराज अहमद अपने कार्य के प्रति सजग एवं कर्मठ व्यक्ति है। इनकी कार्य कुशलता को देखते हुए उनको ग्रामीण विकाश विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया हूं। हमें उम्मीद है कि कांके विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति प्रदान करने में इनकी भूमिका अहम होगी। उधर, विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, बुढ़मू प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बलराम साहू, रांची जिला ग्रामीण कोषाध्यक्ष तनवीर आलम, महासचिव जाकिर हुसैन, बबलू मुंडा, ईदु खान, आरजेडी नेता युनूस खान, मोनू रजक, गौरी शंकर महतो, वरिष्ठ पत्रकार सुदीप सिंह, पंकज सिंह, शिक्षाविद रत्न प्रकाश सिंह, उमेडंडा महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुदामा नायक, सदन साहू, समीर मियां, उमेदंडा उप मुखिया पवन राम, चंद्रदीप साहू शिवनंदन मुंडा आदि ने शुभकामनायें दी है।

# हिंदी की सात और विज्ञान की परीक्षा आठ मार्च को

### नागपुरी की परीक्षा में तीन विद्यार्थी अनुपस्थित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित 10वीं बोर्ड की परीक्षा में मंगलवार को नागपूरी भाषा की परीक्षा हुई। जिसमें प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के शामिल परीक्षार्थियों में तीन अनुपस्थित रहे। प्रखंड मुख्यालय में बनाई गई कुल पांच परीक्षा केंद्रों में केवल दो परीक्षा केंद्रों में ही परीक्षा हुई। तीन परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी नहीं थे। इसमें राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में 68 में तीन अनुपस्थित रहे।

वहीं, छात्र-छात्राओं ने सीसीटीवी की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा लिखे। वहीं, परीक्षा पुर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से संचालन को लेकर परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक नियुक्त किए गए है। वहीं हिंदी विषय की स्थगित परीक्षा अब सात मार्च और विज्ञान विषय की स्थगित परीक्षा 8 मार्च को ली जाएगी।

# गड़गांव डीएवी स्कूल के संचालक से मांगी पांच लाख रुपये की रंगदारी, मामला दर्ज

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गड़गांव बस्ती के आगे बेड़ो मार्ग स्थित डीएवी स्कूल के संचालक डॉ आलोक कुमार ने आर्यान नामक व्यक्ति पर पांच लाख रुपया रंगदारी मागने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर डॉ आलोक कुमार ने थाना में आरोपित के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। जिसमें डॉ आलोक कुमार ने आरोप लगाया कि 25 फरवरी को आर्यन स्कूल पहुंचा और कार्यरत कर्मचारियों को धमकाते हुए स्कूल मालिक से पांच लाख रुपये की रंगदारी देने को कहा। साथ ही चेतावनी दी कि समय पर रुपया नहीं पहुंचाया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगों। इसके बाद डॉ आलोक ने मंगलवार को थाना पहुंच कर आरोपित आर्यन के विरुद्ध लिखित सूचना दी। उधर, पुलिस घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच में जुट गई है। स्कूल में लगे सीसी कैमरे का फुटेज भी खंगाल रही है।

# जैलेंद्र ने मृतक के परिजनों की आर्थिक मदद की



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा के बिसा महली टोली निवासी मसोमत जटली देवी का निधन पिछले दिनों हो गया था। परिवार में उसकी दो बेटियां हैं। गांव के लोगों द्वारा संपर्क करने पर खाद्य सामग्री एवं नगद राशि देकर श्राद्ध कर्म में सहयोग किया। मौके पर मनेसर महली, करमी देवी, बांधनी देवी आदि उपस्थित रहीं।

# श्रीमद्भागवत कथा का समापन, शामिल हुए जैलेंद्र कुमार

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** भूसुर गांव में 9 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का अखंड हरि कीर्तन के साथ समापन हुआ। इसमें जैलेंद्र कुमार, नीलमोहन पाहन, बालेश्वर महतो, गणेश किशोर महतो, दीप्ति महतो, अध्यक्ष रामप्रसाद महतो, सचिव कौशल किशोर महतो, मुकेश कुमार और राजेंद्र महतो आदि उपस्थित रहे।



# 'नाबालिग लड़की की सुध लेने अस्पताल पहुंची सीडब्ल्यूसी की टीम

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में विगत दिनों अर्धनग्न अवस्था में नाबालिक बरामद हुई है। जिसका इलाज निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रही है। इसकी सूचना मिलने के बाद जांच को लेकर मंगलवार को सीडब्ल्यूसी की टीम निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पहुंची और पीड़िता से मुलाकात की। जांच टीम के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने बताया कि शिकायत मिली थी कि, बच्ची की देखरेख करने वाला अस्पताल में कोई नहीं है, लेकिन शिकायत गलत थी। एसपी साहब ने बच्ची की देखरेख का पुख्ता इंतजाम किया हैं। 24 घंटे लोग उपस्थित हैं। अगर किसी प्रकार की शिकायत होती है तो चाइल्ड लाइन हेल्प टीम भी यहां उपस्थित रहेगी। यह पूरा मामला पुलिस का है। इसमें पुलिस को कार्रवाई करनी है। चाइल्ड लाइन या किसी अन्य मदद की जरूरत नहीं है। अभी बच्ची को इलाज की जरूरत है। वह ज्यादा बोल नहीं पा रही है। अपना नाम और बिहार के नवादा की रहने वाली बता रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने वाला है।

### मार्केट कांप्लेक्स में बनी दुकानों को लेकर निकाली गयी निविदा को रद्द करने की मांग, विरोध

# उचित कीमत पर स्थानीय बेरोजगारों और किसानों को दुकान मुहैया कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** जिला परिषद कोष से नवनिर्मित कृषि मार्केट कॉम्लेक्स में बने दुकानों को ओरमांझी के स्थानीय बेरोजगार और किसानों को सरल प्रक्रिया के तहत कम किराया पर दुकान दिये जाने को लेकर मंगलवार को ओरमांझी पंचायत सचिवालय परिसर में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा ने की। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों के साथ काफी संख्या में ग्रामीण और समाजसेवी शामिल थे। बैठक में जिला परिषद फंड से निर्मित मार्केट आवंटित को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। इसमें कॉम्लेक्स की दुकान को आवंटित करने में लगाये गये नियम और वर्तमान आवंटन प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की गयी। वक्ताओं ने कहा




कि ग्रामीण क्षेत्र को देखते हुए दुकान का किराया 500 से एक हजार रुपए और अग्रिम जमा राशि पांच हजार रुपए की जानी चाहिए। साथ ही दुकानों का आवंटन पंचायत की देखरेख में करने और रख रखाव की जिम्मेदारी पंचायत को देने की मांग की गयी। कहा कि जिला परिषद-ग्राम पंचायत का ही अंग है। ऐसा नहीं करने पर ग्राम सभा के माध्यम से आंदोलन करने की भी चेतावनी दी गयी। इससे संबंधित मांग पत्र संबंधित मंत्री, जिला परिषद अध्यक्ष, डीडीसी और डीसी को भी देने का निर्णय लिया गया। वहीं, मुखिया दीपक बडाईक ने कहा कि यह कृषि प्रधान क्षेत्र है। ओरमांझी के रोजगार का मुख्य साधन बाजार है। इसी को देखते हुए डेली मार्केट भवन बनाने की मांग की गयी थी। जो बना तो जरूर पर किसानों के हित में नहीं होकर मैरेज हाल की तरह बना दिया गया। उपर से किराया भी काफी अधिक रखा गया है। बैठक में पंसस ललीता मेहता, पूर्व उपप्रमुख जयगोविंद साहू, उपमुखिया संतोष गुप्ता, वार्ड सदस्य सत्यमराज कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, पूर्व मुखिया मीना देवी, दुर्गा शंकर साहू, रामकुमार महतो, सत्यनारायण तिवारी, उमाशंकर साहू, श्याम किशोर महतो, मनी देवी, विक्रांत तिवारी, सुमित्रा देवी, अनीता देवी, रोहन, बालो देवी, लक्ष्मी बडाईक, लाला स्वर्णकार, शशि मेहता, आनंद नायक, दिवाकर साहू, आनंद महतो, भीम मुंडा, नीरज पांडेय, संतोष गुप्ता, अजित कुमार, विजय पांडेय, रूपेश साहू, मुकेश पांडेय, बेबी देवी, रामदेव साहू, जय किशोर महतो, जगपति साहू, अजय चौरसिया, प्रकाश चंद्र, सुनील कुमार, रोहित, विशाल वर्मा, संदीप साहू, अनिता देवी और उषा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगड़ी प्रखंड में महिलाओं की पदयात्रा और शक्ति प्रदर्शन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगडी प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सीएलएफ कार्यालय में मंगलवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिप सदस्य पूनम देवी ने की। जिसमें सर्वसम्मति से आठ मार्च को भव्य तरीके से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें प्रखंड के 13 पंचायतों के हजारों महिलाएं शामिल होंगी। इस संबंध में जिप सदस्य पूनम देवी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला पर नारी शक्ति को सशक्त एवं एकजुट करने और महिलाओं का समुचित विकास के लिए नगडी के पुराना बैंक के समीप जिला परिषद भवन स्थित महिला क्लब का भव्य उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने प्रखंड के महिलाओं से आह्वान किया कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गावों के महिला समारोह में शामिल होकर अपने शक्ति का प्रदर्शन एवं एकजुटता का परिचय दें। पूनम देवी ने बताया कि 8 मार्च को प्रखंड परिसर में महिला शक्ति प्रदर्शन एवं पदयात्रा करते हुए नगड़ी चौक नारों नया बाजार टांड में धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद शक्ति प्रदर्शन एवं पदयात्रा करते हुए जिला परिषद भवन में पहुंच कर संयुक्त रूप से नगडी प्रखंड महिला कल्ब का उद्घाटन किया जाएगा। इस मौके पर नगडी प्रखंड के बाल विकास पदाधिकारी लक्ष्मी भारती, समाजिक कार्यकर्ता बजरंग महतो, ब्रजेश सिंह, अर्चना देवी, मधुबाला देवी, अनिता देवी, दीपा देवी, रीना उराईन, जहाना परवीन, नीतू तिर्की, अनीता देवी, सोनी देवी, शांता किस्पोटा, पूजा देवी, रेशमी तिर्की, कैलाश ठाकुर, ज्योती देवी, सुनीता देवी आदि उपस्थित थी।



# शतचंडी महायज्ञ के चौथे पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मंदिर परिसर में नवनिर्मित दशभुजी मां देवी दुर्गा देवी मंदिर के 11 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के चौथे दिन मंगलवार को धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य अंचल पाठक, मृत्यंजय पाठक, विकास पाठक, नरोत्तम पांडेय, भरतेन्दु द्विवेदी, ध्रुव मिश्रा, आशुतोष पांडेय और सोनू पांडेय की अगुवाई में आयोजित हुआ। जिसमें यजमान साधन कुमार राय, पत्नी लखी राय, राजेंद्र साहू पत्नी अनिता देवी, सुदामा वर्मा पत्नी संगीता देवी, जोगिंद्र महतो पत्नी सुलेखा महतो और परना महतो पत्नी सारिका देवी आदि के साथ शामिल हुए। जिनसे यज्ञचार्य ने कई धार्मिक अनुष्ठान कराए। सबसे पहले शक्ति देवी की अराधना की गई। इसके बाद सभी देवी देवताओं की यज्ञशाला में बने हवन कुंड में यजमानों ने आहुतियां डाल मंगल कामना की। इस दौरान हनुमान चालीसा का भी पाठ हुआ। वहीं यज्ञ मंडप की प्रिक्रमा करने के लिए सुबह से ही भारी भीड़ लगनी शुरू हो गई, जो दिन भर चलती रही। शाम में कथावाचिका रश्मि किशोरी ने श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की कथा का वर्णन करते कहा कि श्रीमद् देवी भागवत महापुराण आयु, आरोग्य, पुष्टि, सिद्धि एवं आनंद कथा मोक्ष प्रदान करने वाला दिव्य ग्रंथ है। देवी भागवत एक अत्यंत गोपनीय पुराण है जिसका वर्णन सर्वप्रथम भगवान शिव ने महर्षि नारद के लिए किया। पूर्वकाल में उसे फिर स्वयं भगवान व्यास ने भक्तिनिष्ठ महर्षि जैमिनि के लिए श्रद्धापूर्वक कहा और फिर उसी को वर्तमान में प्रेषित किया जाता है। इसके श्रवण करने में समस्त प्राणियों को पुण्य प्राप्त होता है। कहा कि हमें कथा का श्रवण कर उन पर अमल करना चाहिए। इस मौके पर सुशील कुमार, हरि कुमार, बबलू कुमार, कृष्ण मुरारी, दिनेश गोस्वामी, पप्पू गोस्वामी, लालबाबू गोस्वामी, बासुदेव मिश्रा आदि मौजू रहे।



# श्रमदान कर खेती डोभा की करायी गयी सफाई

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के ओबर गांव में खेती डोभा के रूप में बने तीन छोटे तलाबों की साफ - सफाई नवागढ़ मुखिया भुवनेशवर बेदिया एवं पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि वरिकच्छंदा सरकार के संयुक्त नेतृव में श्रमदान कर किया गया। इससे सिचाई करने और मच्छली पालन आदि में सुविधा होगी। इस मौके पर सोहरैया बेदिया, गोकुल बेदिया, सोहना बेदिया, सिबुवा बेदिया और बिसेशवर बेदिया आदि मौजूद थे।




# यज्ञ को लेकर किया गया भूमिपूजन सह ध्वजारोहण

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम नाऊज में नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर मंगलवार को भूमिपूजन सह ध्वजारोहण किया गया। ग्राम नाऊज में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन नौ से 11 मार्च तक किया जाएगा। पहले दिन कलश यात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ होना है। मंगलवार को पंडित आचार्य रुद्र नाथ मिश्रा के सान्निधय में भूमिपूजन किया गया। इसमें बतौर यजमान दिनेश चौबे सपत्नीक शामिल हुए।



## इस बजट से नहीं बढ़ेगा जनता पर कोई आर्थिक बोझ : उमर फारूक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर झामुमो के निवार्तमन जिला युवा उपाध्यक्ष उमर फारूक अंसारी ने कहा कि हेमंत सरकार ने एक संतुलित बजट पेश किया गया है। इससे जनता पर कोई आर्थिक बोझ नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में विकास के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। पिछली सरकार के विकास की गति को बनाये रखा गया है। किसी नागरिक पर कोई बोझ नहीं डाला गया। उन्होंने कहा यह बजट आदिवासियों और महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। बजट में मंईयां सम्मान योजना के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की कई घोषणाएं की गयी है। पलायन रोकने और रोजगार सृजन करने पर सरकार ने फोकस किया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया है। किसानों को ऋण से मुक्त करने, उनकी आय बढ़ाने, किसानों की ऋण माफी में सरकार ने काफी खर्च किया है। कई तालाब और नदी का जीर्णोद्धार करने की योजना है। तालाबों के गहरीकरण और सिंचाई की व्यवस्था के लिए जलनिधि योजना के लिए 203 करोड़ 40 लाख का बजट रखा गया है। खेती में कृषि यंत्र को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं का प्रावधान इस बजट में मौजूद हैं।

## बैजनाथ जालान कॉलेज में मनाया मातृभाषा दिवस




**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में मंगलवार को मातृ भाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अमिताभ भारती ने कहा मातृभाषा ज्ञान का भंडार है। जो हमें मां के द्वारा सिखाया जाता है। संयुक्त परिवार में दादा दादी, नाना नानी के द्वारा मातृभाषा मे कहानी कहावत बच्चों को सुनाया जाता था। ज्ञान विज्ञान पर आधारित औषधिय नाम बतलाते थे। जो बच्चों को आगे बढ़ने मे संजीवनी साबित होता था। आज भी सभी को मातृभाषा जैसी परंपरा को जानना जरूरी है। जिससे हम संस्कृति परम्परा को समझ पाते हैं और संस्कारी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा आज के स्पर्धा युग मे हर प्रतियोगिता परीक्षा मे मातृभाषा अनिवार्य कर दिया गया है। जिसमें जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा भी शामिल है। जिसमें पास करना जरूरी है। इसलिए मातृभाषा को संरक्षित करना हमारा कर्तव्य बन गया है। कार्यक्रम में सभी विभाग के छात्र छात्राओं ने अपनी भाषा में कहानी, कविता, गीत नृत्य प्रस्तुत किया। डॉ रंजीत कुल्लू, जेन सिसिलिया बारला, सोनिया कुमारी, डॉ पारंगत खलखो, पारंगत खलखो, डॉ प्रवीण बसंती, डॉ अरुण कुमार दास, सुदीप्ती खुशबू लकड़ा, विनीता गुड़िया, करम सिंह ओडेया, कीर्ति मिंज, सुनिता कुमारी, डॉ बिष्णु देव तिवारी, डॉ श्रवण तिवारी, डॉ दीपक कुमार, डॉ राधेश्याम सिंह, अरविंद प्रसाद, डॉ इंद्रजीत राम, रोज फिलोमिना डुंगडुंग ने मातृभाषा दिवस पर प्रकाश डाला। मंच संचालन छात्रा सोनामती कुमारी और छात्र सत्येन्द्र मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के पालकोट रोड में यामहा शो रूम के समीप एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चपेट में आने से बाइक सवार विश्वा उरांव घायल हो गया। उसका पल्सर मोटरसाइकिल का अगला पहिया टूट कर अलग हो गया। जानकारी के अनुसार विश्वा उरांव के.ओ कालेज के समीप रहता है। सोमवार की रात 8 बजे अपने बाइक से गुमला आ रहा था। यामाहा शो रूम के समीप ट्रैक्टर को ओवर टेक करने के दौरान बाइक चालक अनियंत्रित हो गया और जोरदार आवाज से के साथ बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर शहर की ओर भाग गया। वहीं बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## आदिम जनजाति परिवार को मिले आवास के निर्माण को जल्द शुरू करायें : बीडीओ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक परिसर सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने मुखिया और पंचायत कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास, अबुवा आवास और मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की गई। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि पीएम जनमन योजना अंतर्गत आदिम जनजाति परिवार के मिले आवास निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराए। प्रधानमंत्री आवास के चयनित लाभुकों का जिनका भी खाता इरर या बंद दिख रहा है। उसे संबंधित पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाएं ताकि ससमय राशि का प्रथम किस्त दिया जा सके। इसके साथ ही अधूरे पड़े अबुवा आवास के कार्य को जल्द पूरा कराने की बात कही। आवास संबंधित योजना का भौतिक सत्यापन करते हुए प्रथम और दूसरा किस्त का राशि डालने की बात कही। इसके साथ ही मनरेगा योजना के कार्यों में तेजी लाने और मजदूरों का ससमय मजदूरी भुगतान का निर्देश दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री चिकित्सा योजना सहित कई अन्य योजनाओं से संबंधित कार्यों में भी तेजी लाने का निर्देश दिया।मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, बीपीओ बेबी कुमारी, आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, मुखिया विनीता कुमारी, चांदनी देवी, अग्नि उरांव सहित कई मुखिया पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

## चरका टांगर में अपराधियों ने टेंपो में लगायी आग

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत वृंदा पंचायत के चरका टांगर गांव निवासी तिलक साहू के टेंपो में सोमवार की देर रात 11 बजे अज्ञात अपराधियों ने आग लगा दिया। जलने की आवाज सुनकर घर के अंदर सो रहे तिलक साहू और उसकी पत्नी घर से बाहर निकले और और शोर मचाना शुरू किया। आवाज सुनकर गांव के लोग जमा हुए और सभी ने मिलकर टेंपो में लगी आग को बुझाया। इसके बाद ग्रामीण रात में ही पूरे गांव के झाड़ी बगीचा गली और अन्य स्थानों में अपराधियों की काफी तलाश की लेकिन कोई नहीं मिला। मंगलवार की सुबह 7 बजे तिलक साहू ने घटना की जानकारी बृंदा पंचायत के मुखिया सत्यवती को देवी को दिया। मुखिया पति बसंत लोहरा घटना स्थल पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। वहीं घटना की जानकारी गुमला थाना प्रभारी को भी दिया। तिलक साहू ने बताया जाम टोली में मेरा एक किराना का दुकान है इस दुकान में पूर्व में भी अज्ञात अपराधियों ने तीन बार आग लगाया है। तिलक साहू ने बताया दुकान में आगजनी की घटना को लेकर पूर्व में गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। लेकिन अपराधी नहीं पकड़े गये। पीड़ित ने मामले की जांच कर अज्ञात अपराधियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# जन शिकायत निवारण दिवस पर डीसी ने समस्याओं के समाधान का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों पर सुनवाई की गयी। जिले के दूर-दराज से आये नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखा, जिन पर आवश्यक निर्देश दिये गये।

अशोक कुमार पांडेय, राजस्व उपनिरीक्षक 31 जनवरी 2023 को सेवानिवृत्त हो गये हैं। लेकिन अबतक इन्हें इनकी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे इन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है। उपायुक्त ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

गुमला प्रखंड निवासी अशोक राम मोची ने सेवानिवृति के उपरांत किसी भी सरकारी कार्यालय अथवा स्कूल में चौकीदार के पद पर नियुक्त करने हेतु इन्होंने उपायुक्त महोदय से आग्रह किया है। उपायुक्त ने इनके आवेदन पर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। शिवम कुमार पाण्डेय, (दिव्यांग) वर्तमान में अंचल कार्यालय, भरनो में अनुसेवक के पद पर कार्यरत हैं। किंतु इनकी प्रतिनियुक्ति अंचल कार्यालय, जारी में कर दी गयी है। और यह स्पाइनल कार्ड ट्यूमर की बीमारी से ग्रसित हैं। इन्होंने आग्रह किया है कि इन्हें दिव्यांग अनुकूल कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया जाये जिससे कि यह अपना कार्य का निर्वहन कुशलतापूर्वक कर सकें। उपायुक्त ने इनके आवेदन पर संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

## डीडीसी ने वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम में जल संरक्षण की जानकारी दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** झारखंड राज जल छाजन मिशन के तहत मंगलवार को बिशुनपुर प्रखंड के चिंगरी गांव में वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुमला उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति लोगों को जागरूक करना है क्योंकि हमारे पास जल एक सीमित संसाधन है। आज हम इसे नहीं बचायेंगे तो आने वाला भविष्य को काफी परेशानी होगा। उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में जो पानी आता है उसे हमें रोक कर रखना होगा ताकि जलस्तर ऊपर आ सके। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में जो पानी आता है वह वह बहते हुए नाला में चली जाती है और नाला का पानी नदी में मिल कर बंगाल की खाड़ी तक पहुंच जाता है। जिसे हम उपयोग नहीं कर पाते हैं इसलिए अब पानी को रोकने के लिए ट्रेनच, टीसीबी, चेकडेम, तालाब, डोभा इत्यादि चीजों का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष प्रताप, एन के मिश्रा, शिव शंकर यादव, प्रखंड विकास अधिकारी सुलेमान मुंडारी, भिखारी भगत, रामप्रसाद बड़ाइक, बसनु उरांव, सुशील मुंडा कमला कश्यप सहित कई लोग मौजूद थे।

**निकल गयी कलश यात्रा**

वाटर सेड यात्रा कार्यक्रम के दौरान चिंगारी गांव में बनाये गये नव निर्मित तालाब से कलश यात्रा निकाली गयी

## कांग्रेस नेता मुख्तार आलम के प्रयास से पीड़ित परिवार को मिला मुआवजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कांग्रेसी नेता मुख्तार ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व फुलमनी देवी की पुत्री 8 वर्षीय परी कुमारी अपने खेत में काम कर रही थी, उसी क्रम में वर्षा होने लगी, वर्षा के साथ वज्रपात हो गयी। वज्रपात ने परी कुमारी को अपनी चपेट में ले लिया और परी कुमारी का शरीर 90 प्रतिशत झुलस गया। परी कुमारी के पिता ने आनन-फानन में परी को गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया। मगर अपनी बेटी को नहीं बचा पाया। डॉक्टर के द्वारा परी कुमारी को मृत्यु घोषित कर दिया गया था। मृतका परी कुमारी ग्राम डीवीडीह पंचायत खरका जिला गुमला की निवासी थीं। कई वर्ष गुजर जाने के बाद मृतक के परिवार को मुआवजा राशि नहीं मिल पायी थी क्योंकि मुआवजा राशि लेने हेतु मृतक के परिवार को इसकी जानकारी नहीं थी। मुख्तार ने कहा कि इसकी जानकारी उन्हे मिलने के बाद वे मृतका के परिवार से मिला और मिलकर सभी जरूरत के कागजात को लेकर मंत्री दीपिका पांडे से मिलकर घटना से संबंधित मामले को अवगत करवाया। मंत्री पांडे ने गुमला उपायुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द मुआवजा राशि देने हेतु प्रक्रिया पूरा करें। गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस मामले को अविलंब संज्ञान में लिया और मुआवजा राशि देने हेतु सभी प्रक्रिया पूरी करवाकर 4 लाख रुपये मृतका के परिवार वाले को दिलवाया।


## कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

**आवश्यक सूचना**

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर.टी.ई). के अंतर्गत सत्र 2025–26 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत स्थानों पर ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करने के संबंध में**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) एवं विभागीय अधिसूचना संख्या 237 दिनांक 16.02.16 के अनुपालन में गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के ( क्रमशः 01 कि.मी., 03 कि.मी. एवं अंततः 06 कि.मी. दूरी सीमा तक) अभिवंचित समूह (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशक्त बच्चे एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जिनके परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय रू. 72,000 से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है।

माता–पिता / पालक / अभिभावक की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि–

(क) पास पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के लिए माता–पिता / पालक / अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे।

(ख) अभिवंचित वर्ग की मान्यता के लिए माता / पिता / अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र, निःशक्त बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत 40% से अधिक का निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं कमजोर वर्ग की आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा।

(ग) प्रवेश कक्षा प्री–नर्सरी / नर्सरी / प्रेप / एल.के.जी / के.जी. में नामांकन हेतु उम्र सीमा 3 वर्ष 6 माह से 4 वर्ष 6 माह के बीच होगी एवं

(घ) उम्र की गणना 31 March 2025 के आधार पर होगी।

ऑनलाइन आवेदन कार्यालय के वेबसाइट www.rteranchi.in पर ऑनलाइन 04.03.2025 से 31.03.2025 तक भरा जाएगा ।

आवेदन पत्र जमा करने के समय संलग्न किए गए प्रमाण पत्रों का संबंधित विद्यालय, संबंधित बेवसाईट से अनिवार्य रूप से सत्यापन करेंगे अतएव कोई भी गलत प्रमाण पत्र संलग्न किए जाने की पूरी पूरी जबावदेही संबंधित माता–पिता / पालक / अभिभावक की होगी। आवेदन हेतु तालिका के कॉलम 4 में प्रवेश कक्षा का नाम एवं कॉलम 6 में आरक्षित सीटों की संख्या अंकित है।

| SL | BLOCK | Name | Entry Class | Total_ Seat | Seat Reserved under 12 (1) (C ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ANGARA | ST. ALOYSIUS HIGH SCHOOL, ENGLISH MEDIUM, ANGARA | LKG | 32 | 8 |
| 2 | BERO | ST JAGAT GYAN MAHARSHI MEHI PUBLIC SCHOOL, BERO | NURSERY | 30 | 7 |
| 3 | BERO | D A V VIVEKANANDA PUBLIC SCHOOL, BERO | NURSERY | 40 | 10 |
| 4 | BUNDU | SYMBIOSIS PUBLIC SCHOOL, BUNDU | NURSERY | 40 | 10 |
| 5 | BUNDU | SOUTH POINT PUBLIC SCHOOL, BUNDU | NURSERY | 32 | 8 |
| 6 | BUNDU | MAHATMA N D GROWER DAV PUBLIC SCHOOL, BUNDU | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 7 | CHANHO | VIDYA NIKETAN RESIDENTIAL SCHOOL SONS, CHANHO | LKG | 32 | 8 |
| 8 | CHANHO | BAGHWAR ACADEMY, CHANHO | NURSERY | 30 | 7 |
| 9 | CHANHO | N CAMBRIAN SCHOOL | PREP | 20 | 5 |
| 10 | KANKE | NIRJA SAHAY DAV PUBLIC SCHOOL, KANKE | NURSERY | 25 | 6 |
| 11 | KANKE | G & H HIGH SCHOOL, EDALHATU | NURSERY | 40 | 10 |
| 12 | KANKE | LADY K C ROY MEMORIYAL TENDAR, KANKE | PRE NURSERY | 40 | 10 |
| 13 | KANKE | A-ONE PUBLIC SCHOOL, NEORI, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 14 | KANKE | SHINE VALLEY SCHOOL , OYANA, KANKE | NURSERY | 40 | 10 |
| 15 | KANKE | ST. JOHN'S ENGLISH MEDIUM SCHOOL KARBALA TANK RD, RANCHI | LKG | 80 | 20 |
| 16 | KANKE | VIKAS VIDYALAYA NEORI, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 17 | KANKE | ST. MOTHER TERESA HIGH SCHOOL NEORI,KANKE | NURSERY | 44 | 11 |
| 18 | KANKE | SPRINGDALE PUBLIC SCHOOL,KHELAGAON ROAD, RANCHI | LKG | 32 | 8 |
| 19 | KANKE | CHIRANJEEVEE CONCEPT SCHOOL , HOCHER, KANKE | NURSERY | 40 | 10 |
| 20 | KANKE | ST ARVINDO ACADEMY, ARGORA HOUSING SCHOOL, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 21 | KANKE | CORONA UNIVERSAL SCHOOL,MANATU,RANCHI | NURSERY | 32 | 8 |
| 22 | KANKE | SHARDA GLOBAL SCHOOL , BUKRU NAGRI, KANKE | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 23 | KANKE | VIDYA VIKAS PUBLIC SCHOOL, BOREYA, KANKE | PRE NURSERY | 36 | 9 |
| 24 | KANKE | MANAN VIDYA , DUMARDAGA,BOOTY MORE, RANCHI | NURSERY | 25 | 6 |
| 25 | KANKE | BERLIN PUBLIC SCHOOL KANKE ROAD,RANCHI | PRE NURSERY | 24 | 6 |
| 26 | KANKE | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL KANKE ROAD,RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 27 | KANKE | DAV KAPILDEV PUBLIC SCHOOL KADRU,RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 28 | KANKE | DAV PUBLIC SCHOOL BARIYATU,RANCHI | NURSERY | 30 | 8 |
| 29 | KANKE | DAV PUBLIC SCHOOL SECTOR-3 DHURWA,RANCHI | KG | 30 | 10 |
| 30 | KANKE | DAV NANDRAJ MODERN SCHOOL LALPUR,RANCHI | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 31 | KANKE | DAV NANDRAJ PUBLIC SCHOOL,BOOTY ROAD, RANCHI | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 32 | KANKE | DAV PUBLIC SCHOOL, GANDHI NAGAR, CCL,RACNHI | PRE NURSERY | 60 | 15 |
| 33 | KANKE | DELHI PUBLIC SCHOOL SAIL TOWNSHIP,RANCHI | NURSERY | 148 | 37 |
| 34 | KANKE | FIRAYALAL PUBLIC SCHOOL,MAIN ROAD, RANCHI | NURSERY | 32 | 8 |
| 35 | KANKE | FIRST MARK PUBLIC SCHOOL BARIYATU RANCHI | NURSERY | 30 | 8 |
| 36 | KANKE | GREENLAND PUBLIC SCHOOL, HATIA | NURSERY | 32 | 8 |
| 37 | KANKE | GURU NANAK HIGHER SECONDARY SCHOOL, PP COMPUND,RANCHI | NURSERY | 72 | 18 |
| 38 | KANKE | HOLY CHILD PUBLIC SCHOOL, HEHAL, BAZRA, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 39 | KANKE | INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL, KANKE ROAD, RANCHI | LKG | 40 | 10 |
| 40 | KANKE | KAIRALI SCHOOL SECTOR 2, HEC, RANCHI | PRE KG | 40 | 10 |
| 41 | KANKE | L A GARDEN SCHOOL, LOWER CHUTIA, SAMLONG,RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 42 | KANKE | LOYOLA CONVENT SCHOOL BUTI,RANCHI | PRE NURSERY | 25 | 6 |
| 43 | KANKE | NIRMALA CONVENT HIGH SCHOOL, EDALHATU, RANCHI | PRE NURSERY | 120 | 30 |
| 44 | KANKE | OXFORD PUBLIC SCHOOL PRAGATI PATH, RANCHI | PRE NURSERY | 32 | 8 |
| 45 | KANKE | PRABHAT TARA MIDDLE SCHOOL, JAGANNATHPUR, RANCHI | LKG | 52 | 13 |
| 46 | KANKE | RTC HIGH SCHOOL,BUTIMORE, RANCHI | KG | 44 | 11 |
| 47 | KANKE | SACHIDANAND GYAN BHARTI MODEL SCHOOL,DORANDA, RANCHI | PRE NURSERY | 30 | 7 |
| 48 | KANKE | ST. PATRICK'S SCHOOL, LALPUR, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 49 | KANKE | SURENDRANATH CENTENARY SCHOOL, HAZARIBAGH ROAD, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 50 | KANKE | VIVEKANANDA VIDYA MANDIR, SECTOR-2, RANCHI | LKG | 100 | 25 |
| 51 | KANKE | PRIM ROSE PUBLIC SCHOOL,BARAGAIN, BARIYATU, RANCHI | NURSERY | 20 | 6 |
| 52 | KANKE | HOLY CROSS SCHOOL,VARDMAN COMPUND, RANCHI | NURSERY | 80 | 20 |
| 53 | KANKE | RTC HIGH SCHOOL, BOOTY MORE, RANCHI | NURSERY | 32 | 8 |
| 54 | KANKE | A G CHURCH HIGH SCHOOL TIRILM DHELA TOLI, RANCHI | NURSERY | 25 | 6 |
| 55 | KANKE | FR. AGNEL SCHOOL, NAYA TOLI, DIBADIH, RANCHI | NURSERY | 25 | 6 |
| 56 | KANKE | RISE ACADEMY HIGH SCHOOL,KALYANPUR, HATIA, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 57 | KANKE | MONT FORT SCHOOL, KANKE ROAD, RANCHI | NURSERY | 30 | 7 |
| 58 | KANKE | CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL,BUTI, RANCHI | NURSERY | 32 | 8 |
| 59 | KANKE | SEVEN STARS ACADEMY,MANDAP TOLI NEAR ITI RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 60 | KANKE | BALDEV PUBLIC SCHOOL, BUTI | NURSERY | 32 | 8 |
| 61 | KANKE | ASCOT INTERNATIONAL SCHOOL, BHARAT MATA CHOWK HARMU ROAD RANCHI | PRE NURSERY | 32 | 8 |
| 62 | KANKE | DAV SWARNREKHA PUBLIC SCHOOL, HARMU, RANCHI | NURSERY | 35 | 9 |
| 63 | KANKE | DELHI PUBLIC SCHOOL GREATER,NEORI VIKAS, MESRA, RANCHI | NURSERY | 28 | 7 |
| 64 | KANKE | AARUNI PUBLIC SCHOOL,BOOTY, RANCHI | PRE NURSERY | 24 | 6 |
| 65 | KANKE | JAWAHAR VIDYA MANDIR, SHYAMALI | LKG | 240 | 60 |
| 66 | KANKE | ST. XAVIER SCHOOL DHURWA, RANCHI | NURSERY | 20 | 5 |
| 67 | KANKE | SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR DHURWA, RANCHI | KG -ONE | 60 | 15 |
| 68 | KHELARI | DAV CO OPERATIVE KHELARI, RANCHI | LKG | 40 | 10 |
| 69 | KHELARI | SARASWATI SISHU VIDYA MANDIR +2 SCHOOL DAKRA, RANCHI | LKG | 60 | 15 |
| 70 | KHELARI | SARASWATI VIDYA MANDIR KARKATTA, KHELARI | LKG | 60 | 15 |
| 71 | KHELARI | URSULINE CONVENT SCHOOL KHELARI, KHELARI | NURSERY | 60 | 15 |
| 72 | KHELARI | SEVA MARG MIDDLE SCHOOL MACLUSKIGANJ, KHELARI | NURSERY | 40 | 10 |
| 73 | KHELARI | JANET ACADEMY,KHELARI, | LKG | 25 | 6 |
| 74 | KHELARI | JHARKHAND PUBLIC SCHOOL, MOHAN NAGAR, DAKRA | NURSERY | 32 | 8 |
| 75 | MANDAR | OXBRIDGE SCHOOL MANDER,RANCHI | CLASS-NURSERY | 30 | 8 |
| 76 | MANDAR | ST. ANNE'S CONVENT SCHOOL, MANDAR | NURSERY | 60 | 15 |
| 77 | MANDAR | MOTHERS INTERNATIONAL SCHOOL,ZAHER,BRAMBE,MANDAR | NURSERY | 32 | 8 |
| 78 | MANDAR | DAYANAND ARYA VIDYA PUBLIC SCHOOL, KANDRI, MANDER | NURSERY | 40 | 10 |
| 79 | NAGRI | DAV ALOK PUBLIC SCHOOL, PUNDAG, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 80 | NAGRI | ST. MICHAEL'S SCHOOL,JAJPUR, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 81 | NAGRI | S R DAV PUBLIC SCHOOL, PUNDAG, RANCHI | NURSERY | 20 | 5 |
| 82 | NAGRI | ST. JAGAT GYAN PUBLIC SCHOOL, NAGRI, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 83 | NAGRI | LOHIYA PUBLIC SCHOOL CHEKNAKA,LODHMA, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 84 | NAGRI | GYANODAYA ACADEMY PISKA NAGRI,NAGRI | NURSERY | 28 | 7 |
| 85 | NAGRI | SACRED MISSION HIGH SCHOOL,SAHER, NAGRI | NURSERY | 48 | 12 |
| 86 | NAGRI | VIDYA MANDIR PUBLIC SCHOOL, KATARPA, PISKA NAGRI, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 87 | NAGRI | ADITYA PRAKASH JALAN SARASWATI VIDYA MANDIR ,NAGRI | NURSERY | 40 | 10 |
| 88 | NAGRI | HIS BLESSING CONVENT SCHOOL,NAGRI | NURSERY | 40 | 10 |
| 89 | NAMKUM | BRIDGE FORD SCHOOL,TIPUDANA, RANCHI | PRE NURSERY | 32 | 8 |
| 90 | NAMKUM | CAMBRIDGE SCHOOL,TATI SILWAI, NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 91 | NAMKUM | DAV NAGESHWAR PUBLIC SCHOOL, CHANDAGHAHI, NAMKUM | NURSERY | 20 | 5 |
| 92 | NAMKUM | GAUTAM BUDDHA INTERNATIONAL SCHOOL,TATISILWAI, NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 93 | NAMKUM | ODM SAPPHIRE GLOBAL SCHOOL HARDAG, NAMKUM | NURSERY | 15 | 4 |
| 94 | NAMKUM | SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL , MAHILONG, NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 95 | NAMKUM | TAURIAN WORLD SCHOOL,ZERO MILE,TUPUDANA, RANCHI | LKG | 20 | 5 |
| 96 | NAMKUM | TENDER HEART SENIOR SECONDARY SCHOOL TUPUDANA, RANCHI | PRE NURSERY | 40 | 10 |
| 97 | NAMKUM | IMMACULATE HEART OF MARY MIDDLE SCHOOL, PALANDU, NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 98 | NAMKUM | DON BOSCO ENGLISH MEDIUM SCHOOL HESAG HATIA,RANCHI | PRE NURSERY | 48 | 12 |
| 99 | NAMKUM | SNEHKUL PUBLIC SCHOOL ,TIPUDANA | NURSERY | 35 | 9 |
| 100 | NAMKUM | DIVINE MERCY SCHOOL,TUMBAGUTTU, NAMKUM | LKG | 80 | 20 |
| 101 | NAMKUM | ST THOMAS SCHOOL HARDAG, RANCHI | KG - 1 | 40 | 10 |
| 102 | NAMKUM | HAPPY CHILDREN SCHOOL TUPUDANA | NURSERY | 40 | 10 |
| 103 | NAMKUM | KATHERINE ACADEMY , ARA GATE, NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 104 | NAMKUM | BETHANI CONVENT SCHOOL RAJA ULATU NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 105 | NAMKUM | GD GOYANKA SCHOOL NAMKUM, RANCHI | NURSERY | 25 | 6 |
| 106 | ORMANJHI | CALCUTTA PUBLIC SCHOOL ORMANJHI | LOWER NURSERY | 40 | 10 |
| 107 | ORMANJHI | BNN INTERNATIONAL SCHOOL | NURSERY | 20 | 5 |
| 108 | RAHE | SARVODAY SCHOOL RAHE, RANCHI | NURSERY | 80 | 20 |
| 109 | RATU | BETHANI CONVENT SCHOOL MAKHMANDRO, RATU | LKG | 52 | 13 |
| 110 | RATU | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL , RATU, RANCHI | NURSERY | 20 | 5 |
| 111 | RATU | DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL,RANCHI | NURSERY | 80 | 20 |
| 112 | RATU | GURU GOBIND SINGH PUBLIC SCHOOL , KAMRE, KANKE | NURSERY | 50 | 12 |
| 113 | RATU | J.K. INTERNATIONAL SCHOOL AGRU, RATU | LKG | 40 | 10 |
| 114 | RATU | LALA LAJPAT RAI BAL MANDIR SR SEC SCHOOL | PRE NURSERY | 40 | 10 |
| 115 | RATU | R.B. SPRINGDALE PUBLIC SCHOOL ,HEHAL PATRA TOLI, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 116 | RATU | SHRADHANAND BAL MANDIR SENIOR SECONDARY SCHOOL , KAMRE, RANCHI | NURSERY | 20 | 5 |
| 117 | RATU | ST. COLUMBUS SCHOOL MURGU, RATU | NURSERY | 12 | 3 |
| 118 | RATU | LOTUS MONTESSERY SCHOOL BAJPUR, RANCHI | NURSERY | 32 | 8 |
| 119 | SILLI | ST. MICHAEL'S SCHOOL MURI,SILLI | NURSERY | 12 | 3 |
| 120 | SILLI | RTC PUBLIC SCHOOL SIGNPUR, MURI, RANCHI | NURSERY | 80 | 20 |

नोट :–

1. आवेदको की सुविधा हेतु जिला समाहरणालय परिसर, ब्लॉक–ए, के प्रवेश द्वारा के सामने श्री संजय कुमार (9304306945), जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के कमरा संख्या 113 श्री संचित मिंज (7004459341) एवं झारखण्ड शिक्षा परियोजना जिला कार्यालय, बी. एम.पी. मध्य विद्यालय, डोरण्डा परिसर, राँची श्री प्रताप कुमार (9430725151) में हेल्प डेस्क दिनांक 31.03.2025 तक क्रियाशील रहेगा जिसमें फार्म भरने एवं संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी ।
2. इच्छुक अभिभावकों से अनुरोध किया जाता है कि अपने बच्चें के नामांकन हेतु उसी विद्यालय में आवेदन पत्र समर्पित करेंगे जो उनके पास पड़ोस (क्रमशः 01 कि.मी., 03 कि.मी. एवं अंततः 06 कि.मी. दूरी सीमा तक) में अवस्थित है तथा जहाँ उनके बच्चे के उम्र अनुरूप प्रवेश कक्षा की सुविधा उपलब्ध है। कृपया माता / पिता या अभिभावक बच्चे की आयु का अलग अलग घोषणापत्र अथवा वास्तविक से कम उम्र के प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन के अवैध प्रयास में सम्मिलित नहीं होंगे।
3. कृपया निम्नलिखित विकल्प में से प्रत्येक का कोई एक प्रमाण प्रस्तुत करें :

* जन्म प्रमाण–पत्र का प्रमाण :

1. सक्षम प्राधिकार से निर्गत जन्म प्रमाण–पत्र।

** आवास प्रमाण–पत्र का प्रमाण :

1. बच्चे का नाम वाले पिता / माता के नाम पर जारी राशन कार्ड।
2. बच्चे का या उसके माता–पिता के निवास का प्रमाण–पत्र।
3. माता–पिता में से किसी एक का निवास का प्रमाण –पत्र
4. बिजली बिल / टेलीफोन बिल।
2. आधार कार्ड / जॉब कार्ड।

*** आय प्रमाण–पत्र का प्रमाण :

1. अंचालाधिकारी से निर्गत आय प्रमाण–पत्र (सभी स्रोतों से वार्षिक आय रू0 72000.00 से कम हो)

**** अभिवंचित वर्ग का प्रमाण :

1. उपायुक्त / अनुमण्डलाधिकारी / अंचलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र।
2. सरकारी अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत 40% से अधिक का निःशक्तता प्रमाण पत्र यदि बच्चा निःशक्त हो।

**ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया का प्रारंभ | 04.03.2025 |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि– | 31.03.2025 |
| 3 | सक्षम प्राधिकार के द्वारा संलग्न दस्तावेजों की जाँच | 01.04.2025 से 10.04.2025 तक |
| 4 | लॉटरी द्वारा चयन एवं चयनित बच्चों की सूची का प्रकाशन के लिए संभावित तिथि– | 15.04.2025 अथवा 16.04.2025 |
| 5 | प्रथम चरण के नामांकन हेतु निर्धारित तिथि– | 17.04.2025 से 30.04.2025 |

- नामांकन की पूरी प्रक्रिया जिले के वेबसाइट www.rteranchi.in पर ऑनलाइन पूरी की जायेगी।
- संबंधित माता–पिता / अभिभावकों को वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा।
- रजिस्ट्रेशन उपरांत संबंधित वेबसाइट पर पूरा फॉर्म ऑनलाइन भरा जाना है।
- फॉर्म भरने के क्रम में माता–पिता / अभिभावक वेबसाइट पर अंकित विद्यालयों की सूची में से अपने आवास के आस–पास निर्धारित दूरी में अवस्थित तीन विद्यालयों का नाम अंकित कर सकेंगे। ऑनलाइन Randomise करने के क्रम में फॉर्म में अंकित किसी भी एक विद्यालय में चयन हो सकता है अथवा निर्धारित सीट से अधिक संख्या में आवेदन होने पर किसी भी विद्यालय में चयन नहीं भी हो सकता है।
- फॉर्म भरने के क्रम में जहाँ से फॉर्म भरा जायेगा उसका ऑनलाइन लोकेशन वेबसाइट पर स्वतः अंकित हो जायेगा। यदि माता–पिता / अभिभावक प्रज्ञा केन्द्र अथवा साईबर कैफे के सहयोग से आवेदन करेंगे तो उन्हें अपने घर का वास्तविक लोकेशन गूगल मैप पर select करना होगा। संबंधित प्रखण्ड का गूगल मैप फॉर्म भरने के क्रम में अपने आप खुल जायेगा। सावधानीपूर्वक अपने घर का लोकेशन चिन्हित करने की जवाबदेही माता–पिता / अभिभावक की होगी।
- फॉर्म भरने के बाद संबंधित दस्तावेज एवं बच्चे का फोटोग्राफ वेबसाइट पर अपलोड करना है।
- जन्म प्रमाण पत्र एवं अंचालाधिकारी से निर्गत आय प्रमाण–पत्र (सभी स्रोतों से वार्षिक आय रू0 72000.00 से कम हो) को भी अपलोड किया जाना है।
- उपरोक्त प्रमाण पत्रों की ऑनलाइन जाँच संबंधित सक्षम प्राधिकार के द्वारा इसी वेबसाइट पर किया जायेगा।
- गलत जानकारी अथवा तथ्यों को छुपाना अथवा गलत दस्तावेज अपलोड करने की स्थिति में जाँच के क्रम में नामांकन की प्रक्रिया के किसी भी समय आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जवाबदेही माता–पिता / अभिभावक की होगी।
- निर्धारित आरक्षित सीट से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित वेबसाइट के माध्यम से Randomise करते हुए लॉटरी के माध्यम से अंतिम रूप से चयन पूर्ण किया जायेगा।
- अंतिम रूप से चयनित सूची संबंधित वेबसाइट पर विद्यालय के लॉग–इन में उपलब्ध होगी जिसे विद्यालय के प्राचार्य द्वारा नामांकन उपरांत ऑनलाइन अद्यतन किया जायेगा।

PR 347776 Human Resource Developement (24-25)_D

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
नोडल पदाधिकारी, आर0टी0ई0, राँची

उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी, राँची

### डीसी ने समाहरणालय में बैठक कर की मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना की समीक्षा

# आरडीएसएस के लिए 152 गांवों और टोलों के विद्युत सुदृढ़ीकरण की योजना है तैयार

**सर्वे करने के बाद अतिरिक्त 331 स्थलों को विद्युत सुदृढ़ीकरण करने के लिए शामिल किया गया**

**समय पर काम पूरा करने और जरूरी इलाकों का सर्वे करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। जिसमें डीसी ने मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को काम को समय पर पूरा करने और जरूरत वाले इलाकों का अच्छी तरह से सर्वे करने का निर्देश दिया। बैठक में विद्युत अधिक्षण अभियंता एसके कश्यप ने बताया कि योजना के तहत विद्युत वितरण क्षेत्र के नवीनीकरण (आरडीएसएस) के लिए 152 गांवों और टोलो के विद्युत सुदृढ़ीकरण की योजना तैयार की गयी है। सर्वे करने के बाद अतिरिक्त 331 स्थलों को विद्युत सुदृढ़ीकरण करने के लिए शामिल किया गया है। समीक्षा के बाद डीसी ने प्रत्येक का भौतिक सत्यापन करने, कार्य में तेजी लाने और योजना के संबंध में जनप्रतिनिधियों के सुझावव प्राप्त करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कार्यपालक अभियंता प्रदीप विश्वकर्मा, भास्कर लकड़ा, निरसा, गोविंदपुर और झरिया के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

## जनता दरबार में आवास मालिकों ने की बिल्डर की शिकायत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा की अगुवाई में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी गयी। इसमें धैया के एक मल्टीस्टोरी अपार्टमेंट के फ्लैट मालिकों ने बिल्डर की शिकायत की। एडीएम को बताया कि मंगलवार सुबह बिल्डिंग के बेसमेंट में बिजली मीटर क्षेत्र में आग लग गई थी। जिस कारण वहां के 20 फ्लैट में रहने वाले लगभग 70 लोग आग और धुआं में फंस गए। एक महिला बेहोश भी हो गई। जबकि व्यक्ति चोटिल भी हुआ है। आरोप लगाया कि बिल्डिंग में फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है। आसपास के लोगों ने रेत फेंक कर आग पर काबू पाया। मीटर क्षेत्र में आग लगने के कारण



जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते एडीएन कानून व्यवस्था।

बिजली कट गई है। बिल्डिंग के निवासी बिना बिजली और पानी के रह रहे हैं। जबकि कॉमन एरिया का बिजली कनेक्शन बिल्डर के नाम पर है। जब बिल्डर को घटना की जानकारी देकर बिजली कनेक्शन रिस्टोर करने का अनुरोध किया गया तो उसने हाथ खड़े कर दिए और फोन भी उठाना बंद कर दिया। मामले पर संज्ञान लेकर एडीएम ने नगर निगम को इसकी जांच करने का निर्देश दिया। वहीं, निरसा की एक महिला ने बताया कि उनके पिता की मौत 10 साल पहले हो गई है। तब से उनके चाचा परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं। उनके घर की तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाकर निजता का हनन कर रहे हैं। उनकी जमीन पर एक मोबाइल टावर भी है। जिसका एग्रीमेंट 30 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। महिला ने सीसीटीवी कैमरा एवं मोबाइल टावर हटवाने की गुहार लगाई। जबकि बाघमारा से आए व्यक्ति ने बताया कि उनकी खतियानी जमीन पर कोयला माफिया द्वारा कोयला का अवैध खनन किया जा रहा है। एक महिला ने बताया कि भेलाटांड़ बरवाअड्डा में जमीन दलाल ने उसके पिता से डेढ़ लाख रुपया लेकर सीएनटी की जमीन दिल दी। इसके अलावा जनता दरबार में अबुआ आवास, ऑनलाइन रसीद नहीं काटने, मानसिक रूप से विक्षिप्त पति को रांची भेज कर इलाज कराने, कृषि भूमि पर कॉल डिपो खोलकर जबरन बाउंड्री वॉल बनाने, ऑनलाइन पंजी 2 में अंचल कार्यालय द्वारा गलत एंट्री कर देने, 11 फीट चौड़ी आम सड़क पर दिवाल बनाकर पीडीएस दुकान का मार्ग अवरूद्ध कर देने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

## रागिनी सिंह ने विस में उठाया झरिया में बढ़े प्रदूषण का मुद्दा



**धनबाद/झरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा सत्र के प्रश्नकाल के दौरान विधायक रागिनी सिंह ने मंगलवार को झरिया में व्याप्त प्रदूषण के मुद्दे को उठाया। कहा कि झरिया कोयला उत्खनन वाला क्षेत्र है, जहां विभिन्न उत्खनन कंपनियों द्वारा कोयला उत्खनन कर उत्पादन किया जा रहा है। इस कारण प्रतिदिन हजारों गाड़ियों का परिचालन क्षेत्र में होता है जिसमें प्रदूषण नियंत्रण नियमों का उल्लंघन हो रहा। नियमों को ताक पर रखकर क्षेत्र में गाड़ियों का परिचालन होता है जिससे क्षेत्र में घूल और प्रदूषण से लोगों का जीना मुहाल है। वर्णित क्षेत्र अति प्रदूषित होने के कारण बच्चों, बुजुर्गों सहित स्थानीय लोगों पर इसका व्यापक असर पड़ रहा और उन्हें गंभीर बीमारियां हो रही है। यदि सरकार दोनों बातों को स्वीकार करती है तो उससे वर्णित उत्खनन क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण नियमों के अनुरूप क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में गंभीरतापूर्वक विचार करने की मांग कर रही हूं। इस मुद्दे पर मंत्री जी द्वारा दिए गए उत्तर पर असंतोष जताते हुए वर्णित उत्खनन क्षेत्रों में उत्खनन कंपनियों पर प्रदूषण नियंत्रण नियमानुसार कार्य किए जाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की मांग की। वहीं, प्रश्नकाल की दूसरी पाली में विधायक ने झारखंड सरकार द्वारा झरिया मास्टर प्लान के तहत अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास एवं सुरक्षा की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में झरिया राज प्लस 2 उच्च विद्यालय के छात्रों के अध्ययन को लेकर उर्दू मध्य विद्यालय भगतडीह में स्थानांतरित किए जाने का मामला उठाया। कहा कि झरिया राज प्लस 2 उच्च विद्यालय को स्थानांतरित करने से करीब 1400 छात्र-छात्राओं को पठन पाठन में समस्या हो रही है। कहा कि स्थानांतरित किए गए उर्दू मध्य विद्यालय में पहले से ही इतने छात्र पढ़ रहे है। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों को पढ़ाई करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राज प्लस 2 उच्च विद्यालय को छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा व्यवस्था और उनके भविष्य को देखते हुए सुरक्षित क्षेत्र में नव विद्यालय भवन निर्माण किए जाने की मांग की।

## विधायक राज सिन्हा ने विस में उठाया सदर अस्पताल से मरीजों के रेफर करने का मुद्दा

आजाद सिपाही संवाददादा

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में सदर अस्पताल में महिला मरीजों एवं बच्चों को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया। बताया कि जिला मुख्यालय अंतर्गत सदर अस्पताल रेफरल अस्पताल बन गया है। फरवरी महीने में 400 मरीजों को रेफर किया गया। अस्पताल में संसाधन, महिला चिकित्सक, नर्स होते हुए भी प्रसूति महिलाओं को अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है, जिससे स्थानीय और गरीब महिलाओं को काफी कठिनाइयां होती हैं। सरकार से सदर अस्पताल से मरीजों को अन्य अस्पतालों में रेफर किए जाने की उच्च स्तरीय जांच करते हुए उक्त अस्पताल में महिलाओं और बच्चों की चिकित्सा व्यवस्था अविलंब दुरुस्त करायी जानी चाहिए, ताकि धनबाद की गरीब जनता का उचित और सही इलाज हो सके। इसके अलावा



विधानसभा में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से प्रश्न किया। पूछा कि राज्य गठन के बाद प्राथमिक, मध्य और माध्यमिक विद्यालयों के संसाधन युक्त होने के बावजूद 8353 स्कूल वैसे हैं जहां सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे ही विद्यालय संचालित हो रहा है। जबकि 4.10 लाख बच्चे नामांकित हैं। राज्य के 199 विद्यालय वैसे हैं जहां एक भी विद्यार्थी नामांकित नहीं है पर 398 शिक्षक कार्यरत हैं। एनसीटीई (नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन) की गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक वर्ष राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित होती है, लेकिन राज्य गठन के बाद वर्ष 2013 और 2016 में सिर्फ दो बार ही शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई। धनबाद के लाखों प्रशिक्षण प्राप्त कर अवसर की तलाश में इंतजार कर रहे युवक-युवतियों के मामले में झारखंड में आठ वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं हो पाया है। जबकि नियमावली बनकर तैयार है। उन्होंने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा जल्द से जल्द कराए जाने की मांग की। इसके अलावा बताया कि जिला औद्योगिक एवं खनिज पदार्थ उत्खनन वाला क्षेत्र है, जिसपर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों की आजीविका निर्भर है। पर पिछले एक वर्ष से मध्यम उद्योग में बढ़ोतरी हुई है, पर 34000 सूक्ष्म और लघु उद्योग में रोजगार में अप्रत्याशित कमी आई है। जबकि प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के तहत सरकार द्वारा छोटे उद्योग से 25 फीसदी माल खरीदने का प्रावधान है।

### प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत शिक्षक डॉ अवनीश झा ने किया कसमार में टोला भ्रमण

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री प्लस 2 उच्च विद्यालय के शंख हाउस समन्वयक डॉ अवनीश कुमार झा ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट टोला टैगिंग गतिविधि के तहत कसमार टोला का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालय के दर्जनों वर्तमान एवं पूर्व विद्यार्थियों से मुलाकात करने के बाद सभी को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

### नवाहन श्रीश्री राम चरित्र मानस पाठ एवं महायज्ञ के छठे दिन उमड़ा श्रद्धांलुओं का सैलाब

# यज्ञ करने से पूरे विश्व का कल्याण और भगवान खुश होते है: लोकेशानंद शास्त्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद अंतर्गत करगली गेट में बेरमो मानस सत्संग समिति की ओर से 67वां नवाहन श्रीश्री राम चरित्र मानस पाठ एवं महायज्ञ आयोजित किया गया है। जिसके छठे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। इसमें करगली गेट, रिवर्स साइड कॉलोनी, रीजनल कॉलोनी, अंबेडकर कॉलोनी, पुराना वीडियो ऑफिस, फुसरो, ढ़ोरी स्टाफ क्वार्टर, ढ़ोरी बस्ती, करगली बाजार, सुभाष नगर, जवाहर नगर, अमलो बस्ती, कारो, बेरमो सिम और तिरहुत नगर आदि स्थानों से श्रद्धालु परिक्रमा करने पहुंचे थे। यह 67वां मानस महायज्ञ उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित मिथिलाकुंज से आये मानस मर्मज्ञ वैष्णव संतस्वामी पूज्य





यज्ञाचार्य श्रीश्री 1008 राम बिहारी शरण जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हो रहा है। बिहार के मुंगेर के जमुई से पधारे श्री सदानंद मिश्रा और उनकी टीम द्वारा रामचरित मानस का पाठ कराने से करगली गेट सहित आसपास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया। देवघर के बैधनाथ धाम से पधारे पंडित मिथिलेश मोदगल्य ने रामचरितमानस का पाठ करवाये। वहीं, रविवार की रात उज्जैन से पधारे श्रीश्री लोकेशानंद शास्त्री जी द्वारा संगीतमय मानस परिवचन किया गया। उन्होंने मारीच बध, भगवान श्री राम और माता जानकी के विवाह का सुंदर चित्रण किया। साथ ही महर्षि विश्वामित्र द्वारा किये गये यज्ञ और प्रभु श्रीराम के राक्षसों से यज्ञ की सुरक्षा का सुंदर चित्रण किया। कहा कि यज्ञ करने से पूरे विश्व का कल्याण होता है और भगवान प्रशन्न होते है। तभी त्रेता युवा में भगवान श्री राम और द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने यज्ञ किये थे। संकल्प लेकर संसार कि खुशी के लिए यज्ञ कराया जाता है तो भगवान खुद यज्ञ कि सिद्धि करवाते है। उन्होंने कहा कि यज्ञ कई तरह के होते है। एक यज्ञ कुंड बनाकर तो एक ज्ञान यज्ञ होता है। वहीं, भूखे को भोजन कराना भी एक यज्ञ ही है। कहा कि जब आप अस्वस्थ होते हैं तो डॉक्टर अस्पताल में भर्ती करता है। जब आप जल्दी छुट्टी ले लेते हैं तो आपका घर में इलाज चलता है और दवा लेते हैं। ठीक उसी प्रकार कुछ लोग कहते है कि मैं दिन रात पूजा करता हूं और पड़ोसी गलत काम करता है, चोरी आदि करता है। फिर भी मैं खुश नहीं हूं और पड़ोसी गलत काम करके भी खुश है। तो ये आपके पुराने जन्मदिन का पाप है जिसका इस जन्म में आपको इलाज किया जा रहा है। भगवान ने आपको छुटी तो दे दी है, पर इलाज अभी भी चल रहा है। इस दौरान भक्तों ने प्रभु श्री राम और माता जानकी विवाह के बाद जमकर होली खेली। यह यज्ञ सात मार्च तक चलेगा। वहीं, मार्च को हवन, यज्ञ के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इसी दिन शाम को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। ‸४१७, कार्यक्रम से सफल आयोजन में यज्ञ के स्वागतध्यक्ष मनोज सिंह, सुशील सिंह, नितेश सिंह, अर्चना सिंह, निरंजन सिंह उर्फ रंजू, गजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रशांत सिंह, वीरेंद्र सिंह, शशिकांत सिंह, जितेंद्र सिंह महावीर महतो, उत्तम साव, बिरेंद्र महतो, उमाशंकर महतो आदि मुख्य योगदान रहा।


## प्रपत्र–VII

## गुमला समाहरणालय, गुमला

## ( भू- अर्जन शाखा )

## समाहर्त्ता/ अपर समाहर्त्ता –सह–समुचित सरकार

### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1)के अधीन)

ज्ञापांक – भू0अ0 दिनांक –

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना **अघरमा मोड (SH-03) से टकरमा –ससिया पथ का (लम्बाई 13.9 कि0मी0) पुननिर्माण कार्य ग्राम– कोचेडेगा, थाना–बसिया, थाना नं0–26, अंचल –बसिया, जिला –गुमला, कुल– 4.6125 एकड़ यानि 1.86740** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोणा किया जाता है उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन ने अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **4.6125 एकड़ यानि 1.86740** हेक्टेयर है और जो **ग्राम– कोचेडेगा, थाना–बसिया, थाना नं0–26, अंचल –बसिया, जिला –गुमला,** में है जिसका विवरण क्र0 सं0– 01 से 33 तक निम्नलिखित है:–

| क्र0सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भू–खण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 472 | रैयती | 0.02 | मझीयस। | अंश | सड़क | 493 | अंश |
| 2 | 2 | 493 | रैयती | 0.07 | वकास्त | अंश | सड़क | रास्ता | 472 |
| 3 | 4 | 583 | रैयती | 0.11 | मझीयस मालीक /निर्मल किन्डो वो राजे[illegible] किन्डो पिता लंगडा खड़िया वो जेवीयर खड़िया उर्फ किन्डो | सड़क | अंश | 670 | सड़क |
| | | 1664 | | 0.01 | | सड़क | 584 | 583 | 582 |
| | | 663 | | 0.01 | | सड़क | अंश | 662 | 664 |
| 4 | 5 | 662 | रैयती | 0.04 | वकास्त मालीक | सड़क | अंश | 661 | 662 |
| | | 582 | | 0.0425 | | सड़क | अंश | 1664 | 581 |
| 5 | 11 | 754 | रैयती | 0.12 | वकास्त मालीक | अंश | सड़क | 755 | 576 |
| | | 457 | | 0.04 | | रास्ता | सड़क | अंश | सड़क |
| 6 | 14 | 463 | रैयती | 0.13 | मझीयस मालीक | 462 | सड़क | अंश | सड़क |
| | | 665 | | 0.03 | | सड़क | अंश | 664 | 667 |
| | | 664 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 663 | 665 |
| 7 | 19 | 676 | रैयती | 0.04 | मझीयस मालीक | अश | सड़क | 754 | 675 |
| 8 | 22 | 667 | रैयती | 0.14 | वकास्त मालीक | सड़क | अश | 665 | 670 |
| | | 675 | | 0.05 | | अश | सड़क | 676 | 674 |
| | | 1665 | | 0.01 | | | | | |
| | | 674 | | 0.03 | | अश | सड़क | 675 | 1665 |
| | | CF | | 0.9125 | | | | | |
| | | BF | | 0.9125 | | | | | |
| 9 | 40 | 466 | रैयती | 0.29 | जुशफ मुण्डा वल्द सामुएल मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह/रोशन होरो वो नवेल होरो वो निरल होरो वो जुगल होरो पिता नसकल्यान मुंडा वो सलन मुंडा वो देवीड मुंडा पिता मसीदास मुंडा। | अश | सड़क | 467 | सड़क |
| | | 773 | | 0.165 | | सड़क | अश | 835 | 776 |
| | | 774 | | 0.055 | | सड़क | अश | 773 | 778 |
| | | 835 | | 0.06 | | सड़क | अश | 844 | 773 |
| 10 | 41 | 558 | रैयती | 0.10 | जुशफ मुण्डा वल्द सामुएल मुण्डा एक हीस्सा कौम मुण्डा वो मसीदास उरांव वो सामहल उरांव पेसरान प्रभुसहा कौम उरांव साकिन देह दो हिस्सा बहिस्सा बराबर। | सड़क | अश | 556 | 562 |
| 11 | 42 | 467 | रैयती | 0.13 | जुशफ मुण्डा वल्द सामुएल मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह/ रोशन होरो वो नवेल होरो वो निरल होरो वो जुगल होरो पिता नसकल्यान मुंडा वो सलन मुंडा वो देवीड मुंडा पिता मसीदास मुंडा। | अश | सड़क | सड़क | अश |
| 12 | 44 | 552 | रैयती | 0.11 | जयचन्द सिंह वो शम्मु सिंह वो जयमंगल सिंह पेसरान झमन सिंह वहीसा बराबर कौम रैतिया साकिन देह/फुलमनी देवी पति राधे साधु | सड़क | अश | 551 | सड़क |
| 13 | 46 | 536 | रैयती | 0.08 | जोहन मुण्डा वल्द नयन सुख मुण्डा वो मसोमात सनतोखी जौजे जकरीआ कौम मुण्डा साकिन देह बहिस्सा बराबर। | सड़क | अश | 581 | 537 |
| 14 | 53 | 556 | रैयती | 0.025 | टेरया साह वो वचन साह वो पति साह पेसरान सुखु साह तीन हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम तेली साकीन देह वो बीडरा साह वल्द सामु साह एक हिस्सा कौम तेली साकीन सालेगुटु। | सड़क | अश | 554 | 558 |
| 15 | 57 | 840 | रैयती | 0.03 | सुटवा खड़िया पिता दुति खड़िया वो मुन्ना खड़िया वो पाकु खड़िया वो सोमरा खड़िया पिता लुडु खड़िया वो टोया खड़िया बो सुकरू खड़िया वो मंगरा खड़िया वो भानी खड़िया पिता ढिरू खड़िया वो मंगरा केरकेटा पिता इन्दा खड़िया वो सुनील केरकेटा वो सुमीत केरकेटा वो अरपीत केरकेटा पिता सनीका खड़िया। | अंश | सड़क | 844 | 838 |
| | | 555 | | 0.06 | | सड़क | अंश | 554 | सड़क |
| | | 561 | | 0.10 | | सड़क | अंश | 562 | 560 |
| | | 562 | | 0.06 | | सड़क | अंश | 558 | 561 |
| | | 551 | | 0.05 | | सड़क | अंश | 541 | 552 |
| | | 541 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 540 | 551 |
| 16 | 59 | 1630 | रैयती | 0.09 | दुखा खड़िया वो गन्दुरा खड़िया वो तुईया खड़िया पेसरान बिरसा खड़िया कौम खड़िया साकीन देह बहिस्सा बराबर। | अंश सड़क | अंश | 1634 | 1629 |
| 17 | 61 | 581 | रैयती | 0.025 | नेपाल सिंह वो जगतपाल सिंह वो रघुनान्दन सिंह पेसरान बैजनाथ सिंह एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो लीलाम्बर सिंह वो सिब सिंह वो सोमनाथ सिंह वो शम्मु सिंह पेसरान गुलाब सिंह एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो दुलार सिंह वल्द हरीनाथ सिंह एक हीस्सा कौम रैतिया साकिन देह। | सड़क | अंश | 582 | 536 |
| 18 | 63 | 560 | रैयती | 0.05 | पतरस मुण्डा वो मोहन मुण्डा पेसरान नैनसुख मुण्डा कौम मुण्डा साकीन देह व हिस्सा बराबर। | सड़क | सकिया | सड़क | सकिया |
| 19 | 65 | 837 | रैयती | 0.02 | पतरस मुण्डा वो जोहन मुण्डा पेसरान नयनसुख मुण्डा कौम मुण्डा साकीन देह बहिस्सा बराबर। | अश | सड़क | 838 | सिमाना |
| 20 | 74 | 672 | रैयती | 0.02 | बीकरम सिंह वो तपेश्वर सिंह पेसरान हरीहर सिंह एक हिस्सा बहिस्सा बारबर वो लोचन सिंह वल्द धाधु सिंह एक हिस्सा वो मसोमात लालो कुवर जैजे जटा सिंह एक हिस्सा कौम रैतिया साकीन देह। | अश | सड़क | 1665 | रास्ता |
| 21 | 80 | 838 | रैयती | 0.03 | विशुन भण्डारी वल्द कामील भण्डारी कौम नगेसिया साकीन देह। | अश | सड़क | 837 | 840 |
| 22 | 84 | 1622 | रैयती | 0.07 | विजय धनवार वो सिवेस्टर धनवार पिता मंगरा खड़िया वो अनुप धनवार वो मुकुल धनवार पिता पिटर धनवार वो सन्तोश धनवार वो ऐरिक धनवार पिता राफेल धनवार वो अजीत धनवार वो जोवाकिम धनवार वो लवरेन्तुस धनवार पिता देवनीस धनवार। | अंश | सड़क | दलमादी | |
| 23 | 85 | 507 | रैयती | 0.055 | लेदुनाथ सिंह पिता रामलगन सिंह वो अरूण सिंह वो रूपेश सिंह वो रितेश सिंह पिता राजेन्द्र सिंह वो फिरू सिंह पिता बुधु सिंह वो गोर्वधन सिंह पति मणि सिंह। | अंश | सड़क | सड़क | अंश |
| | | 661 | | 0.11 | | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 24 | 97 | 844 | रैयती | 0.54 | मांगा खड़िया वो मोड़ी खड़िया वो नादा खड़िया पेशरान बुधु खड़िया एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो हरेठा खड़िया वो सोमरा खड़िया पेशरान पुसा खड़िया एक हिस्सा बहीस्से बराबर वे टोरो खड़िया वल्द फागु खड़िया कौम खड़िया साकिन देह/लुदिया केरकेटा माता टोमि खड़ियाईन | ठोरीखड़िया अंश | सड़क अंश | 847 | 835 |
| | | 851 | | 0.35 | | अंश सड़क | अंश सड़क | 849 | 844 |
| | | 1629 | | 0.08 | | सड़क अंश | अंश | 1620 | 851 |
| | | 1634 | | 0.09 | | सड़क | अंश | 1635 | 1629 |
| | | 1635 | | 0.16 | | सड़क | अंश | 1624 | 1634 |
| 25 | 98 | 1624 | रैयती | 0.05 | मांगा खड़िया वो मोडी खड़िया वो नादा खड़िया पेशरान बुधु खड़िया एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो हरेठा खड़िया वो सोमरा खड़िया पेशरान फुशा खड़िया एक हिस्सा बहीशे बराबर वे टोरी खड़िया वल्द फागु खड़िया कौम खड़िया साकिन देह/ लुदिया केरकेटा माता टोमि खड़ियाईन | अंश | अंश सड़क | 1626 | 1635 |
| | | 1623 | | 0.02 | | अंश | सड़क | 1636 | 1635 |
| 26 | 105 | 849 | रैयती | 0.18 | कलावती कुमारी पिता मधुसुदन सिंह वो चमन सिंह पिता सिंधु सिंह। | सड़क | अंश | 850 | 851 |
| | | 850 | | 0.05 | | सड़क | अंश | 1631 | 849 |
| 27 | 106 | 1638 | रैयती | 0.14 | रामनाथ सिंह वल्द मंगरा राम कौम रैतिया साकीन देह। | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 28 | 122 | 765 | रैयती | 0.04 | सुलेमान मुण्डा वो सन्तोख मुण्डा पेसरान जकरीआ मुण्डा कौम मुण्डा साकीन देह बहिस्सा बराबर। | 757 | सड़क | अंश | सड़क |
| 29 | 123 | 756 | रैयती | 0.01 | अन्तुर जोजो वो करलुस जोजो पिता मनसीद मुंडा वो करलुस जोजो वो अंतुर जोजो पिता मनसीद जोजो वो सेबियन जोजो पिता जोसेफ जोजो वो सुनीता जोजो वो रशमी जोजो पिता सुरजीत जोजो | अंश | सड़क | 757 | 755 |
| | | 757 | | 0.02 | | अंश | सड़क | 764 | 756 |
| | | 778 | | 0.10 | | सड़क | अंश | 774 | रास्ता |
| 30 | 133 | 537 | रैयती | 0.015 | बिशनु भण्डारी वल्द कमल भण्डारी कौम नगेसीया साकीन देह | सड़क | अंश | 536 | 538 |
| 33 | 137 | 465 | रैयती | 0.05 | मझीयस मालीक | 463 | 466 | अंश | सड़क |
| | कुल रकबा | | | 4.6125 | | | | | |

यदि अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या 30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:–शून्य

**ग्राम– कोचेडेगा, थाना–बसिया, थाना नं0–26, अंचल –बसिया, जिला –गुमला, कुल– 4.6125 एकड़ यानि 1. 86740 हेक्टेयर**

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेशभाग में पड़े कोयला खदान, लौह–पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज है, ऐसे भागो में पड़े खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर आवश्यक नहीं है।

**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के** कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:– शून्य है।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी गुमला। | अपर समाहर्त्ता गुमला। | उपायुक्त गुमला।

PR 347687 (Land Reforms)24-25*D

## मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की

# पीएम सूर्य घर योजना में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने पर दिया बल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सोमवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने लोकसभा भवन में ऊर्जा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में आगामी गर्मियों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं पीएम सूर्य घर योजना में राज्य के अधिक लोगों को शामिल करने पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग का बजट व्यय कम से कम 85 प्रतिशत करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मियों के दौरान आमतौर पर ओवरलोडिंग की समस्या के कारण बिजली कटौती होती है। उन्होंने इससे निपटने के लिए फीडरों और ट्रांसफार्मरों को अपग्रेड करने पर जोर दिया। उन्होंने बिजली आपूर्ति क्षेत्र में एक मजबूत बैकअप व्यवस्था के लिए भी कहा। उन्होंने सुझाव दिया कि पीक आवर की मांग को पूरा करने के लिए विभिन्न बिजली उत्पादक कंपनियों के साथ परामर्श करके राज्य में पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां जरूरत होगी, केंद्र सरकार से मदद लेने के कदम उठाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिजली कटौती के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को पूरी तरह से कार्यात्मक बनाने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने राज्य में कार्यरत सभी बिजली वितरण कंपनियों को गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सतर्क रहने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने विभागीय सचिव को सरकारी कार्यालयों में बिजली की अनावश्यक बबार्दी रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में सरकारी कार्यालयों में सेंसर नियंत्रित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग का आह्वान किया। पीएम सूर्य घर योजना में अधिक लोगों को शामिल करने के लिए राज्य में बड़े पैमाने पर सूचना अभियान चलाने को मुख्यमंत्री ने कहा। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री कनक वर्धन सिंह देव, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य प्रशासनिक सचिव निकुंज बिहारी धल, बिजली विभाग के प्रधान प्रशासनिक सचिव विशाल देव, ओपीटीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भास्कर ज्योति शर्मा, राज्य की सभी चार बिजली वितरण कंपनियों के सीइओ और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पंचायतीराज दिवस 5 मार्च को नहीं बल्कि 24 अप्रैल को मनाया जायेगा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में हर साल पांच मार्च को पंचायतीराज दिवस मनाया जाता है। हालांकि, हर साल 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन विभिन्न राज्यों के पंचायत प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार, महात्मा गांधी निश्चित कर्म नियुक्ति योजना पुरस्कार आदि दिये जाते हैं। पंचायती राज दिवस समारोह को राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर इस असमानता को दूर करने के लिए, राज्य सरकार ने ओड़िशा में पांच मार्च के बजाय 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस मनाने का फैसला किया है। 24 अप्रैल को लोक सेवा दिवस भी मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पांच मार्च को ओड़िशा के महान भूमिपुत्र बीजू पटनायक की जयंती है। राज्य सरकार ने इसे भव्य तरीके से मनाने का फैसला किया है। हालांकि, इस दिन को सार्वजनिक अवकाश के रूप में नहीं मनाया जायेगा।

## मुख्यमंत्री ने मृतक के परिवार वालों को चार लाख रुपये सहायता की घोषणा की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राज्य के विभिन्न हिस्सों में फॉरेस्टर, फॉरेस्ट गार्ड और लाइव स्टॉक इंस्पेक्टर पदों की भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा के दौरान क्योंझर के व्योमकेश नायक और सुंदरगढ़ के प्रवीण कुमार पंडा की मृत्यु हो गयी। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने गहरा दुख व्यक्त किया है और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। यह सहायता मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जायेगी।**

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट अंगुल कप का समापन



**भुवनेश्वर।** अंगुल बासंती वॉलीबॉल ट्रस्ट द्वारा आयोजित अखिल भारतीय आमंत्रण वॉलीबॉल टूर्नामेंट, अंगुल कप 2025 समापन। एक और दो तारीख को दो दिनों तक आयोजित इस टूनामेंट में राज्य और राज्य के बाहर की छह टीमों ने भाग लिया। जिसमें किट भुवनेश्वर की टीम सेमीफाइनल में हरियाणा स्पाइकर्स, सूर्यसिखा भद्रक और बासंती वॉलीबॉल टीम को हराकर फाइनल में पहुंची। कड़े फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया और 3-2 सेटों में किट भुवनेश्वर ने भद्रक की सूर्यशिखा को हराकर जीत हासिल की। इस उद्याजापनी अवसर पर अंगुल जिला खेल अधिकारी अक्षय कुमार सिठ मुख्य अतिथि थे, जबकि बासंती दुर्गा पूजा के अध्यक्ष शक्ति प्रसाद पटनायक, उपाध्यक्ष यतिन सेठी, आइनजीबी प्रदीप देबता, संपादक गौर गोबिंद सामंत सम्मानित अतिथि थे। चैंपियन टीम को ट्रॉफी के साथ 25 हजार रुपये और उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 15 हजार रुपये दिये गये। भद्रक के भैरव महापात्र को मैन ऑफ द मैच और किट के सार्थक को प्लेयर ऑफ द टूनामेंट चुना गया, जबकि भद्रक के ए राजू को बेस्ट सेटर का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर जिले के पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी ललित प्रधान को बासंती खेल पिलर, चैतन्य प्रधान को बासंती खेल रत्न, शरत चंद्र पाणी को बासंती खेल केशरी, पूर्व कोच और जिला खेल पदाधिकारी महेंद्र साहू को बासंती खेल शिरोमणि से सम्मानित किया गया। बासंती वॉलीबॉल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रताप माझी, सचिव रश्मीरंजन प्रधान, कोच दिव्यरंजन बेहेरा, कोषाध्यक्ष समरेश नाथ, नौशद अली ने ट्रस्ट के सदस्यों के साथ प्रतियोगिता का संचालन किया।

## पुलिस ने दुर्दांत अपराधी का किया एनकाउंटर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर पुलिस ने दुर्दांत अपराधी महेश कुमार शर्मा उर्फ गुडु का एनकाउंटर किया। महेश के बाएं पैर में गोली लगी। उन्हें बुर्ला मेडिकल में भर्ती कराया गया है, पुलिस पहले से ही महेश पर नजर रख रही थी। सोमवार को अपराह्न 3 बजे के आस पास अक्षय कुमार से महेश ने बंदूक की नोक पर 45,000 रुपये की लूट कर फरार हो गया था। शख्स द्वारा अइंठापाली थाने में शिकायत करने के बाद पुलिस महेश को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी। मंगलवार को सुबह 5:00 बजे पुलिस को पता चला कि महेश अइंठापाली पुलिस स्टेशन लमडूंगुरी मंदिर के पास है। बाद में पुलिस ने महेश को गिरफ्तार करने के लिए सुबह 5.40 वहां पहुंच गये। महेश ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग भी की। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की और महेश के बाएं पैर में गोली लगी। महेश को गंभीर हालत में बुर्ला मेडिकल में भर्ती कराया गया है। महेश के खिलाफ संबलपुर और बरगड थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से एक बंदूक और 40,000 रुपये एक बाइक के साथ घटनास्थल से दो खोखा भी बरामद किये गये हैं।

## 68वीं अखिल भारतीय रेलवे ने टी-20 पुरुष क्रिकेट चैंपियनशिप (एलीट पूल-ए) 2024-25 का उद्घाटन



**खोरधारोड (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड द्वारा आयोजित 68वीं अखिल भारतीय रेलवे टी-20 पुरुष क्रिकेट चैंपियनशिप (एलीट पूल-ए) 2024-25 का उद्घाटन, पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन स्टेडियम में किया गया। खोरधारोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा द्वारा टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। एलीट पूल-ए लीग मैचों में कुल 6 रेलवे जोन अर्थात उत्तर मध्य रेलवे, पूर्व रेलवे, मेट्रो रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और पूर्व तट रेलवे भाग ले रहे हैं। खोरधारोड रेलवे स्टेडियम में दिनांक 04.03.2025 से 10.03.2025 तक इन छह जोन के बीच कुल 15 लीग मैच आयोजित किए जायेंगे। इस अवसर पर एचएस बाजवा ने सभी छह टीमों को उनकी पूर्ण भागीदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पूल-ए टूनामेंट की मेजबानी पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड के लिए एक विशेषाधिकार है। भारतीय रेलवे चार अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न क्षेत्रों की 27 टीमों के लिए विभिन्न लीग मैचों का आयोजन कर रहा है, जिसमें खोरधारोड में पूल-ए, कपूरथला में पूल-बी, पटियाला में पूल-सी और गुवाहाटी में पूल-डी शामिल हैं। आज का पहला लीग मैच उत्तर मध्य रेलवे और पूर्व तट रेलवे के बीच हुआ। पूर्व तट रेलवे ने 6 रन से मैच जीत लिया। पूर्व तट रेलवे के अंकित यादव मैन ऑफ द मैच बने। मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी खोरधारोड मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक(परिचालन), पीके बेहरा, द्वारा प्रदान की गयी। आज का दूसरा लीग मैच पूर्व रेलवे और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बीच हुआ । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 7 विकेट से मैच जीत लिया।







## 200 से अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों ने एसओए में राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में भाग लिया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 11 राज्यों से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने 21 से 27 फरवरी तक यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) में आयोजित एक सप्ताह के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में भाग लिया। शिविर का आयोजन एसओए और एनएसएस के भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय निदेशालय ने संयुक्त रूप से किया था। शिविर में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, असम, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के एनएसएस स्वयंसेवकों और ओडिशा के 15 विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। एसओए सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष और एआइसीटीइ के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर दामोदर आचार्य ने भाग लिया। कार्यक्रम में एनएसएस की क्षेत्रीय निदेशक सरिता पटेल, एसओए के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंदा, एसओए के अंतर्राष्ट्रीय संबंध और विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम के निदेशक प्रो नचिकेता के शर्मा और एसओए के डीन (छात्र कल्याण) प्रो ज्योति रंजन दास भी उपस्थित थे।

# एनटीपीसी ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने सुरक्षित कार्यस्थल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के उद्देश्य से कई पहलों के साथ 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत एनटीपीसी कर्मचारियों, सीआइएसएफ कर्मियों, सहयोगियों और अनुबंध श्रमिकों की उपस्थिति में संयंत्र परिसर में सुरक्षा ध्वज फहराने के साथ हुई, जो सुरक्षा उत्कृष्टता के प्रति स्टेशन के समर्पण का प्रतीक है। कर ने सभा को सुरक्षा शपथ दिलाकर कार्यवाही का नेतृत्व किया और सभी से अपने पेशेवर कर्तव्यों और दैनिक जीवन में सुरक्षा प्रथाओं को एकीकृत करने का आग्रह किया। अपने संबोधन में, उन्होंने सभी संयंत्र परिचालनों में सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने संविदा कर्मियों सहित प्रत्येक विभाग से स्थापित सुरक्षा ढांचे का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। सुरक्षा पर जोर देते हुए, आशुतोष विश्वास महाप्रबंधक (ऑपरेशन) ने कार्यस्थल को सुरक्षित बनाये रखने में कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने परिचालन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं और हर स्तर पर सक्रिय जोखिम प्रबंधन की आवश्यकता पर चर्चा की। पावेल सरकार एजीएम (सुरक्षा) और उनकी टीम के नेतृत्व में सुरक्षा विभाग, जिन्होंने कार्यक्रम का समन्वय किया, ने दिन के उद्देश्यों को रेखांकित किया, सुरक्षा मानकों को बढ़ाने और अपने कार्यबल के बीच सुरक्षा-प्रथम की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी के चल रहे प्रयासों को दोहराया। एक ज्ञान-साझाकरण मंच भी आयोजित किया गया था, जो प्रभावी सुरक्षा प्रथाओं पर अंतर्दृष्टि का आदान-प्रदान करने के लिए संविदा कर्मियों, सहयोगियों और साइट संलग्नता टीमों के लिए एक मंच प्रदान करता था। एनटीपीसी बोंगाईगांव में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गयी, जो स्टेशन की भावना को दर्शाता है।

## खोरधारोड मंडल ने 'यूटीएस मोबाइल ऐप' को बढ़ावा देने के लिए चलाया अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधारोड।** खोरधारोड मंडल ने यूटीएस मोबाइल ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने और दैनिक यात्रियों को मोबाइल टिकटिंग का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) मोबाइल ऐप, भारतीय रेलवे का एक सरकारी मोबाइल टिकटिंग एप्लिकेशन है, जो ट्रेन यात्रियों को अपने स्मार्टफोन का उपयोग करके ट्रेनों के माध्यम से यात्रा के लिए अनारक्षित टिकट बुक करने की अनुमति देता है। टिकट खरीदने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के बजाय, यात्री मोबाइल ऐप पर यूटीएस के माध्यम से पेपरलेस यात्रा टिकट, सीजन टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं और टिकट मोबाइल एप्लिकेशन में ही वितरित किया जायेगा। टिकटों के लिए भुगतान नेट-बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ यूपीआइ/ वॉलेट आदि के माध्यम से डिजिटल होगा। यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग के लिए आर-वॉलेट रिचार्ज पर 3% बोनस की पेशकश की अपनी लोकप्रिय योजना का विस्तार किया है। खोरधारोड मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, अनील कुमार एसके मार्गदर्शन में यूटीएस को मोबाइल ऐप पर बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किये गये हैं। ुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को यूटीएस मोबाइल ऐप के दिशा-निर्देशों वाले पर्चे वितरित किए जा रहे हैं।

## शारीरिक परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी का मौत

**भुवनेश्वर।** शारीरिक परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी का मौत। ऐसी ही एक दुःखद घटना मंगलवार को सुंदरगढ़ में घटी। मंगलवार को खबर आई कि यह घटना ओएसएससी की फिजिकल परीक्षा के दौरान हुई। आरोप है कि रनिंग के दौरान ही परीक्षार्थी की मौत हो गयी। यह फिजिकल टेस्ट फॉरेस्ट गार्ड, फॉरेस्टर और पशुपालन निरीक्षकों पदों के लिए आयोजित किया गया था। मृतक की पहचान राउरकेला के बैच नंबर ए 02 प्रवीण कुमार पंडा के रूप में हुई है। फॉरेस्ट गार्ड, फॉरेस्टर के पदों के लिए परीक्षा दे रहे थे। सूचना के अनुसार भबानीपुर से बारगाड तक 25 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेते हुए सदर पुलिस स्टेशन किरेइ के पास बेहोश हो गया। उन्हें तुरंत बचाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**